मंगलवार, 12 मई 2026
मौसम
तापमान 26 – 34
आर्द्रता 70%
सूर्योदय: 04:58 सूर्यास्त: 18:07

विश्वानि देव सवितर्दुरितानि परासुव। यद् भद्रं तन्न आ सुव।।
Epaper.samagya.in
# समाज्ञा



टीसीएस यौन उत्पीड़न–जबरन धर्मांतरण मामले में आरोपी निदा खान को न्यायिक हिरासत में भेजा गया पृष्ठ 7

स्थानीय खबरें पृष्ठ तीन, चार और पांच पर
कोलकाता, ज्येष्ठ कृष्णपक्ष दशमी, वि.स. 2082, पृष्ठ 8, मूल्य 3.00 रुपये
सुविचार : दूसरे का शुभ सोचते ही शांति और आनन्द अपने जीवन में आने लगता है।




# शुभेंदु सरकार की पहली कैबिनेट में 6 बड़े फैसले

## सीमा सुरक्षा से महिलाओं तक कई ऐलान



**कोलकाता, समाज्ञा :** बंगाल में भाजपा की नई सरकार बनने के बाद मुख्यमंत्री शुभेंदु अधिकारी की अध्यक्षता में सोमवार को हुई कैबिनेट (राज्य मंत्रिमंडल) की पहली बैठक में ही कई बड़े फैसले लिए गए और विभिन्न महत्वपूर्ण प्रस्तावों को मंजूरी दी गई। सीमा सुरक्षा से जुड़े सबसे महत्वपूर्ण फैसले में भारत– बांग्लादेश सीमा पर बिना बाड़ रहित क्षेत्रों में तारबंदी के लिए सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) को जमीन आवंटन के प्रस्ताव को मंत्रिमंडल ने मंजूरी दी है।

### बीएसएफ को जरूरी जमीन हस्तांतरण का काम 45 दिनों पूरा होगा : शुभेंदु

पहली कैबिनेट बैठक के बाद मुख्यमंत्री शुभेंदु अधिकारी ने पत्रकारों से बातचीत में कहा कि चुनावी संकल्प पत्र में किए गए वादों के अनुसार, अंतरराष्ट्रीय सीमा पर बाड़ लगाने के लिए बीएसएफ को जरूरी जमीन हस्तांतरण का काम 45 दिनों के भीतर पूरा कर लिया जाएगा। अधिकारी ने कहा कि भूमि हस्तांतरण की प्रक्रिया सोमवार से शुरू होगी और 45 दिन के अंदर पूरी की जाएगी।

### राज्य में लागू होंगी आयुष्मान भारत समेत केंद्र की कई योजनाएं

एक और महत्वपूर्ण निर्णय में केंद्र सरकार की महत्वाकांक्षी आयुष्मान भारत स्वास्थ्य योजना और कई अन्य केंद्रीय योजनाएं– पीएम विश्वकर्मा योजना, बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ आदि को सोमवार से ही लागू करने की घोषणा की। केंद्र की इन योजनाओं को पूर्ववर्ती ममता बनर्जी सरकार ने लागू नहीं किया था। इसके अलावा, शुभेंदु ने बताया कि मंत्रिमंडल ने स्कूलों में नौकरी सहित राज्य की सरकारी नौकरियों के आवेदकों की आयु सीमा में पांच साल की बढ़ोतरी के एक प्रस्ताव को भी मंजूर कर लिया जैसा कि चुनाव प्रचार के दौरान केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने वादा किया था।

### राजनैतिक हिंसा में मारे गए 321 पार्टी कार्यकर्ताओं के परिवारों का दायित्व उठाएगी सरकार

इसके अलावा, शुभेंदु ने बताया कि राजनैतिक हिंसा में मारे गए 321 पार्टी कार्यकर्ताओं के परिवारों का दायित्व राज्य सरकार उठाएगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि मंत्रिमंडल ने निर्णय लिया है कि राज्य सरकार इन परिवारों के साथ खड़ी रहेगी और उन्हें विभिन्न सरकारी योजनाओं के लाभ दिलाया जाएगा। शुभेंदु ने यह भी स्पष्ट किया कि राज्य में पहले से चल रहे सामाजिक प्रकल्प बंद नहीं किए जाएंगे। ये योजनाएं चालू रहेंगी।

### नए अपराधिक कानून भी तत्काल प्रभाव से लागू

शुभेंदु ने पूर्ववर्ती तृणमूल कांग्रेस सरकार पर संविधान का उल्लंघन करते हुए भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) लागू नहीं करने का आरोप लगाते हुए कहा कि मंत्रिमंडल ने राज्य में नए अपराधिक कानून को भी सोमवार से ही लागू करने का फैसला किया है। इसके अलावा उन्होंने कहा कि पिछली सरकार ने केंद्रीय गृह मंत्रालय के जनगणना संबंधी जून 2025 के परिपत्र की अनदेखी की। बंगाल सरकार के मंत्रिमंडल ने इसे तत्काल लागू करने की स्वीकृति दे दी है। इसके अतिरिक्त मुख्यमंत्री ने कहा कि मंत्रिमंडल ने प्रशासनिक सुधार को राष्ट्रीय और राज्य कैडर के अधिकारियों के लिए केंद्र सरकार के प्रशिक्षण से जोड़ने के लिए कदम उठाने के संबंध में मुख्य सचिव को अधिकृत किया है।

### 'सरकारी योजनाएं चलती रहेंगी, मृत लोगों को नहीं मिलेगा लाभ'

सत्ता परिवर्तन के बाद राजनीतिक हलकों में चर्चा थी कि क्या पूर्ववर्ती सरकार की सामाजिक योजनाएं जैसे लक्ष्मी भंडार और स्वास्थ्य साथी बंद कर दी जाएंगी। हालांकि, मंत्रिमंडल की पहली बैठक के बाद मुख्यमंत्री शुभेंदु अधिकारी ने स्पष्ट कर दिया कि राज्य में किसी भी सरकारी योजना का लाभ बंद नहीं किया जाएगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य की सभी सरकारी योजनाएं पहले की तरह जारी रहेंगी। हालांकि, हर योजना में पारदर्शिता लाई जाएगी। उन्होंने कहा कि किसी भी मृत व्यक्ति को योजनाओं का लाभ नहीं मिलेगा और किसी भी 'गैर भारतीय' व्यक्ति को सामाजिक योजनाओं का फायदा नहीं दिया जाएगा।

### चुनाव प्रक्रिया में सहयोग के लिए सभी हितधारकों का जताया आभार

सीएम ने कहा कि मंत्रिमंडल ने हाल में राज्य में विधानसभा चुनाव के हिंसा मुक्त, शांतिपूर्ण व पारदर्शी तरीके से संपन्न होने व इसमें सहयोग के लिए सभी हितधारकों– मतदाताओं से लेकर चुनाव आयोग, केंद्रीय बलों, पुलिस, पर्यवेक्षकों और राजनीतिक दलों के प्रति भी आभार व्यक्त किया।

### आज असम के मुख्यमंत्री के शपथ ग्रहण समारोह में जाएंगे शुभेंदु

नए मुख्यमंत्री शुभेंदु मंगलवार को असम में हिमंत बिस्वा सरमा के दूसरी बार मुख्यमंत्री के रूप में शपथ ग्रहण समारोह में शामिल होंगे। शुभेंदु सुबह 8:25 बजे विशेष विमान से गुवाहाटी के लिए रवाना होंगे।

## मुख्यमंत्री के रूप में पहली बार नवान्न पहुंचे शुभेंदु अधिकारी, मिला गार्ड ऑफ ऑनर



मुख्यमंत्री शुभेंदु अधिकारी ने शपथ ग्रहण के बाद पहली बार राज्य सचिवालय नवान्न का दौरा किया, जहां कोलकाता पुलिस कर्मियों ने उन्हें गार्ड ऑफ ऑनर दिया। हालांकि, राज्य सरकार का संचालन ऐतिहासिक राइटर्स बिल्डिंग से करने की योजना है, लेकिन वहां मरम्मत और तैयारियों का कार्य भी पूरा नहीं होने के कारण कैबिनेट की पहली बैठक नवान्न में आयोजित की गई।

## महिलाओं को हर महीने 3000 रुपये–बसों में फ्री सफर

मुख्यमंत्री शुभेंदु अधिकारी ने अपनी सरकार के पहले ही कार्यदिवस पर महिलाओं के लिए घोषणाओं की झड़ी लगा दी है। सोमवार को नवान्न में आयोजित कैबिनेट की पहली बैठक के बाद राज्य सचिवालय के सभागार में भाजपा विधायकों के साथ बैठक के दौरान शुभेंदु अधिकारी ने महिलाओं को भत्ता व मुफ्त यात्री को लेकर जानकारी दी। सूत्रों के मुताबिक, आगामी एक जून से महिलाओं के बैंक खातों में 'अन्नपूर्णा भंडार' योजना के तहत 3,000 रुपये की राशि आनी शुरू हो जाएगी। वहीं, महिलाओं को सरकारी बस में अब किराया नहीं देना होगा। चुनाव प्रचार के दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और गृह मंत्री अमित शाह ने 'अन्नपूर्णा भंडार' का जो वादा किया था, नई सरकार ने उसे प्राथमिकता के आधार पर लागू कर दिया है।

## मुख्यमंत्री शुभेंदु अधिकारी ने पांच मंत्रियों को विभागों का किया आवंटन



मुख्यमंत्री शुभेंदु अधिकारी ने सोमवार को अपनी मंत्रिपरिषद के पांच सदस्यों के बीच विभागों का बंटवारा कर दिया। एक सरकारी आदेश में कहा गया है कि भाजपा के वरिष्ठ नेता दिलीप घोष को पशु संसाधन विकास और कृषि विपणन के साथ–साथ पंचायत और ग्रामीण विकास विभाग का प्रभार दिया गया है। इसमें कहा गया है कि अग्निमित्रा पॉल को महिला एवं बाल विकास एवं समाज कल्याण विभाग और नगरपालिका मामलों का प्रभार दिया गया है, जबकि अशोक कीर्तनिया को खाद्य एवं आपूर्ति एवं सहकारिता विभाग सौंपे गये। आदेश के अनुसार, खुदीराम टुडू को जनजातीय विकास, पिछड़ा वर्ग कल्याण और अल्पसंख्यक मामलों तथा मदरसा शिक्षा विभाग का मंत्री बनाया गया। निसिथ प्रमाणिक को उत्तर बंगाल विकास विभाग के साथ–साथ युवा एवं खेल विभाग की भी जिम्मेदारी सौंपी गई। अधिसूचना में कहा गया है कि बाकी विभागों का कामकाज मुख्यमंत्री शुभेंदु अधिकारी देखेंगे।

### संजीव सान्याल को मिल सकती है अहम जिम्मेदारी

चर्चा है कि अर्थशास्त्र के जानकर संजीव सान्याल को वित्त विभाग की अहम जिम्मेदारी मिल सकती है। हालांकि, वे विधायक नहीं हैं। सान्याल अर्थशास्त्र के जानकार हैं। साथ ही, भारत सरकार में फाइनेंस से जुड़ी कई जिम्मेदारी संभाल रहे हैं और पहले भी संभाल चुके हैं। सान्याल मूलतः बंगाल के निवासी हैं।

## राज्य के सीईओ मनोज अग्रवाल को मुख्य सचिव किया गया नियुक्त



**कोलकाता, समाज्ञा :** पश्चिम बंगाल के मुख्य निर्वाचन अधिकारी (सीईओ) मनोज अग्रवाल को राज्य के मुख्यमंत्री शुभेंदु अधिकारी के नेतृत्व वाली भाजपा सरकार का मुख्य सचिव नियुक्त किया गया है। सोमवार को जारी एक आधिकारिक आदेश में यह जानकारी दी गई। आदेश के अनुसार, 1990 बैच के पश्चिम बंगाल कैडर के भारतीय प्रशासनिक सेवा (आईएएस) अधिकारी अग्रवाल ने विधानसभा चुनाव से पहले निर्वाचन आयोग द्वारा कराए गए विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) का नेतृत्व किया था। आदेश में कहा गया है कि मौजूदा मुख्य सचिव दुष्यंत नरियाला को नयी दिल्ली में प्रमुख स्थानीय आयुक्त नियुक्त किया गया है।

# दुनिया की कोई ताकत भारत को झुका नहीं सकती, दबाव में नहीं ला सकती : पीएम मोदी

## सोमनाथ मंदिर में अमृत महोत्सव के तहत की पूजा–अर्चना



**सोमनाथ :** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सोमवार को 1998 के पोखरण परमाणु परीक्षण का जिक्र करते हुए कहा कि दुनिया की कोई भी ताकत भारत को झुका नहीं सकती या दबाव में नहीं ला सकती है। भगवान शिव के प्रसिद्ध सोमनाथ मंदिर के पुनर्निर्माण के 75 वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में आयोजित सोमनाथ अमृत महोत्सव में एक सभा को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री ने यह भी कहा कि दुर्भाग्य से देश में ऐसी शक्तियां आज भी प्रभावी हैं, जिन्हें राष्ट्रीय स्वाभिमान से ज्यादा तुष्टीकरण जरूरी लगता है और अयोध्या में राम मंदिर के निर्माण के विरोध के दौरान भी इसी तरह की सोच दिखाई दी थी। प्रधानमंत्री ने कहा, ''अगर 1947 में भारत आजाद हुआ था... तो, 1951 में सोमनाथ की प्राण प्रतिष्ठा ने भारत की स्वतंत्र चेतना का उद्घोष किया था।'' मोदी ने कहा कि सोमनाथ का 'अमृत महोत्सव' केवल अतीत का उत्सव नहीं है, यह अगले एक हजार वर्षों के लिए भारत की प्रेरणा का महोत्सव भी है। प्रधानमंत्री ने कहा कि 11 मई केवल सोमनाथ मंदिर के नए स्वरूप में प्राण प्रतिष्ठा के लिए ही नहीं, बल्कि इसलिए भी महत्वपूर्ण है क्योंकि 1998 में आज के ही दिन तत्कालीन प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी के नेतृत्व में भारत ने परमाणु परीक्षण किए थे। उन्होंने कहा, ''11 मई 1998, यानी आज के ही दिन, देश ने पोखरण में परमाणु परीक्षण किया था। हमारे वैज्ञानिकों ने भारत के सामर्थ्य को, भारत की क्षमता को दुनिया के सामने रखा, दुनिया में तूफान आ गया।'' मोदी ने कहा, ''कई देश इससे नाराज हो गए, वे पूछने लगे कि भारत कौन होता है, जो परमाणु परीक्षण करे। दुनिया की आंखें लाल हो गईं।'' प्रधानमंत्री ने कहा, ''दुनिया भर की शक्तियां भारत को दबोचने के लिए मैदान में उतरी। अनेक प्रकार के प्रतिबंध लगाए गए। संभावित आर्थिक संकट से बचने का हर रास्ता रोकने की कोशिश की गई।'' मोदी ने कहा कि ऐसे हालात में कई देश हिल जाते, लेकिन भारत दृढ़ता से खड़ा रहा। उन्होंने कहा, ''कोई भी हिल जाता। जब दुनिया भर की बड़ी–बड़ी शक्तियां इतना बड़ा आक्रमण कर दें, तो आगे के रास्ते दिखते नहीं हैं। लेकिन हम किसी और मिट्टी के बने हुए हैं।''






## चुनौतियों का ताज भी मिला हैं शुभेंदु को

यह भाजपा के लिए आह्लादित होने का वक्त है कि आजादी के बाद पहली बार बंगभूमि में उसकी सरकार बनी है। जिस धूमधाम व उल्लास संग प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और भाजपा व एनडीए के मुख्यमंत्रियों की मौजूदगी में पश्चिम बंगाल में शुभेंदु सरकार का शपथग्रहण समारोहपूर्वक संपन्न हुआ, उससे इसके महत्व का पता चलता है। भाजपा के लिए यह मौका इसलिए भी महत्वपूर्ण है कि उसकी पूर्ववर्ती मातृ पार्टी जनसंघ के संस्थापक श्यामा प्रसाद मुखर्जी की जन्मभूमि में सरकार बनाने का सपना पौन सदी बाद पूरा हुआ। दशकों तक वामपंथी दलों का गढ़ रहे बंगाल में दक्षिणपंथ का उदय एक विस्मयकारी घटना है। डेढ़ दशक से सत्ता में काबिज तृणमूल कांग्रेस को सत्ता से बेदखल करने में भाजपा ने साम–दाम–दंड–भेद के मुहावरे को हकीकत बनाया। कई दशकों के योजनाबद्ध अभियानों के बाद बंगाल में कमल खिला है। आक्रामक प्रचार तंत्र, मजबूत संगठन व संघ के वरदहस्त के चलते आज पश्चिम बंगाल भाजपामय हुआ है। यह पल इसलिए भी महत्वपूर्ण है कि भाजपा ने कभी वामगढ़ रहे प्रदेश में अपनी यात्रा शून्य से शुरू की है। एक दशक में सुनियोजित अभियान से भाजपा का सत्ता पर काबिज होना भारतीय राजनीति की ऐतिहासिक घटना कही जा सकती है। अब उम्मीद की जानी चाहिए कि शुभेंदु विपक्ष में रहते दिखाए गए आक्रामक तेवरों को छोड़, प्रतिशोध की राजनीति में न उलझकर, इस परिवर्तन को सार्थक बनाएंगे। कुछ ऐसा करें कि देश में शुभेंदु विकास मॉडल की चर्चा हो।

निस्संदेह, बंगाल में मिली बड़ी कामयाबी का श्रेय केंद्रीय नेतृत्व व पार्टी संगठन के साथ ही शुभेंदु अधिकारी को दिया जाना चाहिए, जिन्होंने सत्ता के दमन का सामना करते हुए न केवल संगठन को मजबूत बनाये रखा, बल्कि नंदीग्राम से लेकर भवानीपुर तक बंगाल की शेरनी कही जाने वाली ममता बनर्जी को सीधी लड़ाई में परास्त भी किया। वे पिछले पांच वर्ष से सड़क से विधानसभा तक में आक्रामक ढंग से टीएमसी का प्रतिरोध करते रहे। लेकिन अब जब उन्हें राज्य की बागडोर सौंपी गई है तो उम्मीद करें कि वे राज्य की कानून व अर्थव्यवस्था को पटरी पर लाएंगे। उद्योग विरोधी नीतियों को दूर कर, राज्य में भारी निवेश को आमंत्रित करके बेरोजगारी संकट को दूर करने का प्रयास करेंगे। राज्य में कानून व्यवस्था, खासकर महिला सुरक्षा का बड़ा मुद्दा रहा है। आरजी कर मेडिकल कॉलेज की दुर्भाग्यपूर्ण घटना के बाद राज्यव्यापी आक्रोश पनपा था। संदेशखाली में महिलाओं से दुर्व्यवहार व हिंसा की घटनाएं लोगों को याद हैं। राष्ट्रवादी नीतियों को लेकर अगुवा रहने वाली भाजपा के लिए बांग्लादेश सीमा से घुसपैठ रोकना प्राथमिकता होगी, लेकिन इसका खमियाजा भारतीय नागरिकों को न भुगतना पड़े। उम्मीद की जानी चाहिए कि शुभेंदु सरकार राज्य में राजनीतिक व चुनावी हिंसा पर लगाम लगाने की ठोस पहल करेगी। साथ ही उन हिंसा करने वाले दबंग तत्वों पर लगाम लगाएगी, जो चोला बदलकर हर नई सरकार की छतरी के नीचे खड़े हो जाते हैं। जो कालांतर राज्य में अराजक राजनीतिक संस्कृति को जन्म देते हैं। कानून व्यवस्था सुधरने से ही पश्चिम बंगाल पटरी पर लौटेगा।

# परिवार से ही हैं रिश्तों की गर्माहट !



डॉ घनश्याम बादल

### अंतर्राष्ट्रीय परिवार दिवस विशेष :

मानव सभ्यता के विकास का इतिहास इस बात का साक्षी है कि मनुष्य ने सबसे पहले जिस सामाजिक संस्था को जन्म दिया, वह परिवार था। परिवार केवल रक्त संबंधों का समूह नहीं, बल्कि संवेदनाओं, संस्कारों, विश्वास, सुरक्षा और सहयोग का जीवंत संसार है। यही कारण है कि संयुक्त राष्ट्र द्वारा प्रतिवर्ष 15 मई को अंतर्राष्ट्रीय परिवार दिवस मनाया जाता है।

आज जब दुनिया तकनीक और कृत्रिम बुद्धिमत्ता के दौर में तेजी से आगे बढ़ रही है, तब यह दिवस हमें याद दिलाता है कि मनुष्य की सबसे बड़ी आवश्यकता अब भी रिश्तों की गर्माहट ही है। वर्तमान समय में मनुष्य दो दुनियाओं में जी रहा है, एक आभासी दुनिया और दूसरी व्यवहारिक दुनिया। आभासी दुनिया अर्थात सोशल मीडिया, डिजिटल प्लेटफॉर्म और इंटरनेट का संसार, जहां हजारों फॉलोअर और फ्रेंड दिखाई देते हैं; जबकि व्यवहारिक दुनिया वह है जहां वास्तविक संबंध, संवेदनाएं और मानवीय स्पर्श मौजूद होते हैं। विडंबना यह है कि तकनीक ने दूरियों को कम करने का दावा किया, लेकिन सच कह तो इसने दिलों की दूरियां बढ़ा दीं। एक ही घर में बैठे लोग मोबाइल स्क्रीन में इतने व्यस्त हो गए हैं कि आपसी संवाद कम होता जा रहा है। परिवार साथ रहते हुए भी भावनात्मक रूप से अलग–थलग पड़ता दिखाई देता है।ऐसीपरिस्थितियों में परिवार का महत्व और भी बढ़ जाता है।

परिवार व्यवहारिक दुनिया की वह सच्चाई है जो आभासी दुनिया के कृत्रिम आकर्षण के बीच मनुष्य को वास्तविकता से जोड़े रखती है। सोशल मीडिया पर मिलने वाली लाइक और कमेंट क्षणिक संतोष दे सकते हैं, लेकिन संकट की घड़ी में सहारा देने वाला हाथ केवल परिवार का ही होता है। इंटरनेट की दुनिया सूचना दे सकती है, परंतु आत्मीयता नहीं। कृत्रिम बुद्धिमत्ता सलाह दे सकती है, लेकिन मां के स्पर्श जैसी शांति नहीं दे सकती। यही कारण है कि आधुनिक जीवन में परिवार की भूमिका पहले से कहीं अधिक महत्वपूर्ण हो गई है।

अंतर्राष्ट्रीय परिवार दिवस मनाने का मूल उद्देश्य है समाज को परिवार संस्था के प्रति जागरूक करना तेज़ी से बदलती जीवनशैली, बढ़ती व्यक्तिवादी सोच और तकनीकी निर्भरता के कारण परिवारों में विघटन बढ़ रहा है। अकेलापन, अवसाद, तनाव, बुजुर्गों की उपेक्षा और बच्चों में असुरक्षा जैसी समस्याएं लगातार गंभीर होती जा रही हैं। परिवार मनुष्य की पहली पाठशाला है। बच्चा बोलना, चलना, व्यवहार करना, सम्मान देना, प्रेम करना और अनुशासन सीखना परिवार से ही सीखता है।

माता–पिता, दादा–दादी, भाई–बहन और अन्य सदस्य केवल रिश्तेदार नहीं होते, बल्कि जीवन के पहले शिक्षक होते हैं। आज जब बच्चे वास्तविक खेल के मैदानों से अधिक मोबाइल स्क्रीन पर समय बिताने लगे हैं, तब परिवार की जिम्मेदारी और बढ़ जाती है कि वह उन्हें मानवीय मूल्यों और सामाजिक व्यवहार से जोड़े रखे।

आभासी दुनिया की सबसे बड़ी चुनौती यह है कि वहां संबंधों की गहराई कम और प्रदर्शन अधिक होता है। लोग अपनी खुशियों का प्रदर्शन तो करते हैं, लेकिन अपने दर्द को छिपाते हैं। परिणामस्वरूप व्यक्ति धीरे–धीरे भीतर से अकेला होता जाता है। मानसिक तनाव और अवसाद की बढ़ती घटनाएं इसी सामाजिक विघटन का संकेत हैं। ऐसे समय में परिवार ही वह स्थान है जहां व्यक्ति बिना किसी दिखावे के स्वयं को व्यक्त कर सकता है। परिवार मनुष्य को यह विश्वास देता है कि दुनिया चाहे कितनी भी बदल जाए, कुछ रिश्ते ऐसे हैं जो बिना शर्त उसके साथ खड़े रहेंगे।

परिवार का टूटना बिखरना आज समाज के सामने गंभीर समस्या है। वृद्धाश्रमों की बढ़ती संख्या इस बात का प्रमाण है कि बुजुर्गों के लिए पारिवारिक सहारा कमजोर पड़ रहा है। बच्चों में बढ़ती आक्रामकता, नशे की प्रवृत्ति और मानसिक अस्थिरता भी कहीं न कहीं पारिवारिक विघटन से जुड़ी हुई है। जब व्यक्ति को परिवार का भावनात्मक संरक्षण नहीं मिलता, तब वह भीतर से असुरक्षित हो जाता है। यही असुरक्षा समाज में हिंसा, अपराध और असंवेदनशीलता के रूप में दिखाई देती है।

भारतीय संस्कृति में परिवार को सदैव विशेष महत्व दिया गया है। वसुधैव कुटुम्बकम् की अवधारणा केवल दार्शनिक विचार नहीं, बल्कि भारतीय जीवन दृष्टि का आधार है।

यहां परिवार केवल माता–पिता और बच्चों तक सीमित नहीं रहा, बल्कि दादा–दादी, चाचा–चाची और पड़ोस तक उसका विस्तार दिखाई देता रहा है। संयुक्त परिवार भारतीय समाज की सबसे बड़ी शक्ति माने जाते थे। इनमें आर्थिक सुरक्षा के साथ–साथ भावनात्मक सहयोग भी मिलता था, बच्चे संस्कार सीखते थे, और संकट के समय पूरा परिवार एकजुट होकर खड़ा रहता था।

हालांकि आधुनिक समय में एकल परिवारों का चलन तेजी से बढ़ा है। रोजगार, शिक्षा और शहरीकरण के कारण लोगों को छोटे परिवारों में रहना पड़ रहा है। एकल परिवारों के कुछ सकारात्मक पक्ष भी हैं जैसे व्यक्तिगत स्वतंत्रता, निर्णय लेने में सुविधा और सीमित जिम्मेदारियां। लेकिन इसके साथ कई चुनौतियां भी जुड़ी हैं। लेकिन एकल परिवारों में बच्चों को दादा–दादी का स्नेह नहीं मिल पाता, बुजुर्ग अकेले पड़ जाते हैं और पति–पत्नी पर मानसिक दबाव बढ़ जाता है। कई बार छोटी समस्याएं भी बड़े तनाव का कारण बन जाती हैं क्योंकि सहारा देने वाला विस्तृत पारिवारिक ढांचा अनुपस्थित होता है। इसके विपरीत संयुक्त परिवारों में सामूहिकता की भावना अधिक होती है। वहां जिम्मेदारियां साझा की जाती हैं और कठिन परिस्थितियों का सामना मिलकर किया जाता है।

आज के संदर्भ में सबसे बड़ा प्रश्न यह है कि परिवारों को कैसे जोड़े रखा जाए। इसका सबसे सरल उत्तर है–संवाद। परिवार में संवाद समाप्त होते ही दूरी शुरू हो जाती है। व्यस्तता कितनी भी हो, परिवार के साथ समय बिताना आवश्यक है। साथ बैठकर भोजन करना, त्योहार मनाना, बुजुर्गों का सम्मान करना और बच्चों की बातें ध्यान से सुनना छोटे–छोटे कदम हैं।

बुजुर्गों की भूमिका भी आज अत्यंत महत्वपूर्ण है। वे परिवार की स्मृतियों, संस्कारों और अनुभवों के संरक्षक होते हैं। जिस घर में बुजुर्गों का सम्मान होता है, वहां बच्चों में संवेदनशीलता और नैतिकता स्वतः विकसित होती है। उसी प्रकार महिलाओं की भूमिका परिवार को जोड़ने में केंद्रीय होती है। परिवार समाज की सबसे छोटी इकाई होते हुए भी उसकी सबसे बड़ी शक्ति है। मजबूत परिवार ही स्वस्थ समाज और समृद्ध राष्ट्र का निर्माण करते हैं। जब परिवारों में प्रेम, विश्वास और सहयोग होगा, तभी समाज में शांति और मानवीयता कायम रह सकेगी। परिवार हमें केवल रिश्ते नहीं देता, बल्कि जीवन को अर्थ देता है।

# तमिलनाडु में उभरता 'थिंक टैंक शासन' - क्या बदलेगा लोकतंत्र का चेहरा?



प्रो. आरके जैन

तमिलनाडु की राजनीति इस समय केवल सरकार बदलने की कहानी नहीं लिख रही, बल्कि राजनीतिक संस्कृति के पुनर्जन्म का दृश्य रच रही है। जातीय गणित, पारिवारिक विरासत और भावनात्मक नारों पर दशकों तक चलने वाली राजनीति के बीच अभिनेता से मुख्यमंत्री बने विजय ने ऐसा दांव चला है, जिसने देशभर का ध्यान अपनी ओर खींच लिया। मुख्यमंत्री विजय सहित 10 सदस्यों वाला उनका शुरुआती कॉम्पैक्ट कैबिनेट आकार में छोटा जरूर है, लेकिन संदेश में बेहद विशाल दिखाई देता है। यहां कुर्सियों की संख्या कम है, पर योग्यता, शिक्षा, पेशेवर अनुभव और युवा सोच की चमक असाधारण है। यह कैबिनेट पारंपरिक सत्ता का चेहरा नहीं, बल्कि ब्रेन पावर को शासन की सबसे बड़ी ताकत बनाने की नई राजनीतिक घोषणा प्रतीत होता है।

तमिलनाडु की नई सत्ता कहानी में सबसे प्रभावशाली चेहरा 29 वर्षीय एस. केरथना बनकर उभरी हैं, जिन्होंने मंत्री पद संभालते ही राजनीति में उम्र की पुरानी सीमाओं को चुनौती दे दी। शिवकासी (आतिशबाजी राजधानी) में साधारण पृष्ठभूमि से पहली महिला विधायक और मंत्री बनकर सत्ता के केंद्र तक पहुंचीं केरथना अब केवल युवा महिला मंत्री नहीं, बल्कि बदलते राजनीतिक दौर की पहचान बन चुकी हैं। तमिल माध्यम की सरकारी शिक्षा से गणित और सांख्यिकी में उच्च अध्ययन तक उनका सफर दिखाता है कि राजनीति अब केवल भाषणों का मंच नहीं, बल्कि आंकड़ों, समझ और सामाजिक संवेदनाओं का क्षेत्र भी बन रही है। आतिशबाजी उद्योग के मजदूरों, महिलाओं के समान वेतन और स्वास्थ्य मुद्दों पर उनका संघर्ष साबित करता है कि यह पीढ़ी सत्ता का सुख नहीं, समाज की आवाज बनना चाहती है।

विजय के 'ब्रेन कैबिनेट' को सबसे अधिक प्रशासनिक मजबूती पूर्व आईआरएस अधिकारी और डॉक्टर के.जी. अरुणराज की मौजूदगी देती है। टैक्स प्रशासन का वर्षों का अनुभव और चिकित्सा क्षेत्र की गहरी समझ उन्हें इस टीम का सबसे भरोसेमंद चेहरा बनाता है। उनका राजनीति में प्रवेश उस पुरानी धारणा को तोड़ता है, जिसमें योग्य प्रोफेशनल्स सत्ता से दूरी बनाए रखते थे। सुरक्षित सरकारी करियर छोड़कर अरुणराज ने संकेत दिया है कि राजनीति अब केवल वंशवाद का मंच नहीं, बल्कि गंभीर नीति निर्माण का केंद्र भी बन सकती है। उनकी मौजूदगी से वित्तीय अनुशासन, पारदर्शिता और प्रशासनिक सुधारों की उम्मीदें स्वतः मजबूत दिखाई देती हैं।

विजय की राजनीतिक टीम पारंपरिक सत्ता ढांचे से अलग, योग्यता और निष्ठा पर आधारित नए राजनीतिक मॉडल की झलक देती है। टीवीके के 108 विधायकों में 6 पीएचडी धारक, 22 पोस्ट ग्रेजुएट, 5 आईआईटी इंजीनियर, 8 एमबीबीएस डॉक्टर और करीब 40 वकील–इंजीनियर शामिल हैं। कुल 67 विधायक ग्रेजुएट हैं। द्रविड़ पार्टियों की पारंपरिक राजनीति में ऐसे बड़े पैमाने पर शिक्षित प्रतिनिधित्व दुर्लभ रहा है। ये आंकड़े केवल डिग्रियों का प्रदर्शन नहीं, बल्कि बदलती राजनीतिक सोच का संकेत हैं। विजय ने उस पुरानी धारणा को तोड़ा है कि शासन केवल राजनीतिक अनुभव से चलता है। उन्होंने साबित किया कि तकनीकी समझ, प्रशासनिक दृष्टि और डेटा–आधारित नीति ही आधुनिक सत्ता की असली ताकत हैं। यही कारण है कि उनका कैबिनेट पारंपरिक मंत्रिमंडल नहीं, बल्कि एक रणनीतिक थिंक टैंक नजर आता है।

> ■ **तमिलनाडु में 'ब्रेन राज': क्या विजय ने सियासत का डीएनए बदल दिया?**
>
> ■ **भारत की राजनीति बदलने का ब्लूप्रिंट क्या तमिलनाडु से तैयार हो रहा है?**

विजय सरकार की असली चुनौती अब भाषणों या डिग्रियों नहीं, बल्कि सत्ता संचालन की कठोर हकीकत से टकराने वाली है। चुनाव जीतना एक उपलब्धि हो सकती है, लेकिन बेरोजगारी, स्वास्थ्य संकट, उद्योग, कानून–व्यवस्था और सामाजिक संतुलन जैसे मोर्चों पर टिके रहना कहीं कठिन परीक्षा है। यहां केवल शिक्षा नहीं, अनुभव, राजनीतिक धैर्य और जमीनी समझ भी निर्णायक बनते हैं। विजय ने युवा प्रोफेशनल्स और अनुभवी नेताओं का संतुलन बनाकर नई कार्यशैली गढ़ने की कोशिश की है। छोटा कैबिनेट फैसलों को तेज बना सकता है, लेकिन सीमित अनुभव संकट में कमजोरी भी साबित हो सकता है। यही वजह है कि यह सरकार जितनी उम्मीदों का केंद्र है, उतनी ही तीखी निगाहों के घेरे में भी।

विजय की राजनीति का सबसे बड़ा संदेश यही है कि सत्ता अब केवल पारिवारिक दरबारों की विरासत नहीं रहनी चाहिए। उनकी टीम के अधिकांश चेहरे किसी राजनीतिक खानदान से नहीं, बल्कि अपनी मेहनत, शिक्षा और सामाजिक संघर्ष के दम पर उभरे हैं। यह बदलाव केवल राजनीतिक नहीं, बल्कि युवाओं की सोच बदलने वाला भी है। इससे यह विश्वास मजबूत होगा कि राजनीति में जगह बनाने के लिए बड़े उपनाम या जातीय समीकरण अनिवार्य नहीं हैं। न्यू तमिलनाडु की अवधारणा भी इसी सोच से जन्म लेती है, जहां सत्ता का आधार वंश नहीं, क्षमता बनती है। यदि यह प्रयोग सफल होता है, तो इसका प्रभाव केवल तमिलनाडु नहीं, पूरे भारतीय लोकतंत्र की दिशा पर पड़ सकता है।

विजय की राजनीति का मूल संदेश साफ है – सत्ता अब नारों और भावनात्मक लहरों से नहीं, परिणाम देने वाली सोच से चलेगी। हीटवेव, महिला सुरक्षा, ग्रामीण स्वास्थ्य, औद्योगिक सुरक्षा और रोजगार जैसे मुद्दे अब भीड़ को संबोधित करने नहीं, बल्कि विशेषज्ञ दृष्टि से समाधान मांगते हैं। केरथना जैसी युवा नेता जमीनी आकांक्षाओं की धड़कन समझती हैं, जबकि अरुणराज जैसे अधिकारी प्रशासन को पारदर्शिता और अनुशासन दे सकते हैं। यह कैबिनेट बताता है कि आधुनिक शासन अब केवल जनसभाओं की चमक नहीं, बल्कि समस्याओं के वैज्ञानिक समाधान की क्षमता है। यही वजह है कि विजय की टीम ब्रेन कैबिनेट नहीं, नई राजनीतिक कार्यसंस्कृति का उभरता प्रतीक बनती जा रही है।

तमिलनाडु की राजनीति आज ऐसे मोड़ पर खड़ी है, जहां पहली बार सत्ता का आधार जातीय समीकरणों और पारिवारिक विरासत से हटकर योग्यता, शिक्षा और प्रोफेशनल क्षमता को बनाया जा रहा है। विजय का 'ब्रेन कैबिनेट' सफल होगा या नहीं, इसका फैसला समय करेगा, लेकिन उन्होंने राजनीति की बहस की दिशा बदल दी है। अब सवाल केवल जाति, क्षेत्र या उपनाम का नहीं, बल्कि नेतृत्व की क्षमता, दृष्टि और परिणाम देने की ताकत का भी होगा। यदि शिक्षित और प्रोफेशनल नेतृत्व की यह टीम जनहित में ठोस बदलाव ला पाती है, तो तमिलनाडु भारतीय राजनीति को नया मॉडल दे सकता है। यह केवल सरकार नहीं, बल्कि उस नए दौर की शुरुआत है जहां सत्ता की सबसे बड़ी पहचान कुर्सी नहीं, क्षमता बनती है।

## आज का पंचांग

**कोलकाता :** 12 मई, मंगलवार, 2026, विक्रम सम्वत् 2083, ज्येष्ठ कृष्णपक्ष दशमी, 14:46 तक, नक्षत्र : पूर्वभाद्रपदा, 25:05 तक, योग : वैधृति, 23:06 तक, सूर्योदय: 04:58, सूर्यास्त: 18:07, चन्द्रोदय : 02:06, चन्द्रास्त: 14:15, शक सम्वतः 1948 पराभव, सूर्य राशि : मेष, चन्द्र राशि : कुम्भ, राहू काल : 15:25 से 17:03

## राशिफल

**मेष :** आज आपके चारों तरफ खुशियों का माहौल रहेगा और आपके अच्छे कामों की सराहना भी होगी। शायद कोई पुरस्कार भी मिल जाए। ऑफिस में आपकी मेहनत रंग लाएगी।

**वृष :** आज नौकरीपेशा लोगों के लिए शानदार दिन है। प्रमोशन या तरक्की की खबर दिल खुश कर देगी। आर्थिक स्थिति भी मजबूत होगी। जीवनसाथी के साथ शॉपिंग का मजा ले सकते हैं।

**मिथुन :** आज का दिन सामान्य लेकिन मौके से भरा है। नई प्रॉपर्टी लेने का विचार मन में आ सकता है। विद्यार्थियों को पढ़ाई में पूरा फोकस रखना होगा। कोई दोस्त किसी बात पर नाराज हो सकता है।

**कर्क :** आज का दिन सुख–सुविधाओं में बढ़ोतरी का संकेत दे रहा है। आप अपने लाइफस्टाइल को बेहतर बनाने में खर्च कर सकते हैं। संतान की कोई इच्छा पूरी करने का मन बनेगा।

**सिंह :** आज सामाजिक कार्यक्रमों में आपकी चमक अलग ही नजर आएगी और आप नाम कमाएंगे। पुराने कर्ज से राहत मिल सकती है, लेकिन आय पर ध्यान देना जरूरी है।

**कन्या :** आज का दिन मिलाजुला रहेगा। संतान के करियर को लेकर यात्रा करनी पड़ सकती है। आय और खर्च के बीच संतुलन बनाना बेहद जरूरी होगा।

**तुला :** आज जल्दबाजी आपके लिए नुकसान का कारण बन सकती है। प्रॉपर्टी से जुड़ा कोई सौदा परेशानी खड़ी कर सकता है। संतान के एडमिशन को लेकर नए लोगों से मुलाकात होगी।

**वृश्चिक :** आज सेहत को लेकर सतर्क रहने की जरूरत है, खासकर खान–पान में लापरवाही न करें। घर के रिनोवेशन का काम शुरू हो सकता है, जिसमें मेहनत भी ज्यादा लगेगी।

**धनु :** आज का दिन शुभ और मंगलमय रहेगा। घर में किसी मांगलिक कार्यक्रम की तैयारी हो सकती है। खर्च करते समय अपनी जरूरतों का ध्यान रखें। अटका हुआ सरकारी काम पूरा हो सकता है।

**मकर :** आज बिजनेस में शानदार लाभ के योग हैं। आपकी योजनाएं आपको आगे बढ़ाएंगी। किसी पर भरोसा करने से पहले सोच–विचार जरूर करें। परिवार में एकता बनाए रखना जरूरी होगा।

**कुम्भ :** आज आपका नया घर लेने का सपना पूरा हो सकता है। काम में मेहनत ही सफलता दिलाएगी, इसलिए किसी पर निर्भर न रहें। पुरानी बीमारी को नजरअंदाज न करें, डॉक्टर से सलाह लें।

**मीन :** आज बहस से दूर रहना ही समझदारी होगी, वरना बात बिगड़ सकती है। संतान की पढ़ाई के लिए बाहर भेजने का विचार बन सकता है। बिजनेस की परेशानियां कम होंगी।

## विदेश

### ईरान के साथ युद्धविराम नाजुक स्थिति में है: ट्रंप

**वाशिंगटन :** अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने सोमवार को कहा कि ईरान के साथ युद्धविराम 'बेहद कमजोर और नाजुक' स्थिति में है। ट्रंप ने ईरान के साथ जारी युद्ध पर उसके शांति प्रस्ताव को एक दिन पहले 'पूरी तरह से अस्वीकार्य' बताते हुए खारिज कर दिया था। शांति प्रस्ताव को अस्वीकार करने के बाद ईरान के साथ युद्धविराम पर एक सवाल के जवाब में ट्रंप ने 'ओवल ऑफिस' (राष्ट्रपति के कार्यालय) में पत्रकारों से कहा, 'यह अपनी सबसे कमजोर स्थिति में है... उन्होंने जो बकवास हमें भेजा, उसे पढ़ने के बाद... तो यह गंभीर नाजुक स्थिति में है।' ट्रंप ने कहा, 'उन्हें लगता है कि मैं इससे थक जाऊंगा, या ऊब जाऊंगा, या मुझ पर कुछ दबाव आ जाएगा, लेकिन कोई दबाव नहीं है, बिल्कुल भी दबाव नहीं है। हमें पूरी जीत मिलेगी।' ट्रंप को रविवार को ईरान का प्रस्ताव मिला, जिससे उम्मीद जगी थी कि इससे ईरान के साथ 28 फरवरी को शुरू हुए युद्ध को समाप्त करने में कोई सफलता मिल सकती है। इस युद्ध ने वैश्विक तेल आपूर्ति के लिए महत्वपूर्ण समुद्री मार्ग को अवरुद्ध कर दिया है, जिससे कई देशों में ईंधन की कमी हो गई है। उन्होंने रविवार को अपने 'ट्रुथ सोशल' पर लिखा, 'मैंने अभी ईरान के तथाकथित 'प्रतिनिधियों' की प्रतिक्रिया पढ़ी है। मुझे यह पसंद नहीं आया, यह पूरी तरह से अस्वीकार्य है।' अमेरिका और इजराइल के बीच 28 फरवरी को शुरू हुए युद्ध के बाद आठ अप्रैल से हमले रोक दिए गए हैं, जब युद्धरत पक्षों ने युद्धविराम पर सहमति जताई थी। अमेरिका और ईरान स्थायी रूप से शत्रुता समाप्त करने के लिए एक समझौते पर बातचीत कर रहे हैं, लेकिन अब तक कोई स्थायी समाधान नहीं निकल पाया है।

### भारत ने भगोड़े अभय राणा के प्रत्यर्पण में सहयोग के लिए पुर्तगाल का आभार जताया

**लंदन :** भारत ने भगोड़े अभय राणा के सफल प्रत्यर्पण में सहयोग के लिए पुर्तगाल का आभार व्यक्त किया है। सरकार ने इसे विदेशों में रह रहे वांछित अपराधियों को वापस लाने के प्रयासों में एक महत्वपूर्ण कदम बताया। रंगदारी, आपराधिक धमकी और हत्या के प्रयास सहित कई मामलों में हरियाणा पुलिस के लिए वांछित राणा को 'इंटरपोल रेड नोटिस' जारी होने के बाद भारत और पुर्तगाल के बीच द्विपक्षीय प्रत्यर्पण समझौते के तहत शनिवार को पुर्तगाल से प्रत्यर्पित किया गया। पुर्तगाल की राजधानी लिस्बन स्थित भारतीय दूतावास द्वारा शनिवार को जारी बयान में कहा गया कि भारत, राणा के सफल प्रत्यर्पण में सहयोग और समर्थन के लिए पुर्तगाल तथा वहां की कानून प्रवर्तन एजेंसियों का आभार व्यक्त करता है। बयान में कहा गया कि यह प्रत्यर्पण विदेशों में रह रहे भगोड़ों को भारत लाने के भारत सरकार के जारी प्रयासों में एक महत्वपूर्ण कदम है। इसके अनुसार, यह अभियान विदेश मंत्रालय, गृह मंत्रालय, हरियाणा पुलिस, लिस्बन स्थित भारतीय दूतावास और पुर्तगाल की विभिन्न कानून प्रवर्तन एजेंसियों के बीच सक्रिय और निरंतर समन्वय के कारण सफल हो पाया। प्रत्यर्पण प्रक्रिया का समन्वय करने वाली एजेंसी केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) के अनुसार, हरियाणा पुलिस को रंगदारी, आपराधिक धमकी, संगठित अपराध गिरोह चलाने, हत्या के प्रयास और जान से मारने की धमकी जैसे अपराधों से जुड़े कई मामलों में राणा की तलाश थी।

## वर्ग पहेली नं. 3436

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | | 2 | 3 | ■ | 4 | 5 | | | 6 |
| | ■ | 7 | | | | | ■ | ■ | |
| 8 | 9 | ■ | | ■ | | ■ | 10 | 11 | |
| ■ | | ■ | ■ | 12 | | 13 | ■ | | ■ |
| 14 | | 15 | 16 | ■ | 17 | | | | 18 |
| ■ | 19 | | | | ■ | | ■ | ■ | |
| 20 | ■ | ■ | | ■ | 21 | | | 22 | |
| 23 | 24 | ■ | 25 | | | ■ | ■ | | ■ |
| 26 | | | | ■ | 27 | | | | |

*बायें से दायें:-* 1) लगातार; अहोरात्र, 4) भुक्खड़; निर्धन, 7) आक्रमणकारी, 8) चिंता; दुःख, 10) धनापहरण; हेराफेरी, 12) सुस्ती, 14) शक्तिवान, 17) प्रसिद्ध, 19) समृद्धि; बढ़ती, 21) ज़ोर से झटका देना, 23) प्रतीक्षा; मार्ग, 25) दूरी; यात्रा, 26) भाग्य, 27) पराजय.

*ऊपर से नीचे:-* 1) भेजा, 2) रास्ता, 3) पदक, 4) उपेक्षा; ध्यान न देना, 5) बोझ, 6) पूजा; स्तुति, 9) स्वार्थ, 11) मेघ, 13) आलोचक, 15) प्रहार, 16) एक ज़नानी गहना, 18) बंद करना *(आँखें)*, 20) दान, 21) निर्झर, 22) रंग-ढंग; तौर-तरीका, 24) स्वामित्व.

*(उत्तर: अगले अंक में)*

*पिछली पहेली का उत्तर*

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| मा | ■ | दे | खा | दे | खी | ■ | इ | ला | ज |
| ल | ■ | खा | ■ | ह | ज | र | त | ■ | हा |
| दा | य | भा | ग | ■ | ना | ■ | रा | श | न |
| र | म | ल | ■ | अ | ■ | गु | ना | ह | ■ |
| ■ | र | ■ | ■ | ट | र्रा | ■ | ■ | द | म |
| प | थ | द | र्श | क | ■ | का | ज | ■ | ज |
| रे | ■ | म | ■ | ल | गा | म | ■ | तं | बू |
| शा | ■ | दा | ढ़ | ■ | ■ | का | री | ग | र |
| नी | हा | र | ■ | उ | प | ज | ■ | ■ | न |

**Mob. No. 08329510310**

## सुडोकू-पहेली-3394

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 4 | | | 9 | | | | 3 | |
| 8 | | 2 | | | | | | 5 |
| 3 | | | | | | | | 9 |
| | | 8 | 4 | | | | | |
| | 1 | | | | | | | |
| | | | 5 | 2 | | 9 | | 8 |
| | | | 6 | 1 | | | | |
| 1 | | | | | 9 | | 7 | 2 |
| | 7 | | | | 2 | 4 | | |

**प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरना आवश्यक है। इनका क्रमवार होना आवश्यक नहीं है।**

••••

**आड़ी और खड़ी में एवं 3–3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका ध्यान जरूर रखें।**

**सूडोकू पहेली - 3393 का उत्तर**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 2 | 8 | 3 | 6 | 1 | 9 | 4 | 7 | 5 |
| 4 | 9 | 7 | 5 | 2 | 3 | 8 | 6 | 1 |
| 5 | 1 | 6 | 7 | 8 | 4 | 9 | 2 | 3 |
| 1 | 3 | 8 | 9 | 7 | 6 | 5 | 4 | 2 |
| 7 | 2 | 4 | 3 | 5 | 1 | 6 | 8 | 9 |
| 9 | 6 | 5 | 8 | 4 | 2 | 3 | 1 | 7 |
| 6 | 7 | 9 | 2 | 3 | 8 | 1 | 5 | 4 |
| 3 | 5 | 1 | 4 | 6 | 7 | 2 | 9 | 8 |
| 8 | 4 | 2 | 1 | 9 | 5 | 7 | 3 | 6 |

# मुख्यमंत्री शुभेंदु ने अधिकारियों को फिजूलखर्ची रोकने के दिए निर्देश

## सीएम ने विभागीय सचिवों के साथ की बैठक, दिए कई सख्त निर्देश



**कोलकाता, समाज्ञा :** मुख्यमंत्री शुभेंदु अधिकारी ने सोमवार को सरकार के विभागीय सचिवों के साथ बैठक की। इस दौरान मुख्यमंत्री राज्य के शीर्ष अधिकारियों को निर्देश दिया कि वे फिजूलखर्ची को सख्ती से समाप्त करने पर ध्यान केंद्रित करें ताकि नई सरकार को विरासत में मिले नकदी की कमी से जूझ रहे खजाने पर दबाव कम हो सके। उन्होंने विभागीय सचिवों को यह भी निर्देश दिया कि वे राज्य सरकार के किसी भी होर्डिंग, विज्ञापन या पट्टिका में 'मुख्यमंत्री से प्रेरित' नारे का उपयोग न करें, जो तृणमूल कांग्रेस शासित ममता बनर्जी के नेतृत्व वाली पिछली सरकार के दौरान एक प्रमुख नारा हुआ करता था। बैठक में उपस्थित एक अधिकारी ने मुख्यमंत्री के हवाले से कहा कि मैं आप सभी से निःसंकोच अनुरोध करता हूं कि मुझे प्रसन्न करने की चिंता किए बिना स्वतंत्र रूप से कार्य करें। मुझे प्रसन्न करने के लिए कहीं भी 'मुख्यमंत्री से प्रेरित' लिखने की कोई आवश्यकता नहीं है। हमें यह सुनिश्चित करना होगा कि सरकारी धन, जो जनता का धन है, व्यर्थ न जाए। हमें इसे वहीं खर्च करना चाहिए जहां इसकी आवश्यकता है। लेकिन, हमें अनावश्यक और फिजूलखर्ची को रोकना होगा। साथ ही, राज्य में केंद्र प्रायोजित योजनाओं को लागू करने का कार्य शुरू करें, जो अब तक लागू नहीं हुई हैं। साथ ही, अधिकारी ने आगे बताया कि मुख्यमंत्री अधिकारी ने विभागीय सचिवों को यह आश्वासन भी दिया कि नई सरकार पिछली सरकार के विपरीत, सरकारी तंत्र के कामकाज में अनावश्यक हस्तक्षेप या उसे प्रभावित करने का प्रयास नहीं करेगी। इसलिए, चिंता करने की कोई बात नहीं है। निडर होकर काम करें और राज्य के विकास के लिए काम करें।

# राज्य सरकार ने पुलिस को दिया गायों की तस्करी पर निगरानी बढ़ाने का निर्देश

राज्य में नई सरकार बनने के बाद कानून-व्यवस्था को सुदृढ़ करने और अवैध गतिविधियों पर सख्ती की शुरुआत हो गई है। मुख्यमंत्री सुवेंदु अधिकारी ने सोमवार को पदभार संभालने के बाद राज्य सचिवालय नवान्न में कैबिनेट (मंत्रिमंडल) की पहली ही बैठक में मवेशी तस्करी और इसके अवैध कारोबार को लेकर एक बड़ा और कड़ा फैसला लिया है। नवान्न सूत्रों के अनुसार, राज्यभर में अब किसी भी परिस्थिति में अवैध मवेशी हाट या गैरकानूनी बाजार लगाने की अनुमति नहीं दी जाएगी। राज्य सरकार ने साफ संकेत दिया है कि गायों और अन्य मवेशियों तस्करी से जुड़े पूरे नेटवर्क को खत्म करने के लिए 'जीरो टालरेंस' की नीति अपनाई जाएगी। सूत्रों के मुताबिक, केवल अवैध मवेशी हाटों पर रोक लगाने तक ही सरकार सीमित नहीं रहेगी, बल्कि वैध मवेशी बाजारों की गतिविधियों पर भी लगातार कड़ी निगरानी रखी जाएगी। प्रशासन को निर्देश दिया गया है कि मवेशियों की खरीद-बिक्री कहां, कैसे और किन लोगों के बीच हो रही है, इसकी पूरी जानकारी रखी जाए। हालांकि, सरकार ने यह भी स्पष्ट किया है कि सख्ती के नाम पर वैध व्यापारियों और आम खरीदारों को किसी प्रकार की अनावश्यक परेशानी नहीं होनी चाहिए। जो व्यापारी कानून के तहत वैध तरीके से कारोबार करते हैं, उनके साथ किसी प्रकार की ज्यादती न हो, इसका भी ध्यान रखने को कहा गया है। नई सरकार ने इस समस्या को जड़ से खत्म करने के लिए सीमावर्ती क्षेत्रों में निगरानी बढ़ाने और सुरक्षा व्यवस्था को और मजबूत करने का निर्णय लिया है। पुलिस और प्रशासनिक अधिकारियों को इस मामले में उच्च स्तर पर सतर्क रहने के निर्देश दिए गए हैं।

### सरकार के फैसले के बाद सभी पुलिस अधीक्षकों को विशेष दिशा-निर्देश जारी

नवान्न सूत्रों के अनुसार, सरकार के फैसले के बाद राज्य पुलिस मुख्यालय की ओर से सभी जिलों के पुलिस अधीक्षकों को विशेष दिशा-निर्देश जारी किए गए हैं। निर्देश में कहा गया है कि सीमावर्ती इलाकों में नियमित अभियान चलाए जाएं और किसी भी संदिग्ध गतिविधि पर तुरंत नजर रखी जाए। यदि कहीं अवैध तरीके से मवेशियों का परिवहन होता पाया जाता है, तो तत्काल सख्त कानूनी कार्रवाई की जाए। पुलिस को यह भी साफ संदेश दिया गया है कि इस मामले में किसी प्रकार की लापरवाही या ढिलाई बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

# पार्टी और सरकार अलग-अलग काम करेंगे : शमिक भट्टाचार्य

## भाजपा अध्यक्ष ने कहा... 'यह भाजपा की नहीं, बंगाल की सरकार है'



**कोलकाता, समाज्ञा :** राज्य में सत्ता परिवर्तन के बाद भाजपा ने सरकार और संगठन के रिश्ते को लेकर साफ रेखा खींच दी है। पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष शमिक भट्टाचार्य ने सोमवार को स्पष्ट कहा कि सरकार अपने ढंग से चलेगी और संगठन अपने ढंग से, दोनों की भूमिकाएं अलग-अलग रहेंगी। उन्होंने दो टूक कहा कि यह भाजपा सरकार नहीं, बल्कि बंगाल राज्य सरकार है। इस दिन, सुबह में मुख्यमंत्री शुभेंदु अधिकारी पहले शमिक के साल्टलेक स्थित आवास पहुंचे, जहां दोनों नेताओं के बीच अहम चर्चा हुई। इसके बाद, वे एक साथ पार्टी कार्यालय पहुंचे और संगठनात्मक बैठक की। बैठक के बाद, शमिक ने कहा कि भाजपा का संकल्पपत्र जनता से किया गया वादा है, जिसे लागू कराने के लिए पार्टी सरकार के साथ समन्वय बनाए रखेगी, लेकिन प्रशासनिक कामकाज में हस्तक्षेप नहीं करेगी। उन्होंने बताया कि आयुष्मान भारत, महिला सहायता और बेरोजगारी भत्ता जैसी योजनाओं को जल्द लागू करने पर जोर दिया जा रहा है।

**पीएम का 'सबका साथ, सबका विकास' का दृष्टिकोण हमारी सरकार का मार्गदर्शक सिद्धांत : शुभेंदु अधिकारी**

साल्टलेक स्थित भाजपा कार्यालय में मुख्यमंत्री ने वहां एकत्र सैकड़ों लोगों का अभिवादन स्वीकार करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री मोदी का 'सबका साथ, सबका विकास' हमारा मार्गदर्शक सिद्धांत होगा। पार्टी कार्यालय में 'जय श्रीराम' के नारों के बीच भाजपा कार्यकर्ताओं ने अधिकारी का 207 कमलों के साथ स्वागत किया, जो विधानसभा चुनाव में पार्टी द्वारा जीती गई सीटों की संख्या का प्रतीक था।

# कुड़माली में शपथ पर संकट : भाषा को मिली मान्यता, लेकिन विधानसभा में अनुवादक ही नहीं

**कोलकाता, समाज्ञा :** विधानसभा में भाषा को लेकर एक नई समस्या खड़ी हो गई है। कुड़माली भाषा को आधिकारिक मान्यता मिलने के बावजूद विधानसभा सचिवालय में उसके अनुवादक नहीं होने से पांच भाजपा विधायकों के शपथ ग्रहण पर संकट उत्पन्न हो गया है। जंगलमहल क्षेत्र के ये विधायक कुड़माली भाषा में शपथ लेना चाहते हैं, लेकिन सचिवालय ने उन्हें केवल बंगाली, हिंदी, अंग्रेजी, उर्दू और संथाली में से किसी एक भाषा का चयन करने को कहा है। इससे विधायकों और कुड़मी समुदाय में नाराजगी फैल गई है। कुड़मी समाज के नेता अजीत प्रसाद महतो ने कहा कि जब 2018 में भाषा को मान्यता दी गई थी, तो अब अनुवादक की व्यवस्था न होना सरकारी दावे पर सवाल खड़ा करता है। उन्होंने तुरंत अनुवादक नियुक्त करने की मांग की और इसे समुदाय की भावनाओं से जुड़ा मुद्दा बताया। विधायकों ने भी सोशल मीडिया पर अपनी नाराजगी जताई है और कहा है कि वे नियमों के तहत प्रयास कर रहे हैं कि कुड़माली में ही शपथ ले सकें। उन्होंने पूर्व सरकार पर 'सिर्फ घोषणा करने' का आरोप लगाया।

# अगले सोमवार को फिर मंत्रिमंडल की बैठक, डीए एवं सातवें वेतन आयोग समेत कई मुद्दों पर होगा फैसला

**कोलकाता, समाज्ञा :** राज्य सरकार के मंत्रिमंडल की दूसरी बैठक 18 मई को प्रस्तावित है, जिसमें महंगाई भत्ता (डीए), सातवें वेतन आयोग को लागू करने और अन्य प्रशासनिक मुद्दों पर महत्वपूर्ण निर्णय लिये जाने की संभावना है। मुख्यमंत्री शुभेंदु अधिकारी ने सोमवार को यह जानकारी दी। अधिकारी ने पत्रकारों से कहा कि बैठक में महिलाओं के खिलाफ अपराधों, भ्रष्टाचार और शासन संबंधी मुद्दों से निपटने के उपायों पर भी ध्यान केंद्रित किया जायेगा। उन्होंने कहा कि अगले सोमवार को मैं मंत्रिमंडल की एक और बैठक बुलाऊंगा जिसमें हम आरजी कर मुद्दे, महिलाओं पर अत्याचार तथा भ्रष्टाचार से निपटने के उपायों और वेतन आयोग पर चर्चा करेंगे। अधिकारी ने कहा कि समय की कमी के कारण मंत्रिमंडल की पहली बैठक में कई महत्वपूर्ण मामलों पर चर्चा नहीं हो सकी थी। उन्होंने कहा कि पहली बैठक में केवल पहले से तैयार फाइल पर ही निर्णय लिए गए। विस्तृत नीतिगत मामलों पर अगली बैठक में चर्चा की जाएगी। मुख्यमंत्री ने संकेत दिया कि राज्य सरकार के कर्मचारियों और पेंशनभोगियों को केंद्रीय दरों पर महंगाई भत्ता देने के संबंध में अगले सोमवार को मंत्रिमंडल की बैठक में निर्णय की घोषणा की जा सकती है। अधिकारी ने कहा कि वरिष्ठ मंत्रियों दिलीप घोष और अग्निमित्रा पॉल द्वारा मंत्रिमंडल की अगली बैठक की कार्यवाही के बारे में मीडिया को जानकारी दी जायेगी।

# शुभेंदु सरकार ने तृणमूल सांसद अभिषेक बनर्जी की जेड प्लस सुरक्षा वापस ली

## मुख्यमंत्री ने कहा... 'रुतबे के लिए सरकारी धन की बर्बादी नहीं'



**कोलकाता, समाज्ञा :** राज्य की राजनीति में आए 'महापरिवर्तन' के बाद अब पूर्ववर्ती सरकार के सबसे ताकतवर चेहरों पर प्रशासनिक शिकंजा कसना शुरू हो गया है। इसी क्रम में, सोमवार को एक बड़ा फैसला लेते हुए राज्य सरकार ने तृणमूल कांग्रेस के अखिल भारतीय महासचिव और डायमंड हार्बर के सांसद अभिषेक बनर्जी की 'जेड प्लस' सुरक्षा को तत्काल प्रभाव से वापस ले लिया है। अब वे एक सामान्य सांसद के लिए निर्धारित सुरक्षा घेरे में चलेंगे। मुख्यमंत्री शुभेंदु अधिकारी की अध्यक्षता में सोमवार को हुई उच्च स्तरीय प्रशासनिक और सुरक्षा समीक्षा बैठक के बाद यह कड़ा निर्णय लिया गया। सूत्रों के अनुसार, मुख्यमंत्री ने पुलिस और प्रशासनिक अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिया कि किसी भी राजनेता की सुरक्षा उसके वास्तविक जोखिम के आधार पर होनी चाहिए, न कि उसके राजनीतिक कद या प्रभाव के प्रदर्शन के लिए। मुख्यमंत्री ने दो टूक शब्दों में कहा कि प्रभाव दिखाने के लिए सरकारी खजाने का दुरुपयोग बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। बता दें कि पिछले एक दशक से भी अधिक समय से अभिषेक बनर्जी सुरक्षा के अभेद्य दुर्ग में रहते थे, जिसमें विशेष पायलट कार और भारी सुरक्षा बल शामिल था। नवान्न के ताजा निर्देश के बाद अब पायलट कार की सुविधा पूरी तरह हटा ली गई है। अतिरिक्त पुलिस बल को भी चरणबद्ध तरीके से वापस बुलाने की प्रक्रिया शुरू हो गई है।

### सभी नामित सदस्य और 60 से अधिक उम्र के रिटायर्ड अधिकारियों की सेवाएं समाप्त

राज्य सरकार ने सोमवार को सभी विभागों को निर्देश दिया कि वे उनके नियंत्रण में आने वाले गैर-वैधानिक निकायों, बोर्ड, संगठनों और सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों के मनोनीत सदस्यों, निदेशकों और अध्यक्षों की सेवाएं तत्काल समाप्त कर दें। सरकार ने एक आधिकारिक आदेश में विभागों को उन अधिकारियों और कर्मचारियों की पुनर्नियुक्ति और सेवाकाल विस्तार को समाप्त करने का भी निर्देश दिया है, जो 60 वर्ष की सामान्य सेवानिवृत्ति आयु के बाद भी सेवा में बने हुए हैं। सभी अतिरिक्त मुख्य सचिवों, प्रधान सचिवों और विभागों के सचिवों को संबोधित इस निर्देश में कहा गया है कि राज्य सरकार के विभिन्न विभागों में ऐसे अधिकारियों/कर्मचारियों, जो सेवानिवृत्ति की सामान्य आयु (60 वर्ष) के बाद पुनर्नियुक्ति या सेवा-विस्तार पर कार्यरत हैं, उनकी सेवाएं भी तुरंत समाप्त की जा सकती हैं। आदेश में कहा गया है कि यह निर्णय 'सक्षम प्राधिकारी की स्वीकृति से' लिया गया है। अधिकारियों ने हालांकि, इस कदम के कारणों के संबंध में तुरंत कोई स्पष्टीकरण नहीं दिया।

# हमें विपक्षी विधायकों के साथ मिलकर कार्य करना होगा : शुभेंदु

## नए मुख्यमंत्री ने नवनिर्वाचित भाजपा विधायकों के साथ बैठक में दिया संदेश



**कोलकाता, समाज्ञा :** राज्य के नए मुख्यमंत्री शुभेंदु अधिकारी ने सोमवार को राज्य सचिवालय नवान्न सभागार में नवनिर्वाचित भाजपा विधायकों के साथ भी एक महत्वपूर्ण बैठक की। सूत्रों के अनुसार, इस आंतरिक बैठक में शुभेंदु ने कहा कि राज्य के विकास के लिए हमें विपक्षी विधायकों के साथ मिलकर कार्य करना होगा। शुभेंदु ने राज्य के विकास व कल्याण के लिए राजनीतिक कटुता को दूर रखने और विपक्ष के साथ समन्वय बनाकर चलने पर जोर दिया। बैठक में सुवेंद ने भाजपा विधायकों को स्पष्ट संदेश दिया कि बालू व कोयली की तस्करी और मनी लांड्रिंग जैसी अवैध गतिविधियां बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने भाजपा विधायकों से जनता की समस्याओं से रूबरू होने, इसे दूर करने के लिए हरसंभव प्रयास करने और लोगों के सुख-दुख में खड़े रहने का आह्वान किया।

# नई सरकार ने ममता का डिजाइन किया लोगो हटाकर अशोक स्तंभ का इस्तेमाल शुरू

**कोलकाता, समाज्ञा :** राज्य में भाजपा की नई सरकार बनते ही पूर्ववर्ती ममता बनर्जी सरकार द्वारा सरकारी कामों में इस्तेमाल किए जाने वाले 'ब' वाले लोगो को हटाकर सिर्फ अशोक स्तंभ वाले चिह्न का इस्तेमाल शुरू कर दिया गया है। राज्य सरकार ने अपनी सभी आधिकारिक वेबसाइटों और लेटरहेड आदि से पूर्व मुख्यमंत्री ममता बनर्जी द्वारा डिजाइन किए गए 'ब' वाले लोगो को हटाने का फैसला किया है। इसकी जगह अब सिर्फ भारत सरकार के अशोक स्तंभ वाले लोगो का इस्तेमाल किया जाएगा। उल्लेखनीय है कि इससे पहले राज्य सरकार ममता बनर्जी द्वारा डिजाइन किए गए ब वाले लोगो का हर जगह इस्तेमाल कर रही थी। सरकारी वेबसाइटों से लेकर लेटरहेड आदि में गोलाकार आकर में ब वाले बड़े लोगो के साथ उसके उपर छोटे आकार में अशोक स्तंभ का इस्तेमाल किया जा रहा था। नई सरकार बनने के तुरंत बाद राज्य सरकार की सभी वेबसाइटों आदि से इसे हटाकर बड़े आकार में अशोक स्तंभ वाला लोगो लगाया गया है। अब मुख्यमंत्री व मंत्रियों से लेकर अधिकारियों के नए लेटरहेड सब जगह सिर्फ अशोक स्तंभ वाला लो-गो ही दिखेगा।

### आज बंगाल के प्रोटेम स्पीकर के रूप में शपथ लेंगे तापस राय

**कोलकाता, समाज्ञा :** भाजपा के नवनिर्वाचित व वरिष्ठ विधायक तापस राय मंगलवार को प्रोटेम स्पीकर के रूप में शपथ लेंगे। सूत्रों ने बताया कि लोक भवन में दोपहर बाद राज्यपाल आरएन रवि उन्हें पद व गोपनीयता की शपथ दिलाएंगे। प्रोटेम स्पीकर के रूप में राय ही इस बार नवनिर्वाचित विधायकों को विधानसभा में शपथ दिलाएंगे। 2024 के लोकसभा चुनाव से पहले तृणमूल कांग्रेस छोड़कर भाजपा में शामिल होने वाले तापस राय ने हाल में संपन्न विधानसभा चुनाव में कोलकाता की मानिकतल्ला सीट से पूर्व मंत्री दिवंगत साधन पांडेय की बेटी श्रेया पांडेय को हराकर निर्वाचित हुए हैं। इससे पहले वह कोलकाता से सटे बरानगर सीट से तृणमूल के टिकट पर लगातार छह बार विधायक निर्वाचित हुए थे।

# सीएम शुभेंदु को जान से मारने की धमकी, कहा... 'सीमा पर ही दफना देंगे'

**कोलकाता, समाज्ञा :** राज्य के नए मुख्यमंत्री शुभेंदु अधिकारी को जान से मारने की सीधी धमकी मिलने का मामला सामने आया है। 'दी डेली इंकलाब' नामक फेसबुक पेज पर प्रसारित एक वीडियो में एक मुस्लिम व्यक्ति को मुख्यमंत्री के विरुद्ध हिंसक और बेहद आपत्तिजनक भाषा का प्रयोग हिंदी में बोलते हुए कर रहा है। इस फेसबुक पेज पर मौजूद दी डेली इंकलाब नाम के साथ बांग्लादेश का झंडा है जिससे अनुमान लगाया रहा है कि उक्त वीडियो बांग्लादेश में बना है लेकिन बोलने वाला शख्स हिंदी साफ-साफ बोल रहा है। पुलिस वीडियो की जांच कर रही है। वायरल वीडियो में आरोपित व्यक्ति मुख्यमंत्री को 'सीमा पर ही दफनाने' और उन पर शारीरिक हमला करने की धमकी दे रहा है। हालांकि, स्थानीय प्रशासन ने अभी तक इस वीडियो की प्रमाणिकता की स्वतंत्र रूप से पुष्टि नहीं की है।

# ईडी ने लंबी पूछताछ के बाद पूर्व मंत्री सुजीत बोस को भर्ती घोटाला मामले में किया गिरफ्तार



**कोलकाता, समाज्ञा :** नगरपालिका भर्ती घोटाले में ईडी ने बंगाल के पूर्व अग्निशमन मंत्री सुजीत बोस को सोमवार को मैराथन पूछताछ के बाद गिरफ्तार कर लिया। सुजीत को सुबह जिरह के लिए ईडी के साल्टलेक के सीजीओ कॉम्प्लेक्स स्थित कार्यालय में तलब किया गया था। सूत्रों ने बताया कि पूछताछ के दौरान उनकी बातों में विसंगतियां पाए जाने के बाद उन्हें गिरफ्तार कर लिया गया। सुजीत पर रुपये लेकर नगरपालिकाओं में नियुक्तियां कराने का आरोप है। उन्हें गत विधानसभा चुनाव के दौरान ईडी ने कई बार तलब किया था, हालांकि चुनाव प्रचार में व्यस्त होने का हवाला देकर वे हाजिर नहीं हुए थे। मतदान संपन्न होने के बाद वे गत एक मई को ईडी कार्यालय गए थे। उन्हें सोमवार को फिर तलब किया गया था। वे अपने पुत्र के साथ ईडी कार्यालय पहुंचे थे। करीब 10 घंटे पूछताछ के बाद उन्हें गिरफ्तार कर लिया गया। सूत्रों ने बताया कि ईडी को सुजीत के बैंक खातों में काफी आर्थिक अनियमितताएं मिली हैं। पूछताछ में वे उन्हें लेकर कोई संतोषजनक उत्तर नहीं दे पाए।

**मेट्रो रेलवे, कोलकाता**

**इच्छा की अभिव्यक्ति (ईओआई) का निरस्तीकरण**

मेट्रो रेलवे, कोलकाता की ब्लू लाइन के 26 स्टेशनों अर्थात दक्षिणेश्वर-कवि सुभाष और ग्रीन लाइन के 5 स्टेशनों अर्थात सियालदह, फूलबागान, सिटी सेंटर, करुणामयी और सॉल्ट लेक सेक्टर V में डिजिटल स्टैंडी (35 अदद) के माध्यम से विज्ञापन प्रदर्शित करने के लिए बाज़ार की सर्वोत्तम दरें प्राप्त करने हेतु इस रेलवे द्वारा **दिनांक 03.05.2026** को प्रकाशित उक्त ईओआई को प्रशासनिक कारण से **एतद्द्वारा निरस्त** किया जाता है। इस संबंध में नई तिथि की सूचना यथा समय दी जाएगी।

**उप मुख्य यांत्रिक अभियंता/पीएलजी. एवं ईएनएचएम**

हमें यहाँ देखें: /metrorailwaykol /metrorailkolkata

**दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे**

**विविध कार्य हेतु ई-निविदा सूचना**

**क्र.संख्या (1) ई-निविदा संख्या:94A-एसटी-टेंडर-2026, दिनांक: 06.05.2026.**

**कार्य:** "संकेत एवं दूरसंचार कार्य के संबंध में (1) बिलासपुर में वंदेभारत चेयर कार रखरखाव डिपो का विकास/उन्नयन, (2) कोचिंग संस्थानों के रखरखाव के लिए परीक्षा सुविधा में रोलिंग का उन्नयन, (3) मुख्यालय कार्यालय में माल ढुलाई गतिविधियों की निगरानी केंद्र का उन्नयन और (4) बिलासपुर में प्रतिदिन 10 टन (यानी प्रति शिफ्ट 5 टन) की क्षमता वाली मशीनीकृत लॉन्ड्री की स्थापना।" **निविदा मूल्य:** ₹ 1,87,85,905.19 (₹ एक करोड़ सत्यासी लाख पच्यासी हजार नौ सौ पाँच रुपये एवं उन्नीस पैसे मात्र)। **अमानत राशि:** ₹ 3,75,700/- (₹ तीन लाख पचहत्तर हजार सात सौ मात्र)।

**निविदा जमा होने की तिथि: 29.05.2026 के 15.00** बजे तक।

उपरोक्त ई-निविदा सूचना की पूरी जानकारी वेबसाइट **https://www.ireps.gov.in** पर उपलब्ध है। उपरोक्त निविदा हेतु ई-टेन्डर के अलावा अन्य निविदा स्वीकार नही की जाएगी।

*मंडल संकेत एवं दूरसंचार इंजी./ सीपीआर/10/101 (मेन लाईन),बिलासपुर*

South East Central Railway @secrail

**पे एंड यूज टायलेट अनुबंध को प्रदान करने के लिए ई-नीलामी**

कटिहार मंडल के अंतर्गत पे एंड यूज टायलेट अनुबंध को प्रदान करने के लिए ई-नीलामी। विवरण नीचे दिये गये है। **नीलामी कैटलॉग सं.:** C-Pay-Use-AUB-2। **नीलामी शुरू होने की तिथि एवं समय ( सभी लॉट ): 29-05-2026** को **10:00** बजे। **नीलामी बंद होने की तिथि एवं समय: 29-05-2026** को **10:30** बजे। **दर इकाई:** वार्षिक लाइसेंसिंग शुल्क। **फेरे/दिन:** 1096।

| क्र. सं. | लॉट नं./कटेगरी | विवरण |
|---|---|---|
| एए/1 | पीएनयू-केआईआर-एयूबी-टीओआई-218-26-1 (पे एंड यूज -टायलेट्स) | अलुयाबाड़ी रोड रेलवे स्टेशन पर केवल तीन वर्षों की अवधि के लिए पे एंड यूज टायलेट अनुबंध को प्रदान करना। |

प्रेस अधिसूचना **07-05-2026** को ई-नीलामी पोर्टल **https://www.ireps.gov.in** के जरिये आईआरईपीएस वेबसाइट पर पहले ही अपलोड हो चुकी है।

**मंडल रेलवे प्रबंधक ( सी ), कटिहार**

**पूर्वोत्तर सीमा रेलवे**

*ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ*

**खड़गपुर मंडल में पार्किंग अनुबंध के लिए ई-नीलामी सूचना**

**ई-नीलामी सूचना संख्या: सीओएम/जी-30/2/पार्किंग/सीपीआरओ/26/06 एंड 07 दिनांक: 08.05.2026**

भारत के राष्ट्रपति के लिए तथा उनकी ओर से वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक, खड़गपुर मंडल, दक्षिण पूर्व रलवे निम्नलिखित कार्य के लिए ई-नीलामी आमंत्रित करते हैं- पांतिहाल, पांसकुड़ा (दक्षिण/1), मौरीग्राम, नलपुर, खड़गपुर (उत्तर), गिधनी, कुलगाछिया एवं बेनापुर में दो पहिया वाहनों की पार्किंग तथा कलाईकुंडा और शालीमार में मिश्रित पार्किंग के लिए पार्किंग लॉट। **नीलामी कैटलॉग संख्या : पीएक्यूआरकेआईएनजीकेजीपी-26-, नीलामी की तारीख:** 25.05.2026। **नीलामी शुरू होने का समय:** सुबह 10:30 बजे और **बंद होने का समय:** दोपहर 12:30 बजे, जिसकी सूचना वेबसाइट **https://www.ireps.gov.in** पर दी गई है। तथा सांतरागाछी एवं मिदनापुर (पूरब) में चार पहिया वाहनों की पार्किंग तथा खड़गपुर (दक्षिण/1), बड़गछिया, बागनान (दक्षिण), गिरिमैदान (उत्तर), नारायणगढ़ में दो पहिया वाहनों की पार्किंग और बाउरिया, चाकुलिया एवं नंदकुमार में मिश्रित पार्किंग के लिए पार्किंग लॉट। **नीलामी कैटलॉग संख्या: पीएक्यूआरकेआईएनजी केजीपी26-7, नीलामी की तारीख:** 26.05.2026। **नीलामी शुरू होने का समय:** सुबह 11:00 बजे और **बंद होने का समय:** दोपहर 1:00 बजे, जिसकी सूचना वेबसाइट **https://www.ireps.gov.in** पर दी गई है। इच्छुक पार्टियां और ठेकेदार कृपया इसका संज्ञान लें और ई-नीलामी सूचना के बारे में विवरण और संबंधित जानकारी के लिए ऊपर बताई गई वेबसाइट देखें। पूछताछ/स्पष्टीकरण, यदि कोई हो, के लिए कृपया अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय से संपर्क करें।

(PR-150) **वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक, खड़गपुर**

**दक्षिण पूर्व रेलवे**

*मुस्कान के साथ सेवा*

**पूर्वोत्तर सीमा रेलवे के तहत नॉन-इंटरलॉकिंग कार्य के लिए ट्रेनों की नियंत्रण व्यवस्था**

पूर्वोत्तर सीमा रेलवे के तहत कटिहार मंडल के पांजीपाड़ा-सूर्य कमल खंड में ऑटोमेटिक ब्लॉक सिग्नलिंग चालू करने के लिए, पांजीपाड़ा, किशनगंज, हटवार, कनकी और सूर्यकमल स्टेशनों पर दिनांक 13.05.26, 14.05.26 और 15.05.26 को 3 दिनों के लिए प्रतिदिन 2 घंटे 30 मिनट (12.30 बजे से 15.00 बजे तक) प्री-नॉन इंटरलॉकिंग कार्य, दिनांक 16.05.26 को 12 घंटे (11.30 बजे से 23.30 बजे तक) नॉन-इंटरलॉकिंग कार्य का निष्पादन किया जाएगा और दिनांक 16.05.26 को 23.30 बजे से 17.05.26 को 03.30 बजे तक 4 घंटे का ट्रैफिक ब्लॉक आवश्यक होगा। इसके परिणामस्वरूप, निम्नलिखित ट्रेनों को निम्नानुसार नियंत्रित किया जाएगा: ● **ट्रेनों का निरस्तीकरण: (1) 55422 बालुरघाट-मालदा टाउन पैसेंजर** (यात्रा शुरू दिनांक 15.05.26) **(2) 55421 मालदा टाउन-बालुरघाट पैसेंजर** (यात्रा शुरू दिनांक 16.05.26) **(3) 15710 न्यू जलपाईगुड़ी-मालदा टाउन इंटरसिटी एक्सप्रेस** (यात्रा शुरू दिनांक 16.05.26) **(4) 15709 मालदा टाउन-न्यू जलपाईगुड़ी इंटरसिटी एक्सप्रेस** (यात्रा शुरू दिनांक 16.05.26) ● **ट्रेनों का पुनर्निर्धारण: (1) 12345 हावड़ा-गुवाहाटी सरायघाट एक्सप्रेस** (यात्रा शुरू दिनांक 16.05.26) को 16.05 बजे के बदले 20.00 बजे पुनर्निर्धारित किया जाएगा। **(2) 13141 सियालदह-न्यू अलीपुरद्वार तीस्ता तोर्सा एक्सप्रेस** (यात्रा शुरू दिनांक 16.05.26) को 15.00 बजे के बदले 18.20 बजे पुनर्निर्धारित किया जाएगा। **(3) 15647 लोकमान्य तिलक टर्मिनस-गुवाहाटी एक्सप्रेस** (यात्रा शुरू दिनांक 15.05.26) को 08.05 बजे के बदले 10.00 बजे पुनर्निर्धारित किया जाएगा। **(4) 27575 हावड़ा-कामाख्या वंदे भारत स्लीपर एक्सप्रेस** (यात्रा शुरू दिनांक 16.05.26) को 18.20 बजे के बदले 21.20 बजे पुनर्निर्धारित किया जाएगा। **(5) 27576 कामाख्या-हावड़ा वंदे भारत स्लीपर एक्सप्रेस** (यात्रा शुरू दिनांक 16.05.26) को 18.15 बजे के बदले 20.45 बजे पुनर्निर्धारित किया जाएगा और **27576 कामाख्या-हावड़ा वंदे भारत स्लीपर एक्सप्रेस** (यात्रा शुरू दिनांक 17.05.26) को 18.15 बजे के बदले 19.15 बजे पुनर्निर्धारित किया जाएगा। **(6) 15658 कामाख्या-दिल्ली ब्रह्मपुत्र मेल** (यात्रा शुरू दिनांक 16.05.26) को 16.55 बजे के बदले 19.00 बजे पुनर्निर्धारित किया जाएगा। ● **ट्रेनों का नियंत्रण: (1) 07046 सिकंदराबाद-नाहरलगुन स्पेशल** (यात्रा शुरू दिनांक 15.05.26) को मार्ग में 3 घंटे के लिए नियंत्रित किया जाएगा। **(2) 15657 दिल्ली-कामाख्या ब्रह्मपुत्र मेल** (यात्रा शुरू दिनांक 15.05.26) को मार्ग में 2 घंटे के लिए नियंत्रित किया जाएगा और **(3) 12503 एसएमवीटी बेंगलुरु-अगरतला हमसफर एक्सप्रेस** (यात्रा शुरू दिनांक 15.05.26) को मार्ग में 1 घंटे के लिए नियंत्रित किया जाएगा। असुविधा के लिए खेद है।

**मुख्य यात्री परिवहन प्रबंधक**

**पूर्व रेलवे**

हमें यहाँ देखें : @EasternRailway @easternrailwayheadquarter

**पूर्व रेलवे**

**ई-नीलामी आमंत्रण सूचना**

वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक, पूर्व रेलवे, हावड़ा मंडल, नई डीआरएम बिल्डिंग, रेल म्यूजियम के पास, हावड़ा-711101 द्वारा हावड़ा मंडल के तहत कटवा स्टेशन, सांईथिया स्टेशन, पाकुड़ सी एरिया, बेलमुड़ी स्टेशन पर सामान्य पे एंड यूज शौचालयों के परिचालन और रखरखाव के लिए नया ठेका प्रदान करने हेतु ई-नीलामी आमंत्रित की जाती है। संदर्भित ई-नीलामी रेलवे बोर्ड के वर्ष 2022 के फ्रेट मार्केटिंग सर्कुलर नं. 11 एवं वर्ष 2022 के कमर्शियल सर्कुलर नं. 14 के अनुसार संचालित है। अधिक जानकारी एवं ई-नीलामी में भागीदारी के लिए कृपया वेबसाइट **www.ireps.gov.in ई-ऑक्शन लीजिंग मॉड्यूल** के जरिए देखें।

**ऑक्शन कैटलॉग सं.: पीएनयू-एचडब्ल्यूएच-10-26**

**लॉट सं./कैटेगरी और स्टेशन:** (1) पीएनयू-एचडब्ल्यूएच-केडब्ल्यूई-टीओआई-27-52-2, कटवा। (2) पीएनयू-एचडब्ल्यूएच-एसएनटी-टीओआई-83-26-1, सांईथिया। (3) पीएनयू-एचडब्ल्यूएच-पीकेआर-टीओआई-73-25-2, पाकुड़। (4) पीएनयू-एचडब्ल्यूएच-बीएमएई-टीओआई-77-25-1, बेलमुड़ी।

**नीलामी की तिथि और समय :** दिनांक 21.05.2026 को 13.30 बजे।

HWH-58/2026-27

निविदा सूचना वेबसाइट www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है

हमें यहाँ देखें: @EasternRailway @easternrailwayheadquarter

**पूर्व रेलवे**

**ई-नीलामी आमंत्रण सूचना**

**ई-नीलामी सूचना सं. : सीओएम/पीयूबी/एचडब्ल्यूएच/26/11, दिनांक :07.05.2026**

वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक, पूर्व रेलवे, हावड़ा मंडल, नई डीआरएम बिल्डिंग, चतुर्थ तल, रेल म्यूजियम के पास, हावड़ा-711101 द्वारा हावड़ा मंडल के तहत फार्मेसी के साथ इमर्जेंसी मेडिकल रूम, डिजिटल स्टोरेज लॉकर, मल्टी-शॉपिंग आर्केड और ट्रैवल हेल्प डेस्क/ट्रैवलर्स इंफॉर्मेशन और प्रमोशनल कियोस्क हेतु अनुबंध प्रदान करने के लिए ई-नीलामी आमंत्रित की जाती है।

**कैटलॉग सं.: पीयूबी-एचडब्ल्यूएच-26-11**

**क्रम सं.:** एए/1, **लॉट सं.: एमएसएस-एचडब्ल्यूएच-आरपीएच-एमईडीएसटीएन-42-26-1 (एमआईएससी-स्टैटिक-सर्विसेस-स्टेशन पर चिकित्सा सुविधाएं), विवरण:** पाँच (05) वर्ष की अवधि के लिए हावड़ा मंडल के रामपुरहाट रेलवे स्टेशन पर फार्मेसी के साथ इमर्जेंसी मेडिकल रूम की स्थापना और परिचालन के लिए अनुबंध प्रदान करना। **क्रम सं.: एबी/1, लॉट सं.: एमएसएस-एचडब्ल्यूएच-बीएचपी-डीआईजीआईएल-32-25-1 (एमआईएससी - स्टैटिक-सर्विसेस-स्टेशन पर डिजिटल लॉकर), विवरण:** तीन (03) वर्ष की अवधि के लिए हावड़ा मंडल के बोलपुर रेलवे स्टेशन पर डिजिटल स्टोरेज लॉकरों की स्थापना, परिचालन और रखरखाव के लिए अनुबंध प्रदान करना। **क्रम सं.: एसी/1, लॉट सं.: एमएसएस-एचडब्ल्यूएच-एसएचई-एसटीजीईएन-78-26-1 (एमआईएससी - स्टैटिक-सर्विसेस-स्टैटिक जनरल), विवरण:** दस (10) वर्ष की अवधि के लिए हावड़ा मंडल के सेवड़ाफुली जंक्शन रेलवे स्टेशन एबीएसएस स्टेशन बिल्डिंग (प्रथम एवं द्वितीय तल) पर मल्टी-शॉपिंग आर्केड की स्थापना, परिचालन और रखरखाव के लिए अनुबंध प्रदान करना। **क्रम सं.: एसी/2, लॉट सं.: एमएसएस-एचडब्ल्यूएच-टीएके-एसटीजीईएन-79-26-1 (एमआईएससी - स्टैटिक-सर्विसेस-स्टैटिक जनरल), विवरण:** दस (10) वर्ष की अवधि के लिए हावड़ा मंडल के तारकेश्वर रेलवे स्टेशन पर मल्टी-शॉपिंग आर्केड की स्थापना, परिचालन और रखरखाव के लिए अनुबंध प्रदान करना। **क्रम सं.: एडी/1, लॉट सं.: एमएसएस-एचडब्ल्यूएच-एजेड-टीएचडीपीके-70-26-1 (एमआईएससी-स्टैटिक-सर्विसेस-ट्रैवल हेल्प डेस्क/ ट्रैवलर्स इंफॉर्मेशन और प्रमोशनल कियोस्क), विवरण:** तीन (03) वर्ष की अवधि के लिए हावड़ा मंडल के आजिमगंज रेलवे स्टेशन पर 'ट्रैवल हेल्प डेस्क/ट्रैवलर्स इंफॉर्मेशन और प्रमोशनल कियोस्क' सुविधा की स्थापना, परिचालन और रखरखाव के लिए अनुबंध प्रदान करना।

**नीलामी शुरू होने की तिथि और समय:** 22.05.2026 को 12.00 बजे।

HWH-57/2026-27

निविदा सूचना वेबसाइट www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है

हमें यहाँ देखें: @EasternRailway @easternrailwayheadquarter

# न्यायालय ने एसआईआर से संबंधित मुद्दे पर ममता, अन्य को नयी याचिकाएं दायर करने की दी अनुमति

**नयी दिल्ली/कोलकाता :** उच्चतम न्यायालय ने सोमवार को कहा कि पूर्व मुख्यमंत्री ममता बनर्जी और अन्य व्यक्ति अपने इन दावों के संबंध में नयी याचिकाएं दायर कर सकते हैं कि राज्य में हाल में हुए चुनाव में विभिन्न विधानसभा क्षेत्रों में जीत का अंतर मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) के दौरान हटाये (डिलीट किए) गये वोटों की तुलना में कम रहा। प्रधान न्यायाधीश सूर्यकांत और न्यायमूर्ति जॉयमाल्या बागची की पीठ ने यह टिप्पणी वरिष्ठ अधिवक्ता एवं तृणमूल कांग्रेस के सांसद कल्याण बनर्जी के इस आरोप के बाद की कि 31 सीट पर जीत का अंतर 'डिलीट' किए गए मतों के मुकाबले कम रहा। कल्याण बनर्जी ने न्यायमूर्ति बागची की पहले की उस टिप्पणी का हवाला दिया,



जिसमें कहा गया था कि यदि जीत का अंतर एसआईआर के दौरान हटाए गए नामों की संख्या से कम होता है, तो शीर्ष अदालत शिकायतों पर विचार कर सकती है। उनकी इन दलीलों का पीठ ने संज्ञान लिया। निर्वाचन आयोग की ओर से पेश वरिष्ठ अधिवक्ता डी.एस. नायडू ने बनर्जी की दलीलों का विरोध करते हुए कहा कि इस मामले में उचित उपाय चुनाव याचिका दायर करना है। नायडू ने कहा कि एसआईआर और मतदाता सूचियों की समीक्षा के दौरान मतदाताओं के नाम जोड़ने या हटाने से संबंधित अपीलों के मामलों में निर्वाचन आयोग को जवाबदेह ठहराया जा सकता है। शुरुआत में, कल्याण बनर्जी ने जीत के अंतर पर न्यायमूर्ति बागची की पिछली टिप्पणी का उल्लेख करते हुए कहा कि मेरे एक उम्मीदवार को 862 वोट से हार का सामना करना पड़ा और दिलचस्प बात यह है कि उस निर्वाचन क्षेत्र में एसआईआर के दौरान 5,500 मतदाताओं के नाम हटाए गए थे। उन्होंने दावा किया कि 31 सीट ऐसी हैं, जहां जीत का अंतर हटाए गए वोटों की तुलना में कम रहा। न्यायमूर्ति बागची ने कहा कि परिणामों के बारे में आप जो कहना चाहते हैं, उसके लिए स्वतंत्र अंतरिम आवेदन दायर करने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि निर्वाचन आयोग यदि कह रहा है कि चुनाव याचिका ही इसका समाधान है तो यह आयोग के जवाबी हलफनामे में प्रतिक्रिया के रूप में शामिल किया जा सकता है। एक याचिकाकर्ता की ओर से पेश वरिष्ठ अधिवक्ता मेनका गुरुस्वामी ने कहा कि ऐसा महसूस किया जा रहा है कि अपीलीय न्यायाधिकरण अब मतदाता सूची से नाम हटाए जाने के खिलाफ दायर अपीलों का निपटारा करने में चार साल तक का समय ले सकते हैं। प्रधान न्यायाधीश सूर्यकांत ने कहा कि वह इस बात पर गौर कर सकते हैं कि मतदाता सूची से नाम हटाए जाने के खिलाफ दायर अपीलों के निपटारे की प्रक्रिया में कोई सुधार किया जा सकता है या नहीं।

### न्यायिक अधिकारियों के 'घेराव' मामले की जांच एनआईए दो महीने के भीतर पूरी करे : सुप्रीम कोर्ट

उच्चतम न्यायालय ने सोमवार को राष्ट्रीय अन्वेषण अभिकरण (एनआईए) को मालदा जिले में एक अप्रैल को हुई हिंसा की जांच दो महीने के भीतर पूरी करने का निर्देश दिया। प्रधान न्यायाधीश सूर्यकांत और न्यायमूर्ति जॉयमाल्या बागची की पीठ ने कहा कि एनआईए को जांच पूरी करने के बाद सक्षम क्षेत्राधिकार वाले न्यायालय के समक्ष अपनी रिपोर्ट दाखिल करनी चाहिए। पीठ ने पूछा कि जांच की क्या स्थिति है? क्या यह पूरी हो चुकी है? एनआईए की ओर से पेश हुए अतिरिक्त सॉलिसिटर जनरल एस.वी. राजू ने कहा कि वह विस्तृत स्थिति रिपोर्ट दाखिल करेंगे। पीठ ने कहा कि हमारा मानना है कि एनआईए को जल्द से जल्द जांच पूरी करने दें, संभव हो तो दो महीने के भीतर। पीठ ने टिप्पणी की कि आप अपना आरोप-पत्र दाखिल करें। कानून अपना काम करेगा। न्यायालय ने 24 अप्रैल को एनआईए को मामले की जांच पूरी होने पर आरोप-पत्र दाखिल करने की अनुमति दी थी।

# मुर्शिदाबाद में 28 करोड़ के भ्रष्टाचार का आरोप

### हुमायूं कबीर ने पंचायत कार्यालय पर जड़ा ताला

**मुर्शिदाबाद :** जिले के बेलडांगा दो नंबर पंचायत समिति कार्यालय में सोमवार को भारी हंगामा देखने को मिला, जब आम जनता उन्नयन पार्टी के नेता हुमायूं कबीर ने कार्यालय में ताला जड़ दिया। उन्होंने आरोप लगाया कि पूर्व तृणमूल कांग्रेस सरकार के दौरान 'पाड़ाय समाधान' योजना में करीब 28 करोड़ रुपये का भ्रष्टाचार हुआ है। हुमायूं कबीर का दावा है कि तृणमूल संचालित बेलडांगा दो नंबर पंचायत समिति के नेतृत्व में इस घोटाले को अंजाम दिया गया। उन्होंने इस मामले में अताउर रहमान को भी निशाने पर लिया। कबीर ने कहा कि पूरे मामले की निष्पक्ष जांच होनी चाहिए और जब तक जांच पूरी नहीं होती, तब तक संबंधित कामों का कोई बकाया भुगतान नहीं किया जाना चाहिए। इसी कारण उन्होंने पंचायत समिति कार्यालय में ताला लगाकर चाबी अपने पास रख ली, ताकि अधिकारी अंदर प्रवेश न कर सकें। इस घटना के बाद बेलडांगा क्षेत्र में पंचायत समिति कार्यालय और बीडीओ कार्यालय परिसर में तनावपूर्ण स्थिति बन गई। हुमायूं कबीर ने इस संबंध में बीडीओ को ज्ञापन भी सौंपा है।

### बदमाशों के हमले में एक ही परिवार के छह सदस्य घायल

**मुर्शिदाबाद :** जिले के शमशेरगंज थाना अंतर्गत घनश्यामपुर गांव में रविवार रात एक ही परिवार के छह लोगों पर धारदार हथियार से हमले की घटना सामने आई है। सोमवार को भी इलाके में दहशत का माहौल रहा। बताया जा रहा है कि एक युवती के साथ लगातार छेड़छाड़ की घटना को लेकर परिवार ने पुलिस में शिकायत दर्ज कराई थी। इसी के चलते आरोपितों ने रविवार रात पीड़ित युवती के घर पर हमला कर महिला व बच्चों समेत परिवार के छह सदस्यों को गंभीर रूप से घायल कर दिया। घायलों को जंगीपुर महकमा अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां तीन की हालत नाजुक बताई जा रही है। सभी घायल एक ही परिवार के सदस्य है। घटना की सूचना पाकर शमशेरगंज थाना पुलिस मौके पर पहुंची और स्थिति को नियंत्रित किया। पुलिस मामले की जांच में जुटी है।

# आईएसडब्ल्यूएआई ने बढ़ती लागत के बीच राज्य सरकार से शराब कीमतों में संशोधन की मांग की

**कोलकाता, समाज्ञा :** इंटरनेशनल स्पिरिट्स एंड वाइन्स एसोसिएशन ऑफ इंडिया (आईएसडब्ल्यूएआई) ने पश्चिम एशिया में जारी संघर्ष और वैश्विक ऊर्जा संकट के कारण बढ़ती उत्पादन एवं पैकेजिंग लागत को लेकर राज्य सरकार से शराब उत्पादों की कीमतों में संशोधन की अनुमति देने की मांग की है। संगठन ने कहा कि ऊर्जा संसाधनों और कमोडिटी बाजार में लगातार बढ़ रही अस्थिरता का सीधा असर स्पिरिट्स उद्योग पर पड़ रहा है, जिससे कंपनियों के लिए मौजूदा मूल्य संरचना में कारोबार चलाना कठिन होता जा रहा है। आईएसडब्ल्यूएआई के मुख्य कार्यकारी अधिकारी संजीत पाधी ने कहा कि जिन राज्यों में कीमतें नियंत्रित हैं, वहां सरकारों को संतुलित और व्यावहारिक दृष्टिकोण अपनाने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि मूल्य संशोधन की अनुमति मिलने से उद्योग की कारोबारी निरंतरता बनी रहेगी, उपभोक्ताओं को उत्पादों की निर्बाध आपूर्ति सुनिश्चित होगी और लाखों लोगों के रोजगार सुरक्षित रहेंगे। संगठन के अनुसार, पिछले दो वर्षों में कांच की बोतलें, प्लास्टिक कैप, लेबल, पीईटी रेजिन, कार्टन और पेपरबोर्ड जैसे प्रमुख पैकेजिंग उत्पादों की कीमतों में भारी बढ़ोतरी हुई है। आईएसडब्ल्यूएआई ने कहा कि स्पिरिट्स उद्योग में कुल उत्पादन लागत का 40 से 50 प्रतिशत हिस्सा केवल पैकेजिंग पर खर्च होता है। ऐसे में बढ़ती ऊर्जा और लॉजिस्टिक्स लागत के कारण उद्योग की कुल लागत में 7 से 10 प्रतिशत तक की अतिरिक्त वृद्धि का अनुमान है, जिससे कंपनियों पर गंभीर आर्थिक दबाव बना हुआ है।

# मालदह में अवैध हथियार और कारतूस के साथ युवक गिरफ्तार

**मालदह :** मालदह जिला पुलिस ने अवैध हथियारों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान में बड़ी सफलता हासिल करते हुए एक युवक को देसी हथियार और जिंदा कारतूस के साथ गिरफ्तार किया है। पुलिस की यह कार्रवाई गुप्त सूचना के आधार पर कालियाचक थाना क्षेत्र में की गई। जानकारी के अनुसार, कालियाचक थाना पुलिस को सूचना मिली थी कि बड़ा नगरडांगा इलाके में एक युवक संदिग्ध रूप से अवैध हथियार लेकर घूम रहा है। सूचना मिलते ही पुलिस ने इलाके में अभियान चलाकर एक युवक को हिरासत में लिया। तलाशी के दौरान उसके पास से एक देशी वन शॉटर बंदूक और एक राउंड ताजा कारतूस बरामद किया गया। गिरफ्तार



आरोपी की पहचान जहांगीर बादशा के रूप में हुई है। वह कालियाचक थाना अंतर्गत जलालपुर ग्राम पंचायत के बड़ा नगरडांगा इलाके का निवासी बताया गया है। पुलिस ने कानूनी प्रक्रिया के तहत बरामद हथियार और कारतूस को जब्त कर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। इस मामले में संबंधित धाराओं के तहत केस दर्ज किया गया है। आरोपी को पुलिस हिरासत की मांग के साथ मालदह जिला अदालत में पेश किया गया। पुलिस पूरे मामले की गहन जांच कर रही है।

# बादुरिया में दामाद पर ससुर को सुपारी किलर से मरवाने का आरोप

**कोलकाता, समाज्ञा :** उत्तर 24 परगना जिले के बादुरिया थाना क्षेत्र में एक सनसनीखेज हत्या का मामला सामने आया है, जहां पारिवारिक विवाद के चलते दामाद पर अपने ससुर की हत्या करवाने का आरोप लगा है। जानकारी के अनुसार, बादुरिया थाना अंतर्गत तेतुलिया ब्रिज के पास भाटा रोड इलाके से काजी मोजाफ्फर अहमद (49) का शव बरामद किया गया। घटनास्थल से मृतक की मोटरसाइकिल और एक चार पहिया वाहन भी बरामद हुआ है। प्रारंभिक जांच में पुलिस को संदेह है कि पहले गला दबाकर हत्या की गई और बाद में हत्या को दूसरी दिशा देने के लिए मृतक के मुंह में जहर डाल दिया गया, ताकि मामला सामान्य मौत या आत्महत्या जैसा लगे। घटना की सूचना मिलते ही बादुरिया थाना पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू की। जांच के दौरान पुलिस ने मृतक के दामाद शमीम गाजी सहित दो लोगों को हिरासत में लिया। लंबी पूछताछ के बाद दोनों को गिरफ्तार कर हत्या का मामला दर्ज किया गया। बशीरहाट पुलिस जिले की पुलिस अधीक्षक अलोकानंदा भौवाल ने बताया कि मामले में दो लोगों को गिरफ्तार किया गया है और हत्या के पीछे की असली वजह तथा अन्य संभावित आरोपियों की संलिप्तता की जांच जारी है। पुलिस कई लोगों से पूछताछ कर रही है तथा आरोपियों को अदालत में पेश करने की तैयारी की जा रही है।

# पूर्व रेलवे का आसनसोल-झाझा सेक्शन में मेगा ब्लॉक सफल, सुरक्षा और इंफ्रास्ट्रक्चर को मिली मजबूती

**कोलकाता, समाज्ञा :** पूर्व रेलवे ने आसनसोल-झाझा सेक्शन में 10 मई को सात घंटे का मेगा ब्लॉक सफलतापूर्वक पूरा कर रेलवे इंफ्रास्ट्रक्चर उन्नयन और सुरक्षा सुधार की दिशा में बड़ा कदम उठाया है। इस दौरान इंजीनियरिंग, सिग्नल, टेलीकॉम और टीआरडी (ट्रैक्शन डिस्ट्रीब्यूशन) विभागों द्वारा व्यापक स्तर पर रखरखाव, तकनीकी उन्नयन और सुरक्षा संबंधी कार्य किए गए। मेगा ब्लॉक के दौरान लिमिटेड हाइट सबवे-8 और एलएचएस-17 पर 12 प्रीकास्ट बॉक्स और 11 बेस स्लैब लॉन्च किए गए। पूरे अभियान को सफलतापूर्वक अंजाम देने के लिए कुल 965 कर्मचारियों को तैनात किया गया था। इंजीनियरिंग विभाग ने ट्रैक और रेलवे ढांचे के रखरखाव से जुड़े कई महत्वपूर्ण कार्य



पूरे किए। इनमें 7000 टीएम डी-स्ट्रेसिंग, 1000 टीएम टीएफआर, 6000 टीएम ईआरसी ग्रीसिंग, 32 एसकेवी वेल्डिंग, 170 टीएम रेल नवीनीकरण तथा यूनिमैट और सीएसएम कार्य शामिल रहे। इसके अलावा, सिंगल स्लिप डायमंड क्रॉसिंग, स्विच और क्रॉसिंग बदलने जैसे कई तकनीकी कार्य भी किए गए। सिग्नल विभाग ने जामताड़ा, आसनसोल, सालानपुर, घोरपारण, चित्तरंजन और सीतारामपुर स्टेशनों पर पॉइंट मशीन, ईकेटी, डबल लाइन ब्लॉक इंस्ट्रूमेंट और सिग्नल सर्किटों का रखरखाव और मरम्मत कार्य किया। वहीं, टेलीकॉम विभाग ने बीपीएसी सिस्टम, पब्लिक एड्रेस सिस्टम, ओएफसी हट और केबल टेस्टिंग से जुड़े कार्य पूरे किए। टीआरडी विभाग ने ओएचई सिस्टम के रखरखाव, इंसुलेटर बदलने, फीडर जम्पर वायर प्रतिस्थापन और आइसोलेटर क्षमता को 800 एम्पीयर से बढ़ाकर 1600 एम्पीयर करने का कार्य किया। पूर्व रेलवे के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी शिबराम माझी ने कहा कि यह मेगा ब्लॉक भविष्य की जरूरतों को ध्यान में रखते हुए रेलवे नेटवर्क को अधिक सुरक्षित, तेज और विश्वसनीय बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण पहल है।

# नशे के लिए पैसे नहीं देने पर पति ने की पत्नी की हत्या ,आरोपी गिरफ्तार

**कोलकाता, समाज्ञा :** नदिया जिले के नाकाशीपाड़ा थाना क्षेत्र में एक दिल दहला देने वाली घटना सामने आई है, जहां नशे के लिए पैसे नहीं देने पर पति द्वारा पत्नी की गला दबाकर हत्या किए जाने का आरोप लगा है। पुलिस ने इस मामले में आरोपी पति और उसकी मां को गिरफ्तार कर लिया है। घटना बेथुआडहारी सुपर मार्केट इलाके की है। मृतका की पहचान सुनीति सरदार के रूप में हुई है। करीब चार वर्ष पहले उनकी शादी भरत मंडल से हुई थी। परिजनों का आरोप है कि भरत मंडल अक्सर नशे की हालत में पत्नी के साथ मारपीट और विवाद करता था। बताया गया है कि घटना वाले दिन दोपहर में आरोपी ने पत्नी से नशा करने के लिए पैसे मांगे। जब सुनीति ने पैसे देने से इनकार कर दिया, तब कथित तौर पर गला दबाकर उसकी हत्या कर दी गई। मृतका के परिवार का आरोप है कि शादी के बाद से ही उनकी बेटी पर लगातार पैसों के लिए अत्याचार किया जाता था। घटना की सूचना मिलने पर नाकाशीपाड़ा थाना पुलिस मौके पर पहुंची और आरोपी पति तथा उसकी मां को गिरफ्तार कर लिया। शव को पोस्टमार्टम के लिए शक्तिनगर जिला अस्पताल भेजा गया है। मामले की जांच जारी है।

### दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे में नॉन-इंटरलॉकिंग कार्य के चलते कई ट्रेनें रहेंगी रद्द

**कोलकाता, समाज्ञा :** दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के बिलासपुर मंडल में प्री-नॉन इंटरलॉकिंग, नॉन-इंटरलॉकिंग और पोस्ट-नॉन इंटरलॉकिंग कार्य के कारण कई महत्वपूर्ण ट्रेनों को अस्थायी रूप से रद्द करने का फैसला लिया गया है। जानकारी के अनुसार, 22512 कामाख्या-लोकमान्य तिलक टर्मिनस कर्मभूमि एक्सप्रेस 13 जून 2026 को तथा 22511 लोकमान्य तिलक टर्मिनस-कामाख्या कर्मभूमि एक्सप्रेस 16 जून 2026 को रद्द रहेगी। वहीं, 17321 वास्को द गामा-जसीडीह एक्सप्रेस 12 जून और 17322 जसीडीह-वास्को द गामा एक्सप्रेस 15 जून 2026 को नहीं चलेगी। इसके अलावा, 17005 हैदराबाद-रक्सौल एक्सप्रेस 11 जून तथा 17006 रक्सौल-हैदराबाद एक्सप्रेस 14 जून 2026 को रद्द रहेगी। 17007 चर्लपल्ली-दरभंगा एक्सप्रेस 9 एवं 13 जून, जबकि 17008 दरभंगा-चर्लपल्ली एक्सप्रेस 9 एवं 12 जून 2026 को रद्द रहेगी। 22843 बिलासपुर-बक्सर एक्सप्रेस 12 जून और 22844 बक्सर-बिलासपुर एक्सप्रेस 13 जून 2026 को रद्द रहेगी। वहीं, 13425 मालदह टाउन-सूरत एक्सप्रेस 13 जून तथा 13426 सूरत-मालदह टाउन एक्सप्रेस 15 जून 2026 को नहीं चलेगी।

### कृष्णानगर सिटी जंक्शन और आमघाटा हॉल्ट के बीच शुरू होंगी दो जोड़ी नई ईएमयू लोकल सेवाएं

**कोलकाता, समाज्ञा :** पूर्व रेलवे के सियालदह मंडल ने कृष्णानगर सिटी जंक्शन और अमघाटा हॉल्ट स्टेशनों के बीच दो जोड़ी नई ईएमयू लोकल ट्रेनों के संचालन का निर्णय लिया है। यह नई सेवाएं 13 मई 2026 से शुरू की जाएंगी। ट्रेन संख्या 31887 एवं 31889 कृष्णानगर सिटी जंक्शन-अमघाटा हॉल्ट ईएमयू लोकल क्रमशः सुबह 5:20 बजे और रात 10:15 बजे कृष्णानगर सिटी जंक्शन से रवाना होगी। ये ट्रेनें क्रमशः सुबह 5:35 बजे और रात 10:30 बजे आमघाटा हॉल्ट पहुंचेंगी। वहीं, वापसी दिशा में ट्रेन संख्या 31888 एवं 31890 अमघाटा हॉल्ट-कृष्णानगर सिटी जंक्शन ईएमयू लोकल क्रमशः सुबह 5:43 बजे और रात 10:40 बजे आमघाटा हॉल्ट से प्रस्थान करेगी। ये ट्रेनें क्रमशः सुबह 5:58 बजे और रात 11:00 बजे कृष्णानगर सिटी जंक्शन पहुंचेगी। पूर्व रेलवे का कहना है कि नई ईएमयू सेवाओं के शुरू होने से दैनिक यात्रियों, नौकरीपेशा लोगों और स्थानीय निवासियों को काफी सुविधा मिलेगी।

### टिंडर का नया 'एस्ट्रोलॉजी मोड' लॉन्च, युवा भारत में बढ़ा सोच-समझकर डेटिंग का ट्रेंड

**कोलकाता, समाज्ञा :** ऑनलाइन डेटिंग प्लेटफॉर्म टिंडर ने भारत में अपना नया एस्ट्रोलॉजी मोड लॉन्च किया है। कंपनी का कहना है कि युवा भारतीय अब डेटिंग को लेकर अधिक गंभीर, स्पष्ट और आत्म-जागरूक हो रहे हैं। टिंडर की 'ईयर इन स्वाइप 2025' रिपोर्ट के अनुसार, 64 प्रतिशत युवाओं ने डेटिंग में भावनात्मक ईमानदारी को सबसे महत्वपूर्ण बताया, जबकि 73 प्रतिशत का कहना है कि वे तभी किसी को पसंद करते हैं जब उसके साथ सहज होकर खुद को व्यक्त कर सकें। टिंडर इंडिया की रिलेशनशिप एक्सपर्ट डॉ. चांदनी तुगनैत के मुताबिक, नई पीढ़ी अब रिश्तों में स्पष्टता और बेहतर कम्पैटिबिलिटी चाहती है। इसी ट्रेंड को ध्यान में रखते हुए कंपनी ने एस्ट्रोलॉजी मोड पेश किया है, जिसमें यूजर्स अपनी जन्मतिथि, समय और स्थान के आधार पर बिग 3 ज्योतिषीय प्रोफाइल देख सकते हैं। कंपनी के अनुसार, भारत में युवा अब ज्योतिष को आत्म-अभिव्यक्ति और बेहतर कनेक्शन बनाने के एक नए माध्यम के रूप में अपना रहे हैं।

### जूट क्षेत्र में तकनीकी क्रांति की ओर बड़ा कदम, नेशनल जूट बोर्ड ने लागू किया जूट क्रॉप इंफॉर्मेशन सिस्टम

**कोलकाता, समाज्ञा :** देश के जूट क्षेत्र को आधुनिक तकनीक से जोड़ने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल करते हुए नेशनल जूट बोर्ड (एनजेबी) ने जूट क्रॉप इंफॉर्मेशन सिस्टम (जेसीआईएस) को सफलतापूर्वक लागू किया है। इस नई तकनीक आधारित प्रणाली के जरिए अब सैटेलाइट डेटा, मौसम विश्लेषण और जमीनी स्तर की सूचनाओं को एक मंच पर लाकर जूट फसल की वैज्ञानिक निगरानी की जा रही है। एनजेबी वर्ष 2023 से इंडियन स्पेस रिसर्च ऑर्गेनाइजेशन (इसरो) और जूट कॉरपोरेशन ऑफ इंडिया के सहयोग से इस परियोजना को लागू कर रहा है। परियोजना के तहत 'भुवन जंप' नामक मोबाइल एप और 'पाटसन' नामक वेब आधारित प्लेटफॉर्म विकसित किए गए हैं। ये सिस्टम रियल टाइम फसल निगरानी, उत्पादन अनुमान और डेटा विश्लेषण में मदद कर रहे हैं। पहले जूट फसल के क्षेत्र और उत्पादन का आकलन पारंपरिक और बिखरे हुए आंकड़ों पर आधारित था, जिससे कई बार देरी और त्रुटियां सामने आती थीं। वहीं, अब जेसीआईएस के माध्यम से सैटेलाइट मैपिंग, मौसम डेटा, वनस्पति सूचकांक और जियो टैग्ड फील्ड डेटा को एकीकृत कर अधिक सटीक अनुमान तैयार किए जा रहे हैं। एनजेबी ने अपने आई-केयर नेटवर्क के जरिए बड़े पैमाने पर फील्ड डेटा संग्रहण और क्रॉप कटिंग एक्सपेरिमेंट भी संचालित किए हैं। इसके अलावा बाढ़, सूखा और मौसम संबंधी जोखिमों के आकलन के लिए विशेष मॉडल और अलर्ट सिस्टम भी विकसित किए गए हैं। विशेषज्ञों का मानना है कि यह वैज्ञानिक प्रणाली जूट उत्पादन, फसल क्षेत्र और कच्चे जूट के सटीक आंकड़े उपलब्ध कराने में मदद करेगी, जिससे नीति निर्माण और किसानों को बेहतर सहायता मिल सकेगी।

# पार्वती रेजीडेंसी में विजयी विधायकों का नागरिक अभिनंदन, विकास मुद्दों पर हुई चर्चा

**कोलकाता, समाज्ञा :** कांकुरगाछी स्थित पार्वती रेजीडेंसी में मानिकतला विधानसभा क्षेत्र से विजयी विधायक तापस राय तथा जोड़ासांको विधानसभा क्षेत्र से विजयी विधायक विजय ओझा का भव्य नागरिक अभिनंदन समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम का आयोजन अंतरराष्ट्रीय वैश्य महासम्मेलन के राज्य अध्यक्ष एवं स्थानीय समाजसेवी सुशील चौधरी की अगुवाई में किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में स्थानीय निवासी, सामाजिक कार्यकर्ता और विभिन्न संगठनों के प्रतिनिधि उपस्थित रहे। समारोह के दौरान दोनों विधायकों का पुष्पगुच्छ एवं स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मान किया गया। इस अवसर पर स्थानीय नागरिकों ने क्षेत्र के विकास, बेहतर कानून व्यवस्था, यातायात व्यवस्था, स्वच्छता तथा मूलभूत नागरिक सुविधाओं से जुड़े विभिन्न मुद्दों को प्रमुखता से उठाया। अपने संबोधन में विधायक तापस राय ने



कहा कि जनता ने जिस विश्वास और उम्मीद के साथ उन्हें जिम्मेदारी सौंपी है, उस पर खरा उतरने का हरसंभव प्रयास किया जाएगा। उन्होंने क्षेत्र में आधारभूत सुविधाओं को मजबूत करने तथा आम लोगों की समस्याओं के त्वरित समाधान का भरोसा दिलाया। वहीं, विधायक विजय ओझा ने कहा कि जनसेवा उनकी प्राथमिकता है और वे क्षेत्र के सर्वांगीण विकास के लिए निरंतर सक्रिय रहेंगे। उन्होंने नागरिकों से संवाद बनाए रखने और जनहित के कार्यों में सहयोग करने की अपील की। कार्यक्रम के अंत में आयोजकों ने दोनों जनप्रतिनिधियों के प्रति आभार व्यक्त करते हुए उम्मीद जताई कि उनके नेतृत्व में क्षेत्र में विकास कार्यों को नई गति मिलेगी। समारोह को सफल बनाने में पार्वती रेजीडेंसी के रमेश खेतान, सुरेन्द्र धानुका, सत्यनारायण चांडक, दिनेश खेतान, प्रदीप दास, उमाशंकर अग्रवाल, राजीव जायसवाल, रमेश कटारुका, धर्मेन्द्र जायसवाल, प्रदीप केडिया, गौतम गिरिया सहित सभी आवासिकों और स्थानीय युवाओं की सक्रिय भूमिका रही।

# पूर्व रेलवे के खिलाड़ियों ने खेलों में दिखाया दम, 2024-26 सत्र में जीते कई पदक

**कोलकाता, समाज्ञा :** पूर्व रेलवे के खिलाड़ियों ने 2024-26 के खेल सत्र में शानदार प्रदर्शन करते हुए राष्ट्रीय स्तर पर कई महत्वपूर्ण उपलब्धियां हासिल की हैं। रेलवे ट्रैक पर अपनी कार्यकुशलता के लिए पहचान रखने वाला पूर्व रेलवे अब खेल जगत में भी लगातार सफलता के नए कीर्तिमान स्थापित कर रहा है। महाप्रबंधक मिलिंद देउस्कर के नेतृत्व में ईस्टर्न रेलवे स्पोर्ट्स एसोसिएशन ने पिछले दो वर्षों में कई खेलों में उल्लेखनीय प्रदर्शन किया है। वर्ष 2024-25 में महिला क्रॉस कंट्री टीम ने ऑल इंडिया रेलवे चैंपियनशिप में चौथा स्थान प्राप्त किया। पुरुष क्रिकेट टीम शीर्ष-4 में जगह बनाने में सफल रही, जबकि फुटबॉल टीम लगातार दो वर्षों तक क्वार्टर फाइनल में पहुंची। शूटिंग टीम ने दूसरा स्थान हासिल किया। पुरुष और महिला वॉलीबॉल टीमों ने सिल्वर मेडल जीते। महिला बॉक्सिंग और ब्रिज टीम ने भी रजत पदक



अपने नाम किए। इसके अलावा महिला कबड्डी, पुरुष बास्केटबॉल और पुरुष टेबल टेनिस टीमों ने तीसरा स्थान हासिल कर पूर्व रेलवे का गौरव बढ़ाया। 2025-26 सत्र में पूर्व रेलवे के खिलाड़ियों का प्रदर्शन और बेहतर रहा। ब्रिज टीम ने पिछली बार के सिल्वर मेडल को गोल्ड में बदलते हुए ऑल इंडिया रेलवे सर्किट में चैंपियन बनने का गौरव हासिल किया। महिला बास्केटबॉल टीम ने दूसरा स्थान प्राप्त किया, जबकि महिला बॉक्सिंग और क्यू स्पोर्ट्स टीमों ने कांस्य पदक जीते। जिम्नास्टिक में चौथा स्थान हासिल किया गया, वहीं, वेटलिफ्टिंग और पावरलिफ्टिंग में भी खिलाड़ियों ने दमदार प्रदर्शन किया। महाप्रबंधक मिलिंद देउस्कर ने कहा कि खेलों में अनुशासन और समर्पण वही भावना है, जो एक विशाल रेलवे नेटवर्क के संचालन में जरूरी होती है। उन्होंने खिलाड़ियों को बेहतर सुविधाएं और हरसंभव सहयोग देने की प्रतिबद्धता दोहराई। वहीं, मुख्य जनसंपर्क अधिकारी शिबराम माझी ने कहा कि खिलाड़ियों की उपलब्धियां आम लोगों के लिए प्रेरणा का स्रोत हैं और पूर्व रेलवे खेलों में उत्कृष्टता की नई मिसाल कायम कर रहा है।

# कलकत्ता पिंजरापोल सोसाइटी ने राज्य में अविलंब गो-हत्या पर पूर्ण प्रतिबंध की मांग की

**कोलकाता, समाज्ञा :** सैंकड़ों वर्षों के लम्बे इंतजार के बाद बंगाल में सत्य सनातन की जीत हुई है। देश की प्राचीनतम गौशालाओं में अग्रणी एवं पिछले 142 वर्षों से गौसेवा में सफलतापूर्वक निरंतर कार्यरत कलकत्ता पिंजरापोल सोसाइटी के महामंत्री पवन कुमार टिबडेवाला ने पूरी सोसाइटी का प्रतिनिधित्व करते हुए बतलाया कि वर्तमान में पूरे राज्य में लाखों सनातनी गौभक्तगण, गोमाताओं की रक्षा एवं सुरक्षा के लिए एकजुट होकर अपनी आवाज उठा रहे हैं, पर इनकी आवाज सुनने वाला कोई नहीं था। पर ईश्वर की कृपा से इस विधानसभा के सकारात्मक नतीजों के फलस्वरूप, एक नई आशा की किरण दिखलाई दे रही है। सभी सनातनी बंधुओं को पूर्ण विश्वास है कि अब गौमाताओं की सुरक्षा एवं संरक्षण के लिए बंगाल में निर्वाचित सनातनी बीजेपी




सरकार अवश्य ही ध्यान देगी। सोसाइटी के मीडिया प्रभारी सुरेन्द्र चमडिया ने कहा कि अब हमें विश्वास है कि वर्षों से चल रही गौहत्या प्रथा पर बंगाल प्रांत में पूर्ण प्रतिबंध लगेगा तथा साथ ही बांग्लादेश बॉर्डर के रास्ते से अवैध तस्करी के माध्यम से सीमा पार बांग्लादेश जाने वाले गोवंशों पर भी पूर्ण प्रतिप्रबंध लगेगा। कुछ दिनों बाद में आने वाले बकरीद के दिन हाईकोर्ट द्वारा गौहत्या (गौ कुर्बानी) पर पूर्ण रोक का आदेश वर्षों पूर्व पारित किया हुआ है पर पिछली सरकार द्वारा समुदाय विशेष के तुष्टिकरण के लिए इस आदेश की अनदेखी कर इसकी अनुपालन नहीं की जा रही थी एवं धड़ल्ले से खुलेआम गौमाताओं की कुर्बानी की जा रही थी।सोसाइटी के सभी ट्रस्टियों एवं शीर्ष पदाधिकारियों ने एकजुट होकर कहा कि पूरी पिंजरापोल सोसाइटी एवं पूरे सनातन समाज की ओर से वर्तमान बीजेपी सरकार से सविनय अनुरोध करते है कि बकरीद पर गौहत्या (गौ कुर्बानी) पर पूर्ण प्रतिबंध लगाया जाए, जिससे हजारों गोवंशों की रक्षा हो सके एवं हम सब की सनातनी भावना को मजबूती मिल सके तथा साथ ही नई सरकार पर हमारा विश्वास और प्रगाढ़ हो सके। हिंदू शास्त्रों के अनुसार सत्य सनातन की जीत तभी तक कायम रहती है, जब गौमाता (निश्चल मातृत्व का प्रतीक), गायत्री (मातृशक्ति) एवं गंगा (पवित्रता) की रक्षा एवं उनका सम्मान किया जाता है। हमारा बंगाल के माननीय राज्यपाल, माननीय प्रधानमंत्री, केंद्रीय गृहमंत्री एवं बंगाल के नवनिर्वाचित मुख्यमंत्री से निवेदन है कि पूरे बंगाल को गौहत्या के कलंक से मुक्त करें एवं सत्य सनातन धर्म की प्राचीनतम राजधानी बंगाल की गौहत्या मुक्त छवि को देश के चित्रपटल पर अंकित करें।

# नवजात शिशुओं की जीवन रक्षा के लिए देशभर में मनाया गया एनआरपी दिवस

**कोलकाता, समाज्ञा :** नवजात शिशुओं की मृत्यु दर को कम करने और जन्म के तुरंत बाद आवश्यक जीवन रक्षक सहायता उपलब्ध कराने के उद्देश्य से नेशनल नियोनेटोलॉजी फोरम (एनएनएफ) इंडिया द्वारा 10 मई को पूरे देश में एनआरपी दिवस मनाया गया। यह देश के सबसे बड़े समन्वित कौशल-आधारित प्रशिक्षण अभियानों में से एक माना जा रहा है। यह पहल एनएनएफ इंडिया के अध्यक्ष डॉ. लल्लन कुमार भारती के नेतृत्व में आयोजित की गई। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि प्रत्येक नवजात शिशु को जन्म के समय समय पर और प्रभावी पुनर्जीवन सहायता मिल सके। विशेषज्ञों के अनुसार, भारत में नवजात मृत्यु का एक बड़ा कारण जन्म के बाद शिशु का सांस शुरू न कर पाना है। ऐसे में शुरुआती कुछ मिनट बेहद महत्वपूर्ण होते हैं और प्रशिक्षित स्वास्थ्यकर्मियों द्वारा दी गई समय पर सहायता कई जिंदगियां बचा सकती है। इस राष्ट्रव्यापी अभियान के तहत देशभर में 998 प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं, जिनमें लगभग 20 हजार स्वास्थ्यकर्मी भाग ले रहे हैं। यह अभियान महानगरों के साथ-साथ ग्रामीण और दूरस्थ क्षेत्रों तक भी पहुंच रहा है। पश्चिम बंगाल में भी विभिन्न केंद्रों पर प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किए गए। कोलकाता स्थित सेंट्रल हॉस्पिटल, साउथ ईस्टर्न रेलवे, गार्डनरीच में आयोजित कार्यक्रम के समन्वयक डॉ. अनिंद्य बेरा थे, जहां 14 स्वास्थ्यकर्मियों को प्रशिक्षण दिया गया। यह प्रशिक्षण पूरी तरह निःशुल्क रखा गया।

# राइटर्स बिल्डिंग में वापस लौटेगा बंगाल सचिवालय: छोटे व्यापारियों को कारोबार फिर से चमकने की उम्मीद



**कोलकाता, समाज्ञा :** राज्य की नयी सरकार द्वारा राज्य सचिवालय को दोबारा 'राइटर्स बिल्डिंग' से संचालित करने के फैसले ने कोलकाता के बीबीडी बाग इलाके के छोटे व्यापारियों में नयी उम्मीद जगा दी है। करीब 13 साल पहले जब राज्य सचिवालय को 'नबन्ना' स्थानांतरित किया गया था, तब से इन व्यापारियों की आजीविका पर गहरा असर पड़ा था। लगभग 250 साल पुरानी राइटर्स बिल्डिंग के आसपास चाय की दुकान चलाने वाले, छोटे भोजनालयों, फल विक्रेताओं और अन्य दुकानदारों का कहना है कि सरकारी कर्मचारियों और आगंतुकों की वापसी से उनके कारोबार को बढ़ावा मिलने की उम्मीद है। मध्य कोलकाता के बीबीडी बाग इलाके में चाय की दुकान संचालित करने वाले प्रबीर साहा ने कहा कि जब यहां से राज्य सरकार का कामकाज चलता था, तब हमारे पास बैठने तक का समय नहीं होता था। सुबह से शाम तक सरकारी कर्मचारी, सुरक्षाकर्मी, वकील और दफ्तर आने-जाने वाले लोग हमारी दुकान पर आते थे। उन्होंने बताया कि सचिवालय स्थानांतरित होने के कुछ ही महीनों के भीतर बिक्री में भारी गिरावट आई और इलाके की कई दुकानें पूरी तरह बंद हो गईं। स्वतंत्रता के बाद से 2013 तक राइटर्स बिल्डिंग ही राज्य सचिवालय के रूप में कार्यरत थी। ममता बनर्जी के नेतृत्व वाली सरकार ने इसे हुगली नदी के दूसरी ओर हावड़ा स्थित 14 मंजिला इमारत 'नबन्ना' में स्थानांतरित कर दिया था। व्यापारियों ने याद किया कि कैसे उस समय हजारों कर्मचारियों की आवाजाही से बीबीडी बाग इलाका दिनभर गुलजार रहता था। बीबीडी बाग के पास एक नाश्ते की दुकान संचालित करने वाली रीना शॉ ने कहा कि पहले हमारे यहां छह कर्मचारी काम करते थे, लेकिन अब केवल मैं और मेरे पति ही दुकान संभालते हैं। ऐसे दिन भी आए जब कच्चे माल की लागत निकालना भी मुश्किल हो जाता था। अगर दफ्तर यहां वापस आते हैं, तो यह पूरा इलाका फिर से जीवंत हो जाएगा। जेरॉक्स (फोटोकॉपी) और स्टेशनरी दुकान मालिकों के अनुसार, सचिवालय शिफ्ट होने का असर तत्काल और बेहद गंभीर था क्योंकि सरकारी कामकाज से जुड़े कागजात ही उनकी कमाई का मुख्य जरिया थे। एक अन्य फोटोशॉप स्टॉल के मालिक ने बताया कि 2013 के बाद ग्राहक गायब हो गए और इस लाइन की करीब सात-आठ दुकानें किराया और बिजली बिल न भर पाने के कारण बंद हो गईं। फल विक्रेता ने बताया कि हजारों कर्मचारियों के आने-जाने का मतलब सभी के लिए व्यापार था, चाहे वह फल वाला हो, सिगरेट की दुकान या फिर सड़क किनारे के फेरीवाले। उन्होंने कहा कि आज आलम यह है कि दोपहर तक कई दुकानों के शटर गिर जाते हैं। स्थानीय व्यापारिक संघों का अनुमान है कि पिछले एक दशक में घटते ग्राहकों के कारण बीबीडी बाग और उसके आसपास के सैकड़ों छोटे व्यवसाय या तो बंद हो गए या उनका आकार काफी छोटा हो गया।

# बाली में विकास को लेकर उठे सवाल, समस्याओं का जायजा लेने पहुंचे भाजपा विधायक संजय सिंह



**हावड़ा, समाज्ञा :** बाली विधानसभा क्षेत्र में विकास कार्यों की धीमी रफ्तार और नागरिक समस्याओं को लेकर स्थानीय लोगों में नाराजगी देखने को मिल रही है। सोमवार सुबह क्षेत्र की विभिन्न समस्याओं का निरीक्षण करने के लिए बाली विधानसभा से भाजपा विधायक संजय सिंह बेलूड़ धर्मतला रोड, एमएलबी रोड समेत कई इलाकों में पहुंचे। दौरे के दौरान स्थानीय निवासियों ने विधायक के समक्ष जल निकासी व्यवस्था, सड़क पर फैली गंदगी और सफाई व्यवस्था से जुड़ी समस्याएं उठाईं। लोगों का आरोप है कि पिछले 15 वर्षों के दौरान क्षेत्र में अपेक्षित विकास कार्य नहीं हुए हैं। विशेषकर नालियों की नियमित सफाई नहीं होने के कारण कई इलाकों में जलभराव की स्थिति बनी रहती है, जिससे आम लोगों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ता है। निरीक्षण के दौरान विधायक संजय सिंह ने सफाई विभाग के कर्मचारियों और संबंधित अधिकारियों से बातचीत कर समस्याओं के शीघ्र समाधान के निर्देश दिए। उन्होंने सड़क किनारे जमा कचरा और गंदगी को तुरंत हटाने को भी कहा। इस मौके पर विधायक ने कहा कि क्षेत्र की लंबे समय से लंबित समस्याओं को प्राथमिकता के आधार पर प्रशासन के समक्ष उठाया जाएगा। उन्होंने भरोसा दिलाया कि चरणबद्ध तरीके से विकास कार्यों को आगे बढ़ाने और नागरिक सुविधाओं में सुधार के लिए हरसंभव प्रयास किए जाएंगे।

# शुभेंदु अधिकारी के पीए की हत्या मामले में यूपी व बिहार से तीन लोग गिरफ्तार

**13 दिन की पुलिस हिरासत**

**कोलकाता, समाज्ञा :** राज्य पुलिस ने मुख्यमंत्री शुभेंदु अधिकारी के सहयोगी चंद्रनाथ रथ की हत्या के सिलसिले में सोमवार को उत्तर प्रदेश और बिहार से तीन लोगों को गिरफ्तार किया। जांचकर्ताओं ने टोल प्लाजा पर संदिग्धों में से एक द्वारा किए गए यूपीआई लेनदेन से मिले सुरागों के आधार पर उन्हें पकड़ा। जांचकर्ताओं ने इस घटनाक्रम को 'एक बड़ी सफलता' बताया। एक अधिकारी ने बताया कि तीनों आरोपियों को लाकर उत्तर 24 परगना जिले की एक अदालत में पेश किया गया, जहां उन्हें 13 दिन की पुलिस हिरासत में भेज दिया गया। उत्तर 24 परगना जिले के मध्यग्राम इलाके में छह मई की रात को हुई हत्या की जांच के लिए गठित विशेष जांच दल (एसआईटी) ने तीनों आरोपियों को रविवार को हिरासत में लिया और सोमवार की सुबह उन्हें गिरफ्तार कर लिया। अधिकारी ने बताया कि यह एक बड़ी सफलता है। जांच से पता चला कि हमलावर पश्चिम बंगाल के बाहर के थे। तकनीकी निगरानी, डिजिटल ट्रैकिंग और अन्य सूचनाओं के आधार पर एसआईटी के सदस्यों को उत्तर प्रदेश और बिहार भेजा गया। उन्होंने उत्तर प्रदेश और बिहार से तीन लोगों को गिरफ्तार किया। उन्हें ट्रांजिट रिमांड पर पश्चिम बंगाल लाया गया है। उन्होंने कहा कि जांचकर्ताओं ने मामले में 'डिजिटल सुराग और अंतरराज्यीय संबंधों' का पता लगाया है। अधिकारी ने बताया कि जांच के दौरान यह बात सामने आई कि हमलावरों द्वारा इस्तेमाल की गई संदिग्ध कार हत्या से पहले बाली टोल प्लाजा से गुजरी थी। उन्होंने कहा कि कार में सवार लोगों में से एक ने कथित तौर पर यूपीआई लेनदेन के माध्यम से टोल का भुगतान किया था। पुलिस अधिकारी ने कहा कि इस डिजिटल भुगतान ने हमें एक मोबाइल नंबर तक पहुंचने में मदद की और एक संदिग्ध की पहचान स्थापित करने में अहम भूमिका निभाई। अंततः इसी सुराग से हमारी टीम आरोपी तक पहुंच गई। उन्होंने बताया कि एसआईटी के अधिकारी गिरफ्तार किए गए लोगों की पहचान का मिलान टोल प्लाजा के सीसीटीवी फुटेज और वाहन तथा उसमें सवार लोगों की तस्वीरों से कर रहे थे। अधिकारी ने बताया कि तीनों को उत्तर 24 परगना जिले की बारासात अदालत में पेश किया गया और उन्हें 13 दिन की पुलिस हिरासत में भेज दिया गया। उन्होंने बताया कि अदालत ने पुलिस को उन्हें 24 मई को पेश करने का आदेश दिया है। उन्होंने बताया कि विशेष जांच दल ने आरोपियों की दो सप्ताह की पुलिस हिरासत की मांग की थी। उन्होंने बताया कि तीनों पर भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की विभिन्न धाराओं के तहत हत्या, अवैध हथियार रखने, आपराधिक साजिश रचने और सबूतों को दबाने का आरोप लगाया गया है। एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने बताया कि दो आरोपियों (मयंक राज मिश्रा और विक्की मौर्य) को बिहार के बक्सर से हिरासत में लिया गया, जबकि तीसरे आरोपी राज सिंह को बलिया (उत्तर प्रदेश) से हिरासत में लिया गया। पूछताछ के बाद तीनों को सुबह में गिरफ्तार कर लिया गया। उन्होंने बताया कि हत्या की साजिश और उसे अंजाम देने में कम से कम आठ लोग शामिल थे। उन्होंने बताया कि गिरफ्तार व्यक्तियों से पूछताछ जारी है।

# 'डिजिटल अरेस्ट' घोटाले के जरिए 3 करोड़ रुपए की उगाही करने के आरोप में युवक गिरफ्तार

**कोलकाता, समाज्ञा :** हरियाणा में एक महिला को 'डिजिटल अरेस्ट' की धमकी देकर 3 करोड़ रुपए की उगाही करने के आरोप में कोलकाता में एक युवक को गिरफ्तार किया गया है। एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने बताया कि आरोपी राहुल रॉय को कोलकाता पुलिस की मदद से दक्षिण कोलकाता के बंसद्रोनी इलाके से गिरफ्तार किया गया। साइबर धोखाधड़ी गिरोह के सदस्यों ने कथित तौर पर हरियाणा के एक पूर्व सेना अधिकारी की बुजुर्ग पत्नी के खाते से 3 करोड़ रुपए की उगाही की। पुलिस ने बताया कि यह घटना कुछ महीने पहले हरियाणा के पंचकुला थाना क्षेत्र में हुई थी, जहां पूर्व सेना अधिकारी की बुजुर्ग पत्नी रहती हैं। साइबर जालसाजों ने कथित तौर पर केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) के अधिकारी बनकर उन्हें फोन किया। उन्होंने बताया कि उनके नाम से भेजे गए एक पार्सल में ड्रग्स मिले हैं और दावा किया कि उन्हें डिजिटल गिरफ्तारी में रखा गया है। उन्हें कथित तौर पर घर से बाहर निकलने से रोक दिया गया था। कथित सबूत के तौर पर, उसे वीडियो कॉल दिखाए गए और व्हाट्सएप पर कई फर्जी दस्तावेज भेजे गए। इस स्थिति से बचने के लिए, उसने जालसाजों के खाते में 3 करोड़ रुपए ट्रांसफर कर दिए। बाद में, उसने हरियाणा के पंचकुला पुलिस स्टेशन में शिकायत दर्ज कराई। जांच शुरू करने पर, हरियाणा पुलिस को पता चला कि 3 करोड़ रुपए का एक हिस्सा कोलकाता के एक बैंक खाते में ट्रांसफर किया गया था। इसके आधार पर, पुलिस ने बंसद्रोनी निवासी राहुल रॉय की पहचान की। हाल ही में, कोलकाता पुलिस और हरियाणा पुलिस की एक संयुक्त टीम ने बंसद्रोनी स्थित उसके घर पर छापा मारा। गिरफ्तार करने के बाद, उसे हरियाणा ले जाया जा रहा है। पुलिस ने गिरोह के अन्य सदस्यों की तलाश शुरू कर दी है। इसी बीच, साइबर जालसाजों ने हाल ही में दक्षिण कोलकाता के पंचसयार इलाके के नयाबाद की एक बुजुर्ग महिला को निशाना बनाया और कथित तौर पर 'डिजिटल अरेस्ट' की धमकी देकर दो किस्तों में उससे 12.55 लाख रुपए वसूल लिए। साइबर जालसाजों ने कथित तौर पर एक बहुमंजिला इमारत में रहने वाली बुजुर्ग महिला को फोन किया और खुद को पुलिस अधिकारी बताया। उन्होंने दावा किया कि महिला पर धोखाधड़ी और जालसाजी के आरोप हैं।

## तृणमूल नेता सुब्रत बख्शी घर में गिरने से सिर में चोट लगने के बाद अस्पताल में भर्ती

**कोलकाता, समाज्ञा :** तृणमूल कांग्रेस के वरिष्ठ नेता एवं पार्टी की प्रदेश इकाई के अध्यक्ष सुब्रत बख्शी सोमवार को अपने घर में गिर गए, जिससे उनके सिर में चोट आई। बख्शी को तुरंत कोलकाता के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया। पार्टी सूत्रों के अनुसार, सुबह-सुबह स्नानघर में उनका पैर फिसल गया और वह गिर पड़े, जिससे सिर पर गंभीर चोट लग गई। उन्होंने बताया कि सीटी स्कैन में मस्तिष्क के एक हिस्से में आंतरिक रक्तस्राव और खून का थक्का जमने की पुष्टि हुई। फिलहाल, उन्हें गहन चिकित्सकीय निगरानी में रखा गया है और अगले 24 घंट के भीतर उनका ऑपरेशन हो सकता है। डॉक्टर यह भी जांच कर रहे हैं कि गिरने से पहले बख्शी किसी तरह के मस्तिष्काघात की चपेट में आए थे या नहीं।

# रुकी हुई मेट्रो परियोजनाएं शुरू करेंगे, कोलकाता को सुंदर बनाएंगे : अग्निमित्रा पॉल



**कोलकाता, समाज्ञा :** विभागों की जिम्मेदारी संभालने के बाद मंत्री अग्निमित्रा पॉल ने सोमवार को नगरायन भवन में अधिकारियों के साथ पहली समीक्षा बैठक की। पदभार ग्रहण करने के बाद उन्होंने विभागीय प्राथमिकताओं और आगामी योजनाओं को लेकर विस्तृत चर्चा की। समीक्षा बैठक के बाद अग्निमित्रा पॉल ने कहा कि महिला एवं बाल कल्याण विभाग और नगरपालिका मामले जैसे महत्वपूर्ण विभाग सौंपे गए हैं। यह एक बड़ा दायित्व है और इन क्षेत्रों में व्यापक स्तर पर काम करने की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री आवास योजना, स्वच्छता, घर-घर जल आपूर्ति जैसे अहम मुद्दे उनके विभाग के अंतर्गत आते हैं। जहां-जहां मेट्रो परियोजनाएं रुकी हुई हैं, उन्हें फिर से शुरू करना हमारी प्राथमिकता होगी। मंत्री ने कहा कि स्वच्छ भारत मिशन के तहत शहरों की सफाई और बुनियादी सुविधाओं को बेहतर बनाने पर विशेष ध्यान दिया जाएगा। साथ ही, महिलाओं की सुरक्षा और सशक्तिकरण के लिए महिला पुलिस बटालियन, राज्य नौकरियों में आरक्षण, नए रोजगार और स्वरोजगार के अवसर उपलब्ध कराने की दिशा में काम किया जाएगा। गंगा नदी के विकास को लेकर उन्होंने कहा कि अब तक अपेक्षित कार्य नहीं हुआ है, जबकि इसके लिए काफी संभावनाएं थीं। उन्होंने कहा कि गंगा के तटों का समुचित विकास किया जाएगा। साथ ही नए शहरों का निर्माण, खासकर उत्तर बंगाल में चार नए शहर विकसित करने की योजना भी हमारे विभाग के अंतर्गत है। अवैध निर्माण और जलाशयों (वॉटर बॉडीज) को खत्म करने की प्रवृत्ति पर चिंता जताते हुए अग्निमित्रा पॉल ने कहा कि पिछली सरकार के दौरान इस तरह की गतिविधियां बढ़ीं, लेकिन अब ग्रीन ट्रिब्यूनल के नियमों का सख्ती से पालन कराया जाएगा और पर्यावरण संरक्षण को प्राथमिकता दी जाएगी। हमारा लक्ष्य कोलकाता समेत सभी नगरों को सुंदर और सुव्यवस्थित बनाना है। महिला एवं बाल विकास विभाग को लेकर उन्होंने कहा कि महिलाओं की सुरक्षा और सशक्तिकरण उनकी प्राथमिकता है। उन्होंने कहा कि अन्नपूर्णा भंडार योजना के तहत महिलाओं को 3 हजार रुपए की सहायता डीबीटी के जरिए सीधे उनके बैंक खातों में भेजी जाएगी। मुख्यमंत्री ने 1 जून से इसे लागू करने का निर्देश दिया है। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि लाभार्थियों की सूची का सत्यापन किया जाएगा। जिनका नाम एसआईआर के दौरान हटाया गया है या जो पात्र नहीं हैं, उन्हें योजना का लाभ नहीं मिलेगा। केवल पात्र नागरिकों को ही योजनाओं का लाभ दिया जाएगा।

# डानकुनी में आग्नेयास्त्र समेत दो गिरफ्तार



**हुगली, समाज्ञा :** राज्य में सत्ता परिवर्तन के बाद पुलिस प्रशासन भी अपराध नियंत्रण को लेकर सक्रिय नजर आ रहा है। चंदननगर पुलिस कमिश्नरेट की पुलिस अपराध और अराजकता पर लगाम लगाने के लिए लगातार अभियान चला रही है, ताकि आम लोगों के लिए भयमुक्त वातावरण सुनिश्चित किया जा सके। इसी क्रम में, डानकुनी थाना पुलिस ने दिल्ली रोड चौराहे से अवैध आग्नेयास्त्र और चार राउंड कारतूस के साथ दो बदमाशों को गिरफ्तार किया है। डीसीपी अर्णव विश्वास ने प्रेसवार्ता के दौरान इसकी जानकारी दी। पुलिस के अनुसार, गुप्त सूचना के आधार पर संदिग्ध दो व्यक्तियों को हिरासत में लेकर तलाशी ली गई। तलाशी के दौरान उनके पास से एक आग्नेयास्त्र और करीब चार राउंड कारतूस बरामद किए गए। पुलिस यह जांच कर रही है कि आरोपी किस उद्देश्य से इलाके में हथियार लेकर घूम रहे थे। मामले की जांच जारी है।

# हफ्ता न देने पर बीजेपी समर्थक की दुकान जलाने का आरोप, पुलिस ने शॉर्ट सर्किट की जताई आशंका

**हुगली, समाज्ञा :** जिले के हरिपाल थाना क्षेत्र के नालिकुल बाजार में एक किराना दुकान में आग लगने की घटना को लेकर राजनीतिक विवाद शुरू हो गया है। बीजेपी समर्थक दुकानदार श्रावण कुमार महतो ने आरोप लगाया है कि तृणमूल से जुड़े असामाजिक तत्वों ने उनकी दुकान में पेट्रोल डालकर आग लगा दी। जानकारी के मुताबिक, दुकान में करीब 10 लाख रुपये का सामान रखा था, जो तड़के लगी आग में पूरी तरह जलकर खाक हो गया। घटना की सूचना मिलते ही दमकल विभाग का एक इंजन मौके पर पहुंचा और काफी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। हरिपाल थाने की पुलिस भी घटनास्थल पर पहुंची। दुकानदार का आरोप है कि एक दिन पहले दोपहर कुछ लोग बाजार में हफ्ता वसूली के लिए आए थे। उन्होंने और अन्य व्यापारियों ने इसका विरोध किया था। आरोप है कि इसी के बाद उनकी दुकान को निशाना बनाया गया। स्थानीय व्यापारियों का कहना है कि बाजार में मेंटेनेंस के नाम पर हर सप्ताह पैसे वसूले जाते थे, जिसका वे विरोध कर रहे थे। वहीं तृणमूल कांग्रेस ने इन आरोपों को पूरी तरह खारिज किया है। नालिकुल पूर्व क्षेत्र के तृणमूल अध्यक्ष सुरजीत बागुई ने कहा कि पार्टी का इस घटना से कोई संबंध नहीं है। उन्होंने कहा कि यदि किसी की संलिप्तता सामने आती है तो पुलिस उचित कार्रवाई करे। दूसरी ओर, पुलिस और दमकल विभाग की प्रारंभिक जांच में आशंका जताई गई है कि आग शॉर्ट सर्किट के कारण लगी हो सकती है, क्योंकि घटना के समय दुकान का शटर बंद था। फिलहाल पुलिस मामले की जांच कर रही है और आग लगने के वास्तविक कारणों का पता लगाने में जुटी है।

## बेलूर में तेज रफ्तार लॉरी बनी काल, दीवार गिरने से महिला की जान गई

**हावड़ा, समाज्ञा :** हावड़ा के बेलूर थाना क्षेत्र के रामलोचन साहा रोड पर सोमवार तड़के एक दर्दनाक सड़क हादसे में एक वृद्धा की मौत हो गई। मृतका की पहचान लालमणि मिश्रा (64) के रूप में हुई है। घटना पास में लगे सीसीटीवी कैमरे में भी कैद हो गई है। जानकारी के अनुसार, सोमवार सुबह करीब पांच बजे लालमणि मिश्रा घर के पास फूल तोड़ने निकली थीं। इसी दौरान एक छह चक्का लॉरी अचानक नियंत्रण खो बैठी और सड़क किनारे स्थित दीवार से जा टकराई। टक्कर इतनी जोरदार थी कि दीवार भरभराकर गिर गई और उसकी चपेट में वृद्धा आ गईं। हादसे के तुरंत बाद स्थानीय लोगों ने गंभीर रूप से घायल लालमणि मिश्रा को टी.एल. जायसवाल अस्पताल पहुंचाया, जहां चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। घटना के बाद इलाके में शोक और आक्रोश का माहौल है। खबर मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और दुर्घटनाग्रस्त लॉरी को जब्त कर लिया। हालांकि, हादसे के बाद चालक मौके से फरार हो गया। इस पूरे मामले की जांच की जा रही है।

# कोलकाता में मेसी से जुड़े कार्यक्रम में हुए विवाद का मुझे 'बलि का बकरा' बनाया गया : सतद्रु दत्ता



**कोलकाता, समाज्ञा :** लियोनेल मेसी से जुड़े कोलकाता के सॉल्टलेक स्टेडियम में पिछले वर्ष दिसंबर में हुए कार्यक्रम को लेकर आयोजक सतद्रु दत्ता ने सोमवार को दावा किया कि उन्हें पूरे प्रकरण में बलि का बकरा बनाया गया, जबकि असली जिम्मेदारों को बचाया गया। दत्ता ने कहा कि आयोजन के दौरान राजनीतिक हस्तक्षेप, सुरक्षा में गंभीर चूक और प्रशासनिक खामियों के कारण पूरा कार्यक्रम अव्यवस्थित हो गया। दत्ता ने दावा किया कि 13 दिसंबर को आयोजित यह कार्यक्रम केंद्रीय गृह मंत्रालय के दिशानिर्देशों के तहत 'जेड-प्लस सुरक्षा' प्रोटोकॉल में होना था, जिसमें मेसी की मौजूदगी में मैदान पर केवल सीमित लोगों की ही पहुंच तय थी। उन्होंने आरोप लगाया कि हमारी तरफ से हर चीज बेहद योजनाबद्ध तरीके से की गई थी। पुलिस और सुरक्षा अधिकारियों के साथ 16 से 20 बैठकें हुई थीं। लेकिन जब मैं मेसी के साथ मैदान में पहुंचा तो वहां सैकड़ों अनधिकृत लोग बिना अनुमति या पास के मौजूद थे। दत्ता ने यह भी दावा किया कि पश्चिम बंगाल के तत्कालीन खेल मंत्री अरूप बिस्वास ने आयोजन में हस्तक्षेप किया और अतिरिक्त पास जारी करने का दबाव बनाया। उन्होंने कहा कि अतिरिक्त एक्रेडिटेशन कार्ड देने का दबाव बनाया गया, लेकिन हमने मना कर दिया क्योंकि यह पहले ही पुलिस के साथ तय हो चुका था। इसके बावजूद अनधिकृत लोग लगातार मैदान में आते रहे। उनके अनुसार, जब दर्शक और कुछ लोग बार-बार खिलाड़ियों के बेहद करीब जाकर सेल्फी लेने लगे, तो रोड्रिगो डी पॉल जैसे खिलाड़ियों को भी असहज स्थिति का सामना करना पड़ा, जिससे सुरक्षा को लेकर गंभीर चिंता पैदा हुई। दत्ता ने कहा कि इसी दौरान माहौल इतना असहज हो गया कि मेसी और उनकी पूरी टीम ने मैदान छोड़ने का फैसला कर लिया। उन्होंने सवालिया लहजे में कहा कि अगर उनके प्रबंधन में कोई खामी थी, तो उनकी टीम ने हैदराबाद, मुंबई और दिल्ली जैसे शहरों में बिना किसी समस्या के कार्यक्रम को सफलतापूर्वक कैसे आयोजित किया? इन शहरों में मंत्रियों और आमंत्रित मेहमानों ने जिम्मेदारी से अपनी भूमिका निभाई। दत्ता ने आरोप लगाया कि उन्हें बाद में उड़ान भरने से रोका गया और गिरफ्तारी भी हुई, जबकि असली जिम्मेदारों से पूछताछ तक नहीं की गई। उन्होंने कहा कि मुझे फंसाया गया, जबकि बाकी लोगों को बचा लिया गया। उन्होंने यह भी मांग की कि पूरे मामले की निष्पक्ष जांच हो, क्योंकि उनके अनुसार यह एक 'पूर्ण पुलिस विफलताट का मामला है। जब उनसे पूछा गया कि उन्होंने चार मई को चुनाव परिणाम प्रकाशित होने के बाद ही अपनी बात क्यों रखी, तो उन्होंने कहा कि मुझे लगता है कि अब बोलने और सबको सच्चाई बताने का समय आ गया है।

## गंगा में डूबने से छात्र की मौत, इलाके में शोक

**मालदा :** जिले के सादुल्लापुर घाट पर डूबने से 15 वर्षीय किशोर की मौत हो गई। मृतक की पहचान अरूप दास के रूप में हुई है, जो कक्षा दस का छात्र था। जानकारी के अनुसार, अरूप अपने दोस्तों के साथ रविवार दोपहर साइकिल से गंगा (भागीरथी) नदी में स्नान करने गया था। नदी में उतरते ही वह गहरे पानी में डूब गया। साथी छात्रों के शोर मचाने पर स्थानीय लोग तुरंत नदी में कूदकर उसकी तलाश शुरू किया। घटना की सूचना पाकर पुलिस और सिविल डिफेंस की टीम मौके पर पहुंची और स्पीड बोट की मदद से रविवार देर शाम तक खोज अभियान चलाया, लेकिन अंधेरा होने के कारण अभियान रोकना पड़ा। सोमवार सुबह फिर से तलाशी अभियान शुरू किया गया। घंटो की खोजबीन और स्थानीय युवकों की मदद से अरूप का शव नदी से बरामद कर लिया गया। शव मिलने के बाद परिवार में कोहराम मच गया और पूरे इलाके में शोक की लहर दौड़ गई।

## मुर्शिदाबाद में युवक की हत्या, भाजपा समर्थक होने के शक में हमला

**मुर्शिदाबाद :** मुर्शिदाबाद जिले में भाजपा समर्थक होने के संदेह में एक युवक की पीट-पीटकर हत्या किए जाने का आरोप सामने आया है। घटना के बाद इलाके में तनाव फैल गया है। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजकर जांच शुरू कर दी है। मृतक की पहचान आजिम खान (23) के रूप में हुई है। वह नदिया जिले के कालिगंज थाना क्षेत्र के शेरपुर गांव का निवासी था। परिजनों के अनुसार, मतगणना के दिन आजिम लीची बागान में पक्षियों को भगाने के लिए पटाखा फोड़ रहा था। आरोप है कि तृणमूल समर्थकों ने इसे भाजपा की जीत का जश्न समझ लिया। परिवार का आरोप है कि शुक्रवार को कुछ लोगों ने आजिम और उसके भाई की बांस और लोहे की रॉड से पिटाई की।

# जोड़ासांको में यूथ क्लब ने कमल सिंह के नेतृत्व में 2000 शीतल पेय और जूस बांटे



**कोलकाता, समाज्ञा :** यूथ क्लब की ओर से सोमवार को जोड़ासांको अंचल के कलाकार स्ट्रीट मोड़ पर शीतल पेय एवं जूस वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का नेतृत्व भाजपा नेता कमल सिंह ने किया, जिसमें करीब 2000 सॉफ्ट ड्रिंक और जूस लोगों के बीच वितरित किए गए। इस सेवा कार्यक्रम में बड़ी संख्या में स्थानीय लोगों ने हिस्सा लिया और आयोजन की सराहना की। आयोजन के दौरान राहगीरों, श्रमिकों और आम नागरिकों को गर्मी से राहत देने के उद्देश्य से पेय पदार्थ बांटे गए। कार्यक्रम में मदन झा, कनिष्क पांडे, अभिषेक साहा, राज सोनी, अनिल जैन, विनोद विजयवर्गीय, सुनील शर्मा, निखिल सिंह और अरविंद केजरी सहित कई कार्यकर्ता उपस्थित रहे। सभी ने मिलकर कार्यक्रम को सफल बनाने में योगदान दिया।

# दुर्गापुर अदालत में वकीलों का दो दिवसीय पेन डाउन आंदोलन शुरू

**दुर्गापुर :** दुर्गापुर अदालत में वकीलों ने दो दिवसीय पेन डाउन आंदोलन की शुरुआत की है। दुर्गापुर बार एसोसिएशन के बैनर तले चल रहे इस आंदोलन में स्थानीय विधायक चंद्रशेखर बनर्जी भी शामिल हुए। विधायक चंद्रशेखर बनर्जी ने कहा कि आसनसोल-दुर्गापुर विकास प्राधिकरण (एडीडीए) के तहत दुर्गापुर में मॉडल कोर्ट के नए भवन का निर्माण कार्य शुरू किया गया था। उन्होंने आरोप लगाया कि जब इस परियोजना की डीपीआर तैयार हुई थी, तब इसकी लागत करीब 22 करोड़ रुपये थी, जो अब बढ़कर 38 करोड़ रुपये तक पहुंच गई है। उन्होंने कहा कि नए मॉडल कोर्ट भवन में वकीलों, लॉ क्लर्क और टाइपिस्टों के बैठने की समुचित व्यवस्था नहीं की गई है, जिसे लेकर अधिवक्ताओं में भारी नाराजगी है। विधायक ने आरोप लगाया कि मॉडल कोर्ट निर्माण कार्य में बड़े पैमाने पर अनियमितता और भ्रष्टाचार हुआ है, जिसके लिए उन्होंने मलय घटक और उनके सहयोगियों को जिम्मेदार ठहराया। उन्होंने कहा कि दुर्गापुर एक मॉडल सिटी है, जहां विस्तार के लिए पर्याप्त जगह मौजूद है। इसके बावजूद निजी स्वार्थ के चलते एक-एक कर कई महत्वपूर्ण कार्यालयों को दुर्गापुर से आसनसोल स्थानांतरित किया गया। चंद्रशेखर बनर्जी ने बताया कि दुर्गापुर बार एसोसिएशन की ओर से उन्हें एक ज्ञापन सौंपा गया है, जिसे वह आज ही पश्चिम बंगाल के नवनिर्वाचित मुख्यमंत्री शुभेंदु अधिकारी को भेजेंगे। पूरे मामले की जांच के लिए एक जांच समिति गठित करने की मांग भी करेंगे। वहीं, दुर्गापुर बार एसोसिएशन के पदाधिकारी कलोल घोष ने कहा कि जिला अदालत प्रशासन की ओर से पुराने भवन से नए मॉडल कोर्ट में शिफ्ट होने का निर्देश दिया गया है, लेकिन नए भवन में वकीलों, लॉ क्लर्क और टाइपिस्टों के बैठने की कोई पर्याप्त व्यवस्था नहीं है। अधिवक्ताओं का कहना है कि अदालत की कार्यप्रणाली में वकीलों की महत्वपूर्ण भूमिका होती है। यदि उनके बैठने और काम करने की उचित व्यवस्था नहीं होगी, तो न्यायिक कार्य प्रभावित होगा। साथ ही मुकदमे से जुड़े लोगों को भी कई तरह की परेशानियों का सामना करना पड़ेगा। इन्हीं मांगों को लेकर दुर्गापुर बार एसोसिएशन के बैनर तले दो दिवसीय कार्य स्थगित कर प्रतीकात्मक पेन डाउन आंदोलन शुरू किया गया है।

# हुगली-चुंचुड़ा नगर पालिका में पेंशन बकाया पर हंगामा, चेयरमैन के खिलाफ लगे 'चोर' के नारे

**हुगली, समाज्ञा :** चुंचुड़ा नगर पालिका में पेंशन बकाया को लेकर सोमवार को जोरदार विरोध प्रदर्शन हुआ। करीब 475 पेंशनभोगी सुबह से ही नगर पालिका के चेयरमैन कार्यालय के सामने धरने पर बैठ गए। पेंशनरों का आरोप है कि पिछले दो महीनों से उन्हें पेंशन नहीं मिली है और इस महीने के साथ बकाया बढ़कर तीन महीने तक पहुंच सकता है। प्रदर्शनकारियों ने बकाया पेंशन के तत्काल भुगतान, कथित भूतिया कर्मचारियों को हटाने और नगर पालिका को सुचारु रूप से चलाने की मांग को लेकर चेयरमैन को ज्ञापन सौंपा। पेंशनर्स एसोसिएशन के सदस्य अरूप नाग ने बताया कि कई बुजुर्ग पेंशनभोगियों की उम्र 80 वर्ष से अधिक है। पेंशन नहीं मिलने के कारण वे दवाइयां खरीदने तक में असमर्थ हैं और रोजमर्रा के खर्च चलाने में भी भारी परेशानी का सामना कर रहे हैं। उन्होंने तत्काल पेंशन भुगतान की मांग की। प्रदर्शन के दौरान कुछ लोगों ने चेयरमैन को देखकर 'चोर चेयरमैन' के नारे लगाए, जिससे माहौल तनावपूर्ण हो गया। वहीं, नगरपालिका के चेयरमैन सौमित्र घोष ने स्वीकार किया कि दो महीने की पेंशन बकाया है। उन्होंने कहा कि चुनाव के कारण केंद्र सरकार से मिलने वाली मंजूरी समय पर नहीं मिल पाई, लेकिन अब नई सरकार बनने के बाद जल्द ही समस्या का समाधान कर लिया जाएगा। नारेबाजी पर प्रतिक्रिया देते हुए चेयरमैन ने कहा कि उन्होंने कभी किसी के लिए अपमानजनक भाषा का इस्तेमाल नहीं किया। जो लोग इस तरह की भाषा का प्रयोग कर रहे हैं, वह उनकी व्यक्तिगत सोच और संस्कार को दर्शाता है।

## राजस्थान के अनेक इलाकों में भीषण गर्मी की चेतावनी

**जयपुर:** मौसम विभाग ने इस सप्ताह राज्य के कई इलाकों में भीषण गर्मी (हीटवेव) पड़ने की चेतावनी देते हुए कहा है कि आने वाले दिनों में तापमान और बढ़ेगा। मौसम केंद्र जयपुर के अनुसार, इस समय दक्षिण-पश्चिमी राजस्थान के कुछ भागों में अधिकतम तापमान 45-47 डिग्री सेल्सियस के मध्य दर्ज किया जा रहा है। रविवार दिन में अधिकतम तापमान बाड़मेर में 46.8 डिग्री सेल्सियस रहा। राज्य के ज्यादातर भागों में आगामी दिनों में न्यूनतम व अधिकतम तापमान में हल्की बढ़ोतरी होने की संभावना है। जोधपुर, बीकानेर संभाग के कुछ भागों में आगामी 4-5 दिन 'हीटवेव' व ऊष्णरात्री दर्ज होने का अनुमान है। वहीं दक्षिण-पूर्वी भागों में भी आगामी दिनों में अधिकतम तापमान 43 से 45 डिग्री के बीच दर्ज होने व कहीं-कहीं हीटवेव, ऊष्णरात्री रहने की संभावना।

## गर्भवती भाभी की फावड़े से काटकर की हत्या, शव के पास एक घंटे तक खड़ा रहा आरोपी

**सहारनपुर (उप्र):** सहारनपुर जिले के नानौता क्षेत्र में रविवार रात शराब के नशे में धुत एक व्यक्ति ने अपनी पांच माह की गर्भवती भाभी की फावड़े से प्रहार करके कथित तौर पर हत्या कर दी। मृतका के परिजन ने ससुराल के सभी लोगों पर बेटी की हत्या का आरोप लगाया है। पुलिस सूत्रों के मुताबिक, हत्यारा खून से सना फावड़ा लेकर शव के पास खड़ा रहा और किसी को भी कमरे के अंदर नहीं आने दिया। साथ ही सिलेण्डर का पाइप खोलकर आग लगाने की धमकी भी दी। बाद में उसे बमुश्किल पकड़ा गया। पुलिस क्षेत्राधिकारी अशोक सिसोदिया ने बताया कि नानौता कस्बे में आमिर नामक व्यक्ति ने रविवार देर रात शराब के नशे में अपनी भाभी सना (24) से झगड़े के बाद उसके सिर, पेट और छाती पर फावड़े से ताबड़तोड़ वार किया, जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। उन्होंने बताया कि वारदात के बाद आमिर खून से सना फावड़ा लेकर करीब एक घंटे तक शव के पास खड़ा रहा और शोर सुनकर मौके पर पहुंचे लोगों को फावड़े से हमला करने की धमकी दी, साथ ही एक हाथ में रसोई गैस सिलेंडर का पाइप लेकर आग लगाने की बात भी कही। सिसोदिया ने बताया कि बाद में पुलिस ने मौके पर मौजूद निसार खान नामक व्यक्ति की मदद से आमिर को गिरफ्तार कर लिया। उन्होंने बताया कि पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिये भेज दिया है जबकि फोरेंसिक टीम ने मौके से खून के नमूने, फावड़ा और अन्य सुबूत जांच के लिये एकत्र किये हैं।

# आगामी वर्षों में बिहार का पूरा आधारभूत ढांचा बदल जाएगा : मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी




**पटना:** बिहार के मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने सोमवार को कहा कि आने वाले वर्षों में विभिन्न संपर्क परियोजनाओं के जरिए राज्य के पूरे आधारभूत ढांचे में व्यापक बदलाव देखने को मिलेगा। वह पटना के मंदिरी इलाके में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के राष्ट्रीय अध्यक्ष नेता नितिन नवीन के दिवंगत पिता नवीन किशोर सिन्हा के नाम पर पटना के मंदिरी नाला को ढक कर बनाई गई सड़क 'नवीन किशोर सिन्हा पथ'' के उद्घाटन समारोह को संबोधित कर रहे थे। नवीन किशोर प्रसाद सिन्हा पटना पश्चिम विधानसभा क्षेत्र से चार बार भाजपा विधायक रहे थे। मंदिरी क्षेत्र से गांधी मैदान के निकट काली मंदिर तक जाने वाले नवीन सिन्हा पथ का उद्घाटन करने के बाद मुख्यमंत्री ने कहा कि अगले चरण में इस सड़क को 31 मार्च, 2027 तक मरीन ड्राइव से जोड़ दिया जाएगा। मुख्यमंत्री ने कहा, 'मंदिरी क्षेत्र लंबे समय से भीषण यातायात जाम की समस्या से जूझ रहा था। यह वैकल्पिक मार्ग पूरे इलाके की तस्वीर बदल देगा। नाले की वजह से वर्षों तक परेशान रहने वाले लोग अब इस क्षेत्र को एक व्यावसायिक केंद्र के रूप में विकसित होते देखेंगे।'' चौधरी ने पूर्व मुख्यमंत्री नीतीश कुमार और नितिन नवीन को मंदिरी नाले के ऊपर चार लेन सड़क निर्माण परियोजना शुरू करने के लिए धन्यवाद दिया। उन्होंने कहा कि इस परियोजना का उद्देश्य संपर्क सुविधा बढ़ाने के साथ-साथ नाले को ढंकना भी था। उन्होंने कहा, 'जब मैं 2014 में शहरी विकास मंत्री था, तब मैंने अशियाना-दीघा नाला पथ का प्रायोगिक निर्माण शुरू कराया था। उस समय नीतीश कुमार जी ने मुझे इस मॉडल को आजमाने के लिए प्रोत्साहित किया था।' मुख्यमंत्री ने कहा कि इसी प्रकार की सड़कें सैदपुर और राजीव नगर नालों के ऊपर भी बनाई जा रही हैं। उन्होंने कहा, 'बिहार सरकार पटना के दोनों छोर पर नए शहर विकसित करने की योजना बना रही है। करीब 66,000 एकड़ में पाटलिपुत्र टाउनशिप विकसित करने की योजना है, जबकि गंगा के दूसरी ओर सोनपुर क्षेत्र में भी टाउनशिप निर्माण का कार्य शुरू हो चुका है।'

### बिहार में पंचायत स्तर पर 'सहयोग शिविर' लगाए जाएंगे, 30 दिन में समस्याओं का समाधान होगा : मुख्यमंत्री

**पटना:** बिहार के मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने सोमवार को कहा कि राज्य सरकार पंचायत स्तर पर 'सहयोग शिविर' लगाकर लोगों की समस्याओं का 30 दिन के भीतर समाधान सुनिश्चित करेगी। उन्होंने कहा कि निर्धारित समय सीमा में कार्रवाई नहीं करने वाले अधिकारियों के खिलाफ निलंबन की प्रक्रिया स्वत: प्रभावी हो जाएगी। सम्राट ने मुख्यमंत्री सचिवालय स्थित 'संवाद' में 'सहयोग हेल्पलाइन नंबर 1100' और 'सहयोग पोर्टल' का उद्घाटन करते हुए कहा कि ये मंच आम लोगों की समस्याओं के त्वरित, निष्पक्ष और पारदर्शी समाधान के लिए शुरू किए गए हैं। मुख्यमंत्री कार्यालय की ओर से जारी बयान के मुताबिक, सम्राट ने कहा, पंचायत स्तर पर 'सहयोग शिविर' लगाकर 30 दिन में लोगों की समस्याओं का निपटारा किया जाएगा। जिलाधिकारी और पुलिस अधीक्षक (एसपी) इसकी वास्तविक समय में निगरानी करेंगे।

## झारखंड: भाजपा ने मुख्यमंत्री को पत्र लिखकर 'कोषागार घोटाले' की सीबीआई जांच कराने का आग्रह किया

**रांची:** भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की झारखंड इकाई के अध्यक्ष आदित्य साहू ने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से विभिन्न जिलों से सामने आए कथित कोषागार घोटाले की केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) से जांच की सिफारिश करने का सोमवार को आग्रह किया। मुख्यमंत्री को लिखे पत्र में साहू ने यह भी मांग की कि सरकार जिला कोषागारों से कथित तौर पर अवैध निकासी की राशि का ब्यौरा देते हुए श्वेत पत्र जारी किया जाए। साहू ने कहा, ''यह एक बड़ा घोटाला प्रतीत होता है, जो व्यवस्था और सत्ता के बीच सांठगांठ के माध्यम से बहुत ही सुनियोजित तरीके से अंजाम दिया गया है। इसलिए, इस कोषागार घोटाले की सीबीआई जांच की सिफारिश करने का आग्रह किया जाता है, ताकि जनता की मेहनत की कमाई लूटने वाले भ्रष्ट व्यक्तियों के नाम उजागर हो सकें और उनके खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जा सके।'' साहू ने कहा कि कथित घोटाले के सामने आने के बाद से लगभग एक महीना बीत चुका है और दावा किया कि इसमें शामिल राशि 1.5 करोड़ रुपये से लेकर 1,000 करोड़ रुपये तक हो सकती है।

## न्यूज अपडेट

### अखिलेश ने भाजपा पर निशाना साधा, कहा- चुनाव खत्म होते ही 'संकट' याद आ गया



**लखनऊ:** समाजवादी पार्टी (सपा) प्रमुख अखिलेश यादव ने पश्चिम एशिया में जारी संघर्ष के बीच लोगों से खर्च में कटौती करने की प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अपील पर तीखी प्रतिक्रिया देते हुए सोमवार को कहा कि चुनाव खत्म होते ही भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) को संकट याद आ गया, लेकिन देश के लिए संकट सिर्फ एक है और उसका नाम है भाजपा। अखिलेश ने कहा, इतनी सारी पाबंदियां लगानी पड़े, तो पांच ट्रिलियन अमेरिकी डॉलर की जुमले वाली अर्थव्यवस्था कैसे बनेगी? लगता है भाजपा सरकार के हाथ से लगाम पूरी तरह से छूट गई है। अमेरिकी डॉलर आसमान छू रहा है और भारतीय रुपया पातालोन्मुखी हो गया है। प्रधानमंत्री मोदी ने पश्चिम एशिया संकट के बीच अर्थव्यवस्था को मजबूती देने के उद्देश्य से रविवार को लोगों से ईंधन का सोच-समझकर इस्तेमाल करने, सोने की खरीद टालने और विदेश यात्राएं कम करने की अपील की थी। अखिलेश ने कहा, भाजपाइयों को सोना न खरीदने की अपील जनता से नहीं, बल्कि अपने भ्रष्ट लोगों से करनी चाहिए, क्योंकि जनता तो वैसे भी डेढ़ लाख रुपये प्रति तोले का सोना नहीं खरीद पा रही है। भाजपाई ही अपनी काली कमाई से सोना खरीदने में जुटे हुए हैं।

### डेढ़ साल की बच्ची लापता: रांची पुलिस ने सुराग देने वाले को 50,000 रुपये इनाम देने की घोषणा की



**रांची:** रांची पुलिस ने दो दिन पहले यहां कि खोरहा टोली स्थित अपने घर से लापता हुई 18 महीने की बच्ची के बारे में जानकारी देने वाले को 50,000 रुपये का इनाम देने की घोषणा की है। अधिकारियों ने सोमवार को यह जानकारी दी। बच्ची शनिवार शाम करीब साढ़े चार बजे लापता हो गई थी। सदर थाना प्रभारी कुलदीप कुमार ने बताया, घटना की सूचना मिलने के बाद पुलिस ने सघन तलाशी अभियान चलाया, लेकिन अभी तक बच्ची का कोई सुराग नहीं मिल सका है। उन्होंने कहा कि पुलिस को बच्ची किसी नाले में गिर जाने की आशंका है। पुलिस बच्ची का पता लगाने के लिए इलाके के सीसीटीवी फुटेज की भी जांच कर रही है। रांची शहर के पुलिस अधीक्षक पारस राणा ने 'पीटीआई-भाषा' को बताया, बच्ची अपने घर से लापता हुई है और अब तक उसका पता नहीं चल पाया है। हमने उसकी जानकारी देने वाले को 50,000 रुपये का इनाम देने की घोषणा की है। कई थानों को अलर्ट पर रखा गया है और बच्ची की तलाश में विभिन्न स्थानों पर छापेमारी की जा रही है। उन्होंने जोर देकर कहा कि लड़की का अपहरण नहीं हुआ है। हालांकि, परिवार ने दावा किया कि उन्हें अज्ञात लोगों का फोन आया था जिन्होंने लड़की को छोड़ने के बदले 12,000 रुपये की फिरौती मांगी थी। इसी बीच, भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की झारखंड इकाई के अध्यक्ष आदित्य साहू ने पीड़िता के परिवार से मुलाकात की और उन्हें बच्ची के जल्द सुरक्षित घर वापस आने का आश्वासन दिया। साहू ने दावा किया, बच्ची के परिवार से मुलाकात के बाद यह बात सामने आयी कि कुछ बदमाशों ने बच्ची का अपहरण किया हो सकता। अपराधी 'वीडियो कॉल' के जरिए बच्ची को दिखा रहे हैं और परिवार को धमका रहे हैं।

### महिला अभ्यर्थियों को आंदोलन करने की जरूरत नहीं, बिहार सरकार उनके साथ : शिक्षा मंत्री

**पटना:** बिहार के शिक्षा मंत्री मिथिलेश कुमार तिवारी ने सोमवार को कहा कि शिक्षक भर्ती परीक्षा की महिला अभ्यर्थियों को आंदोलन करने की जरूरत नहीं है, क्योंकि राज्य सरकार उनके अधिकारों के समर्थन में मजबूती से खड़ी है। बिहार लोक सेवा आयोग (बीपीएससी) की शिक्षक भर्ती परीक्षा-4 (टीआरई-4) के अभ्यर्थियों ने भर्ती परीक्षा की अधिसूचना जारी करने में हो रही देरी के विरोध में शुक्रवार को पटना में प्रदर्शन किया था। बिहार में बीपीएससी टीआरई-4 परीक्षा के जरिये 46 हजार से अधिक पदों पर नियुक्ति किए जाने की उम्मीद है, लेकिन यह परीक्षा अप्रैल 2026 की प्रारंभिक समयसीमा के बावजूद आयोजित नहीं की गई है। पुलिसकर्मियों के महिला प्रदर्शनकारियों पर लाठीचार्ज करने के बारे में पूछे जाने पर शिक्षा मंत्री ने कहा, आंदोलन की क्या जरूरत है। हमारी बेटियां हमारी ताकत हैं और राष्ट्र की समृद्धि की आधारशिला हैं।

## 'विदेशी आक्रांता' भारत की आध्यात्मिक, सांस्कृतिक पहचान को नष्ट करने के प्रयास में नाकाम रहे : योगी

### राज्यपाल पटेल, मुख्यमंत्री योगी ने वाराणसी में बाबा विश्वनाथ के दर्शन किए



**वाराणसी:** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सोमवार को कहा कि 'विदेशी आक्रांता' भारत की आध्यात्मिक और सांस्कृतिक पहचान को नष्ट करने के प्रयास में नाकाम रहे, क्योंकि सनातन भारत की चेतना में बसता है और इसे मिटाया नहीं जा सकता। योगी ने 'सोमनाथ स्वाभिमान पर्व' के तहत वाराणसी में आयोजित 'सोमनाथ संकल्प महोत्सव' को संबोधित करते हुए कहा कि विदेशी आक्रांताओं ने सनातन को खत्म करने की कोशिश की, लेकिन वे भारत की आत्मा को तोड़ नहीं सके। उन्होंने कहा, मोहम्मद गोरी से लेकर मुगलों तक कई विदेशी आक्रांताओं ने हमारी आध्यात्मिक और सांस्कृतिक पहचान को नष्ट करने की कोशिश की। योगी ने कहा, औरंगजेब ने बाबा विश्वनाथ के प्राचीन मंदिर को ध्वस्त कर दिया और यहां गुलामी का प्रतीक एक ढांचा खड़ा कर दिया, लेकिन वह भारत की आत्मा को तोड़ नहीं सका। वह यह नहीं समझ सका कि सनातन केवल मंदिरों की दीवारों के भीतर नहीं, बल्कि खुद भारत की चेतना में बसता है। भारत अपनी आत्मा को शाश्वत और अमर मानता है। मुख्यमंत्री ने कहा कि जिन लोगों ने सनातन को मिटाने की कोशिश की, वे खुद ही धूल में मिल गए और आज उन आक्रांताओं को कोई याद नहीं करता, लेकिन काशी विश्वनाथ धाम और सोमनाथ मंदिर भारत के स्वाभिमान की गाथा को आगे बढ़ा रहे हैं। उन्होंने कहा कि आज भी ऐसी ताकतें मौजूद हैं, जो भारत के आध्यात्मिक और सांस्कृतिक प्रतीकों के पुनरुत्थान का विरोध करती हैं।

## झारखंड: उत्तर प्रदेश जा रहे ट्रक से 2.08 करोड़ रुपये मूल्य का चूरा पोस्त बरामद

**खूंटी:** झारखंड के खूंटी जिले में 1,388 किलोग्राम चूरा पोस्त से लदे ट्रक को जब्त किया गया। पुलिस के एक अधिकारी ने सोमवार को यह जानकारी दी। अधिकारी के अनुसार, बरामद प्रतिबंधित सामग्री की कीमत लगभग 2.08 करोड़ रुपये है। पुलिस ने बताया कि रविवार को रानिया पुलिस थाना क्षेत्र के भालुटोली गांव के पास कामदारा-रानिया सड़क पर जांच के दौरान वाहन को रोका गया। उप-मंडल पुलिस पदाधिकारी (तोरपा) क्रिस्टोफर केरकेट्टा ने बताया, बड़ी मात्रा में चूरा पोस्त उत्तर प्रदेश ले जाने की सूचना मिलने पर पुलिस ने इस मार्ग पर जांच अभियान चलाया। जैसे ही चालक ने पुलिस को देखा, उसने वाहन को सड़क किनारे खड़ा किया और फरार हो गया। उन्होंने बताया, वाहन की तलाशी लेने पर हमें 69 बोरियों में रखा हुआ 1,388 किलोग्राम चूरा पोस्त मिला। उन्होंने बताया कि जब्त की गई खेप का अनुमानित बाजार मूल्य लगभग 2.08 करोड़ रुपये है।



### जमशेदपुर में पांच गिरफ्तार, 3.50 लाख रुपये का मादक पदार्थ बरामद

**जमशेदपुर:** जमशेदपुर के कई हिस्सों में मादक पदार्थों की तस्करी के खिलाफ चलाए गए अभियान के तहत एक दंपति तथा तीन अन्य लोगों को गिरफ्तार कर उनके पास से 3.50 लाख रुपये की 'ब्राउन शुगर' बरामद की गई। पुलिस ने सोमवार को यह जानकारी दी। पूर्वी सिंहभूम के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक पीयूष पांडेय के मुताबिक, पुलिस ने प्रतिबंधित मादक पदार्थ के 26.84 ग्राम वजनी 175 छोटे पैकेट बरामद किए, जिसका अनुमानित मूल्य 3.50 लाख रुपये है। उन्होंने बताया कि एक गुप्त सूचना पर कार्रवाई करते हुए, पुलिस ने बर्मामाइंस थाना क्षेत्र की गांधीनगर बस्ती से संतोष सिंह तथा उसकी पत्नी आयशा खातून को 124 पैकेट 'ब्राउन शुगर' के साथ गिरफ्तार कर लिया। उनसे की गई पूछताछ के आधार पर, पुलिस ने गोविंदपुर थाना क्षेत्र से गौरव कुमार और अमित कुमार को मादक पदार्थ के क्रमशः 20 और 19 पैकेटों के साथ गिरफ्तार कर लिया।

---

समाज्ञा

# धर्म-अध्यात्म

## व्रत - त्यौहार

**13.05.2026 : अचला एकादशी व्रत**
**15.05.2026 : मास शिवरात्रि व्रत**
**17.05.2026 : अधिक ज्येष्ठ मास प्रारंभ**
**18.05.2026 : चन्द्रदर्शन**

## घर में शिवलिंग रखना सही है ?

हिंदू धर्म में भगवान शिव की पूजा का विशेष महत्व माना जाता है। शास्त्रों के अनुसार, महादेव बेहद दयालु और भोले स्वभाव के हैं। वे केवल एक लोटा जल अर्पित करने से ही अपने भक्तों पर कृपा बरसा देते हैं। यही कारण है कि, कई लोग रोजाना नियमपूर्वक उनकी पूजा करते हैं और कुछ घर में शिवलिंग स्थापित कर आराधना करना चाहते हैं। हालांकि, घर में शिवलिंग रखना शुभ माना गया है, परंतु इसके साथ कुछ जरूरी नियमों का पालन करना बेहद जरूरी होता है अन्यथा इसका नकारात्मक प्रभाव घर की सुख-समृद्धि पर दिखाई दे सकता है। ऐसे में आइए घर में शिवलिंग रखने के कुछ महत्वपूर्ण नियमों को जानते हैं।

धार्मिक मान्यताओं के अनुसार, घर में रखा जाने वाला शिवलिंग अंगूठे के आकार का होना चाहिए। बड़ा शिवलिंग घर में रखना उचित नहीं माना जाता, क्योंकि उसकी पूजा के नियम अधिक कठोर होते हैं।

शास्त्रों की मानें, तो शिवलिंग स्थापित करने के लिए प्राण-प्रतिष्ठा अनिवार्य नहीं है। हालांकि, लेकिन रोजाना जल चढ़ाना, अभिषेक करना और श्रद्धा से पूजा करना जरूरी माना गया है। इससे महादेव की कृपा बनी रहती है और घर में भी खुशियां वास करती हैं।

माना जाता है कि, शिवलिंग को हमेशा उत्तर-पूर्व दिशा में ही रखना चाहिए। यह दिशा सबसे पवित्र मानी जाती है। इससे घर में बरकत होती हैं और नकारात्मकता समाप्त होती हैं।

धार्मिक ग्रंथों के अनुसार, घर में जहां शिवलिंग स्थापित करें, वहां भगवान शिव के साथ माता पार्वती, गणेश और कार्तिकेय का चित्र या मूर्ति अवश्य रखें। इससे घर में सुख-शांति और पारिवारिक संतुलन बना रहता है।

शास्त्रों के अनुसार, घर में एक से अधिक शिवलिंग रखना अशुभ माना जाता है। इसलिए एक ही शिवलिंग स्थापित करें और उसी की नियमित पूजा करें।

रोजाना शिवलिंग पर जल अर्पित करना चाहिए। यह शुभ होता है। इसके साथ ही महादेव के इन प्रभावशाली मंत्रों का जाप करना लाभकारी हो सकता है।

**महामृत्युंजय मंत्र**

**ऊँ हौं जूं स: ऊँ भुर्भव: स्व:**
**ऊँ त्र्यम्बकं यजामहे सुगन्धिं**
**पुष्टिवर्धनम्।**
**ऊर्वारुकमिव**
**बन्धनान्मृत्योर्मुक्षीय मामृतात् ऊँ**
**भुव: भू: स्व: ऊँ स: जूं हौं**
**ऊँ।।**

**सुख और शांति प्राप्त करने का मंत्र**

**ॐ तत्पुरुषाय विद्महे महादेवाय धीमहि**
**तन्नो रुद्रः प्रचोदयात्!**

**भगवान शिव के प्रभावशाली मंत्र**

**ओम साधो जातये नम:।।**
**ओम वाम देवाय नम:।।**
**ओम अघोराय नम:।। ओम तत्पुरूषाय नम:।।**
**ओम ईशानाय नम:।। ॐ ह्रीं ह्रौं नम: शिवाय।।**

## वट सावित्री व्रत के दिन भूलकर भी न करें ये गलतियां, जानें पूजा के जरूरी नियम

हिंदू धर्म में वट सावित्री व्रत को अखंड सौभाग्य और सुखी वैवाहिक जीवन से जुड़ा अत्यंत महत्वपूर्ण व्रत माना गया है। यह व्रत विवाहित महिलाएं अपने पति की लंबी आयु, अच्छे स्वास्थ्य और दांपत्य जीवन में सुख-समृद्धि की कामना के लिए रखती हैं। धार्मिक मान्यताओं के अनुसार इस दिन बरगद के वृक्ष की पूजा और सावित्री-सत्यवान कथा का श्रवण विशेष फलदायी माना जाता है। मान्यता है कि देवी सावित्री ने अपने पतिव्रत और दृढ़ संकल्प के बल पर यमराज से अपने पति सत्यवान के प्राण वापस प्राप्त किए थे। इसी कारण यह व्रत नारी शक्ति, समर्पण और अटूट प्रेम का प्रतीक माना जाता है। कहा जाता है कि इस दिन व्रत और पूजा के साथ कुछ विशेष नियमों और शुभ कार्यों का पालन करने से व्रत का फल और अधिक बढ़ जाता है। आइए जानते हैं कि वाट सावित्री व्रत के किन नियमों का पालन करना आवश्यक है।

### वट सावित्री व्रत के



### नियम और विधि

- सुबह जल्दी उठकर स्नान करें और साफ-सुथरे पारंपरिक वस्त्र पहनें।
- वट सावित्री व्रत के दिन सोलह श्रृंगार करना शुभ माना जाता है।
- लाल और हरे रंग के कपड़े धारण करें।
- व्रत रखकर बरगद के वृक्ष की पूजा करें।
- वट वृक्ष की जड़ में जल अर्पित करें।
- हल्दी, कुमकुम, सिंदूर, फूल और पूजन सामग्री चढ़ाएं।
- मिठाई या प्रसाद का भोग लगाएं।
- बरगद के पेड़ की सात बार परिक्रमा करते हुए कच्चा सूत लपेटें।
- सावित्री-सत्यवान कथा का पाठ या श्रवण करें।
- पूजा के बाद वट वृक्ष का पत्ता आशीर्वाद स्वरूप अपने पास रखें।
- पति और घर के बड़े-बुजुर्गों का आशीर्वाद लें।
- पति के साथ दीपक जलाकर पूजा करना शुभ माना जाता है।

### वट सावित्री तिथि

वट सावित्री व्रत से जुड़ी पंचांग गणना के अनुसार वैशाख अमावस्या तिथि 16 मई 2026 को सुबह 5 बजकर 11 मिनट पर शुरू होगी और 17 मई 2026 को रात 1 बजकर 30 मिनट पर समाप्त होगी। उदया तिथि को मान्यता दिए जाने के कारण वट सावित्री व्रत 16 मई 2026, शनिवार के दिन रखा जाएगा।

इस दिन पूजा-पाठ के लिए सुबह 7:12 बजे से 8:24 बजे तक का समय शुभ माना गया है। वहीं अभिजीत मुहूर्त सुबह 11:50 बजे से दोपहर 12:45 बजे तक रहेगा। धार्मिक मान्यताओं के अनुसार इस शुभ समय में पूजा और व्रत करने से विशेष पुण्य फल प्राप्त होता है।

### वट अमावस्या व्रत की पूजन सामग्री

पूजन सामग्री में कलावा, कच्चा सूत, सिंदूर, रोली, अक्षत, चंदन, फूल, सुपारी, धूप, दीपक, नारियल, पान के पत्ते, सात प्रकार के अनाज, श्रृंगार का सामान, मिठाई, जल से भरा कलश और वटवृक्ष की शाखा को विशेष रूप से शामिल किया जाता है। धार्मिक मान्यताओं के अनुसार इन सामग्रियों से विधि-विधान के साथ पूजा करने पर अखंड सौभाग्य, अच्छे स्वास्थ्य और सुख-समृद्धि का आशीर्वाद प्राप्त होता है।

## गाय की पूंछ कराती है वैतरणी पार

**नरेंद्र देवांगन**

यह लोक विश्वास है कि मृत्यु के बाद मृतक की आत्मा को स्वर्ग पहुंचने से पहले वैतरणी नाम की नदी पार करनी पड़ती है। जो व्यक्ति मौत से पूर्व गो दान कर देता है तो उसे गो माता सहारा देती है और मृतक की आत्मा गो माता की पूंछ पकड़ कर वैतरणी पार करती है। जो गो दान नहीं करता, वह मझधार में ही डूब जाता है। इसके बाद आत्मा अनंत काल तक वैतरणी में भटकती रहती है।

हिंदू दर्शन के अनुसार इस बात की बार-बार पुष्टि की जाती है कि मनुष्य में जीवतत्व निवास करता है जो मृत्यु के बाद ब्रह्म में विलीन हो जाता है। मगर स्वर्ग तथा नर्क की अवधारणा ने यह सोचने पर मजबूर कर दिया कि क्या आदमी की आत्मा मृत्यु के बाद स्वर्ग अथवा नर्क में जाती है। यदि हां तो फिर लोगों का इस बात पर विश्वास कर लेना लाजिमी है कि जीवात्मा अनेक बाधाएं पार करते हुए देवलोक पहुंचती होगी।



जहां तक गाय की पूंछ पकड़ कर वैतरणी पार करने की बात है तो यह अवधारणा इसलिए बनी कि लोग गाय को ज्यादा से ज्यादा सम्मान दें। इसलिए यह विचार भी चस्पां कर दिया गया कि यदि गो दान न किया गया तो आत्मा वैतरणी में भटकती रहेगी। यदि इस भाव को प्रतीकात्मक रूप से भी स्वीकार करें तो हम यह कह सकते हैं कि यह संसार ही एक वैतरणी है। इससे पार पाने के लिए हमें सत्कर्म करने चाहिएं ताकि मृत्यु के समय खुद को चैन मिले। हमारी आत्मा हमें ही बार-बार न कोसे।

यह सही है कि सृष्टि में जिस चीज का आज अस्तित्व है, उसे एक दिन विलीन हो ही जाना ही है। चूंकि शरीर पांच तत्वों से बना है इसलिए उसे इन तत्वों में मिल जाना है। इस तरह इसे ब्रह्म में लीन कहा जाता है। वैसे सच यह है कि भगवान के प्रति सात्विक श्रद्धा का होना ही गो के समान है।

जैसा कि संत तुलसीदास ने कहा है- 'सात्विक श्रद्धा धेनु सुहाई।' शायद ईश्वर तक पहुंचने के लिए इससे बड़ा साधन और क्या हो सकता है? इसलिए हम ईश्वर के प्रति श्रद्धा रखें।

## अपरा एकादशी पर विष्णु जी को लगाएं ये खास भोग, विवाह-संतान से जुड़ी परेशानियां होंगी दूर



ज्येष्ठ माह के कृष्ण पक्ष की एकादशी तिथि पर अपरा एकादशी मनाई जाती है। इसे अचला एकादशी भी कहते हैं। इस वर्ष 13 मई 2026, बुधवार को यह उपवास रखा जाएगा। कहा जाता है कि, इस दिन भगवान विष्णु की विधि-विधान से पूजा करने और उन्हें प्रिय चीजों का भोग लगाने से वे शीघ्र प्रसन्न होते हैं। माना जाता है कि, उनकी कृपा से जीवन के दुख-दर्द दूर होते हैं और सुख-समृद्धि का आशीर्वाद प्राप्त होता है। साथ ही विवाह मार्ग में आ रही रुकावटें भी धीर-धीरे दूर होने लगती हैं। ऐसे में आइए जानते हैं कि, अपरा एकादशी के दिन भगवान विष्णु को किन चीजों का भोग लगाना बेहद शुभ माना गया है।

### पंचामृत का भोग

अपरा एकादशी के दिन भगवान विष्णु को पंचामृत अर्पित करें। यह करना अत्यंत शुभ माना जाता है। दूध, दही, घी, शहद और शक्कर से बना पंचामृत सकारात्मक ऊर्जा का प्रतीक माना जाता है। इससे भगवान जल्दी प्रसन्न होते हैं और घर में सुख-शांति बनी रहती है।

### गुड़ का भोग

धार्मिक मान्यताओं के अनुसार, भगवान विष्णु को गुड़ अर्पित करना भी बेहद फलदायी माना गया है। कहते हैं कि इससे जीवन में मिठास आती है और आत्मविश्वास मजबूत होता है। साथ ही आर्थिक परेशानियों से राहत मिलती हैं।

### मेवे और मखाने

शास्त्रों की मानें, तो अपरा एकादशी पर मेवे और मखाने का भोग लगाना लाभकारी होता है। यह शुभता और समृद्धि का प्रतीक माना जाता है। ऐसा करने से घर में धन-धान्य बढ़ता है।

### केसरिया भात

धार्मिक मान्यताओं के अनुसार, भगवान विष्णु को केसरिया भात अर्पित करना बेहद शुभ होता है। इससे सौभाग्य में वृद्धि होती है और व्यक्ति के जीवन में सकारात्मक बदलाव आने लगते हैं। इसके अलावा विवाह योग भी बनते हैं।

### केले का भोग

एकादशी के दिन केले का भोग लगाने से भगवान विष्णु की विशेष कृपा प्राप्त होती है। इससे विवाह में आ रही बाधाएं दूर होती हैं और शीघ्र शुभ विवाह के योग बनने लगते हैं।

## जम्मू-कश्मीर के गांदेरबल में बिजली गिरने से 90 भेड़ों की मौत

**श्रीनगर:** जम्मू-कश्मीर के गांदेरबल जिले के ऊपरी इलाकों में चारागाह पर आकाशीय बिजली गिरने से कम से कम 90 भेड़ों की मौत हो गई। अधिकारियों ने सोमवार को यह जानकारी दी। अधिकारियों के अनुसार, रविवार रात गांदेरबल जिले के कंगन क्षेत्र के पोशकर स्थित मैदान में आकाशीय बिजली गिरी, जिससे करीब 90 भेड़ों की मौत हो गई। उन्होंने बताया कि ये भेड़ें खानाबदोश चरवाहों के एक परिवार की थीं, जो अपने पशुओं को चराने के लिए सोनमर्ग क्षेत्र की ओर ले जा रहे थे। कश्मीर के कुछ इलाकों में रविवार रात तेज हवाओं और रुक-रुक कर हुई बारिश से मकानों और फसलों को भी नुकसान पहुंचा है।

## तुलजाभवानी मंदिर के पास 253 किलोग्राम सोना, 4.6 टन चांदी : रिपोर्ट छत्रपति

**संभाजीनगर:** महाराष्ट्र के धाराशिव जिले में स्थित तुलजाभवानी मंदिर के पास इस वर्ष 31 मार्च तक स्थिति के अनुसार 253 किलोग्राम सोना और 4,614 किलोग्राम चांदी है। मंदिर का प्रबंधन करने वाले ट्रस्ट ने सोमवार को यह जानकारी दी। तुलजाभवानी मंदिर ट्रस्ट ने एक रिपोर्ट में बताया कि उसके पास 253.30 किलोग्राम सोना और 4614.52 किलोग्राम चांदी है। रिपोर्ट में कहा गया है, ''2023-24 में ट्रस्ट को 16.49 किलोग्राम सोना और 260.66 किलोग्राम चांदी प्राप्त हुई। 2024-25 में दान की गई मात्रा बढ़कर 17.62 किलोग्राम सोना और 255.99 किलोग्राम चांदी हो गई। रिपोर्ट में कहा गया है कि 2025-26 वित्तीय वर्ष में सोने का दान कम हुआ, लेकिन चांदी का दान बढ़ा। रिपोर्ट के अनुसार, दान किए गए सोने की मात्रा घटकर 10.78 किलोग्राम रह गई, जबकि चांदी की मात्रा लगभग 10 किलोग्राम बढ़कर 267.26 किलोग्राम हो गई।

## तेलंगाना में सड़क दुर्घटना में तेलुगु अभिनेता समेत दो लोगों की मौत

**हैदराबाद:** हैदराबाद के निकट एक कार की ट्रक से टक्कर होने से एक तेलुगु अभिनेता सहित दो लोगों की मौत हो गई। पुलिस ने सोमवार को यह जानकारी दी। यह दुर्घटना 10 मई को तड़के आउटर रिंग रोड (ओआरआर) पर हुई। कार आगे चल रहे ट्रक से टकरा गई, जिससे अभिनेता भरत कांत (31) और एक कैमरामैन (31) की मौके पर ही मौत हो गई। पुलिस अधिकारी ने बताया कि दोनों आंध्र प्रदेश के नेल्लोर जिले से हैदराबाद लौट रहे थे। भरत कांत ने 'ग्रामम' और 'टेनेंट' सहित कई फिल्मों में अभिनय किया था।

## निर्वाचन आयोग आगामी दिनों में शुरू करेगा एसआईआर का तीसरा चरण

**नयी दिल्ली:** निर्वाचन आयोग आगामी दिनों में मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) के तीसरे चरण को शुरू करने जा रहा है। इसके तहत शेष 22 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों को शामिल किया जा सकता है, जिनमें लगभग 40 करोड़ मतदाता शामिल हैं। अधिकारियों ने सोमवार को यह जानकारी दी। पिछले महीने केरल, असम, पुडुचेरी, तमिलनाडु और पश्चिम बंगाल में हुए विधानसभा चुनावों के कारण आयोग ने इसे लागू करने में देरी की। अधिकारियों ने कहा कि चुनाव प्रक्रिया पूरी होने के बाद 'आगामी दिनों'' में एसआईआर को लागू किया जा सकता है। अब तक 10 राज्यों और तीन केंद्र शासित प्रदेशों में एसआईआर प्रक्रिया हो चुकी है।

## चंबा में कार गहरी खाई में गिरी, गुजरात के पांच पर्यटकों समेत छह लोगों की मौत, चार घायल

**शिमला:** हिमाचल प्रदेश में चंबा जिले के ककीरा में सोमवार तड़के एक कार के गहरी खाई में गिर जाने से गुजरात के पांच पर्यटकों सहित छह लोगों की मौत हो गई, जबकि चार अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए। पुलिस ने यह जानकारी दी। यहां जारी एक बयान के अनुसार, मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने घटना पर दुख व्यक्त किया है। उन्होंने जिला प्रशासन को प्रभावित परिवारों को हरसंभव सहायता प्रदान करने और घायलों का बेहतर उपचार सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं। पुलिस ने बताया कि 10 लोगों को लेकर जा रही एक 'टोयोटा इनोवा' कार मनाली से डलहौजी की ओर जा रही थी, तभी लाहड़ू-तुन्नुहट्टी मार्ग पर यह हादसा हुआ। वाहन में क्षमता से अधिक लोग सवार थे। पुलिस के अनुसार, कार के खाई में गिरने के बाद उसके परखच्चे उड़ गए और मलबा चारों ओर बिखर गया। बचाव दल को घायलों को बाहर निकालने में काफी मशक्कत करनी पड़ी, जिसके बाद उन्हें क्षेत्रीय अस्पताल स्थानांतरित किया गया।

# देश के आत्मसम्मान के बजाय तुष्टीकरण की राजनीति को बढ़ावा दे रहीं शक्तियां अब भी सक्रिय: मोदी

### सोमनाथ में किया रोड शो



प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सोमनाथ अमृत महोत्सव में भाग लेने से पहले सोमवार को गुजरात के गिर सोमनाथ जिले में रोड शो किया। सोमनाथ अमृत महोत्सव, भगवान शिव के प्रसिद्ध मंदिर के जीर्णोद्धार किए जाने के बाद इसे श्रद्धालुओं के लिए फिर से खोले जाने के 75 वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में आयोजित किया जा रहा है। हैलीपैड से प्रसिद्ध सोमनाथ मंदिर के पास वीर हमीरजी सर्किल तक लगभग डेढ़ किलोमीटर लंबे मार्ग पर प्रधानमंत्री मोदी का स्वागत करने के लिए लोग कतार में खड़े थे। क्षेत्र से मोदी का काफिला गुजरते समय लोगों ने झंडे लहराए और नारे लगाए। पश्चिम बंगाल समेत देश के विभिन्न हिस्सों से आए कलाकारों ने मार्ग में निर्धारित स्थानों पर पारंपरिक नृत्य प्रस्तुत किए। प्रधानमंत्री अपने दो दिवसीय गुजरात दौरे के तहत रविवार रात जामनगर पहुंचे और रात्रि विश्राम के बाद सोमवार सुबह सोमनाथ पहुंचे। सोमनाथ मंदिर 12 ज्योतिर्लिंगों में से एक है और भारत की अटूट आस्था तथा सभ्यतागत विरासत का प्रतीक है।

### सोमनाथ मंदिर में की 'महा पूजा', एयरशो देखा



प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सोमवार को सोमनाथ मंदिर में 'महा पूजा' और अन्य अनुष्ठान किए। यह अनुष्ठान इस पुनर्निर्मित मंदिर के लोकार्पण की 75वीं वर्षगांठ के उपलक्ष्य में आयोजित सोमनाथ अमृत महोत्सव के अंतर्गत किया गया। प्रधानमंत्री ने यहां रोड शो करने के बाद भगवान शिव को समर्पित इस मंदिर में प्रवेश किया और वैदिक मंत्रोच्चार के बीच 'महा पूजा' करने के साथ ही शिवलिंग पर जलाभिषेक किया। मोदी ने कुंभाभिषेक भी देखा, जिसमें देश भर के प्रमुख तीर्थ स्थलों से एकत्रित पवित्र जल को क्रेन की सहायता से मंदिर के शिखर पर छिड़का गया। सोमनाथ अमृत महोत्सव का आयोजन 1951 में पुनर्निर्मित इस मंदिर का भारत के पहले राष्ट्रपति डॉ. राजेंद्र प्रसाद द्वारा लोकार्पण किए जाने की 75वीं वर्षगांठ के उपलक्ष्य में किया जा रहा है। प्रधानमंत्री, गुजरात के मुख्यमंत्री भूपेंद्र पटेल और उप मुख्यमंत्री हर्ष संघवी के साथ, भारतीय वायुसेना की सूर्यकिरण एरोबेटिक टीम (एसकेएटी) द्वारा मंदिर के ऊपर किए गए हवाई करतबों का अवलोकन किया।

**सोमनाथ:** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सोमवार को कहा कि देश में कुछ ताकतें अब भी राष्ट्रीय आत्मसम्मान के बजाय तुष्टीकरण की राजनीति को प्राथमिकता दे रही हैं और अयोध्या में राम मंदिर के निर्माण के विरोध के दौरान भी इसी तरह की सोच दिखाई दी थी। गुजरात के सोमनाथ में एक सभा को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि सरदार वल्लभभाई पटेल और भारत के प्रथम राष्ट्रपति डॉ राजेंद्र प्रसाद ने सोमनाथ मंदिर के पुनर्निर्माण के अनेक प्रयास किए थे, लेकिन उन्हें तत्कालीन प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू से विरोध का सामना करना पड़ा। भगवान शिव के प्रसिद्ध सोमनाथ मंदिर के पुनर्निर्माण के 75 वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में आयोजित सोमनाथ अमृत महोत्सव में शामिल होने आए प्रधानमंत्री ने कहा कि दुनिया की कोई भी ताकत भारत को झुका नहीं सकती या दबाव के आगे झुकने को मजबूर नहीं कर सकती। उन्होंने कहा कि 11 मई इसलिए भी महत्वपूर्ण है क्योंकि इसी दिन (1998 में) भारत ने परमाणु परीक्षण किए थे। प्रधानमंत्री ने अपने भाषण में कहा, 'दुनियाभर में ऐसे अनगिनत उदाहरण हैं जहां विदेशी आक्रांताओं ने राष्ट्रीय पहचान से जुड़े स्थानों को तबाह कर दिया। जब भी लोगों को मौका मिला, उन्होंने अपनी विरासत को बहाल किया और उसकी गरिमा को कायम रखा।' उन्होंने कहा, ''हमारे देश में राष्ट्रीय आत्मसम्मान से जुड़े मुद्दों पर राजनीति होती रही और सोमनाथ मंदिर इसका प्रमुख उदाहरण है।' प्रधानमंत्री ने कहा कि तुष्टीकरण की राजनीति को बढ़ावा दे रहीं ताकतें आज भी देश में सक्रिय हैं। उन्होंने कहा, 'हमने राम मंदिर के निर्माण के दौरान भी यही चीज देखी थी कि किस तरह इसका विरोध किया गया। हमें ऐसी मानसिकता के खिलाफ सतर्क रहना चाहिए और इस तरह की संकीर्ण राजनीति को पीछे छोड़ देना चाहिए।' प्रधानमंत्री ने कहा, 'हमें विरासत और धरोहर दोनों को साथ लेकर आगे बढ़ना होगा। हमारे सांस्कृतिक केंद्रों की अनदेखी ने दरअसल हमारी प्रगति को बाधित ही किया है।'

## वीबी जी राम जी अधिनियम एक जुलाई से होगा लागू, मनरेगा निरस्त होगा: सरकार

**नयी दिल्ली:** केंद्र सरकार ने सोमवार को घोषणा की कि 'महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी अधिनियम' (मनरेगा) के स्थान पर नया 'विकसित भारत- रोजगार और आजीविका के लिए गारंटी मिशन (ग्रामीण) (वीबी-जी राम जी) अधिनियम एक जुलाई से पूरे देश में लागू हो जाएगा। इसमें कहा गया है कि नए अधिनियम में एक नया ढांचा होगा जो ग्रामीण परिवारों को 125 दिनों का वैधानिक वैतनिक रोजगार देने का वादा करता है। ग्रामीण विकास मंत्रालय ने एक बयान में इसे भारत की ग्रामीण विकास संरचना में एक ऐतिहासिक परिवर्तन बताया है, जो विकसित भारत 2047 की परिकल्पना के अनुरूप है। मंत्रालय द्वारा जारी अधिसूचना के अनुसार, यह अधिनियम एक जुलाई से सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों में लागू हो जाएगा और महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी अधिनियम उसी दिन से समाप्त हो जाएगा। अधिसूचना में आश्वासन दिया गया है कि मनरेगा से नए ढांचे की ओर परिवर्तन से श्रमिकों के लिए कोई व्यवधान नहीं होगा। अधिसूचना में कहा गया है, '30 जून तक मनरेगा के तहत जारी कार्यों को सुरक्षित रखा जाएगा और उन्हें बिना किसी रुकावट के नए ढांचे में स्थानांतरित कर दिया जाएगा।' इसमें कहा गया है कि मौजूदा ई-केवाईसी सत्यापित मनरेगा जॉब कार्ड नए ग्रामीण रोजगार गारंटी कार्ड जारी होने तक वैध रहेंगे, और यह भी कहा गया है कि जॉब कार्ड के बिना श्रमिक ग्राम पंचायत स्तर पर पंजीकरण कराना जारी रख सकते हैं।

## नीट अब परीक्षा नहीं, नीलामी बन चुकी है : राहुल



**नयी दिल्ली:** कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने मेडिकल प्रवेश परीक्षा 'नीट-यूजी' में कथित अनियमितता को लेकर सोमवार को दावा किया कि नीट अब परीक्षा नहीं, बल्कि नीलामी बन चुकी है। उन्होंने यह भी कहा कि मोदी सरकार युवाओं के सपनों के लिए सबसे बड़ा खतरा है। राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी (एनटीए) ने कहा है कि नीट (स्नातक) 2026 का आयोजन पूर्ण सुरक्षा प्रोटोकॉल के तहत किया गया तथा कथित अनियमितताओं की राजस्थान एसओजी (विशेष अभियान समूह) द्वारा की जा रही पड़ताल की खबरों के बीच वह जांच एजेंसियों के साथ मिलकर काम कर रही है। स्नातक स्तर पर चिकित्सा शिक्षा पाठ्यक्रमों में प्रवेश लेने के इच्छुक छात्रों के लिए राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी द्वारा तीन मई को राष्ट्रीय पात्रता-सह-प्रवेश परीक्षा (नीट) आयोजित की गई थी। राहुल गांधी ने 'एक्स' पर पोस्ट किया, 'नीट 2026 के पेपर लीक की खबर सुनी। परीक्षा नहीं – नीट अब नीलामी है। कई सवाल परीक्षा से 42 घंटे पहले व्हाट्सऐप पर बिक रहे थे। 22 लाख से ज़्यादा बच्चे साल भर रात-रात भर आंखें जलाकर पढ़ते रहे और एक रात में उनका भविष्य बाज़ार में सरेआम नीलाम हो गया।' उन्होंने कहा, 'यह पहली बार नहीं है। 10 साल में 89 पेपर लीक, 48 बार दोबारा परीक्षा। हर बार वही वादे, और फिर वही ख़ामोशी।' कांग्रेस नेता ने कहा, 'मोदी जी, जब आप अपनी हर नाकामी का बिल जनता पर डालते हैं, तो ग़रीब के बच्चों का भविष्य भी उसी बिल में आता है। 22 लाख बच्चों का भरोसा टूटा है।'' उन्होंने दावा किया कि मोदी सरकार से बड़ा ख़तरा भारत के युवाओं के सपनों के लिए कोई नहीं है।

## प्रियंका चोपड़ा जोनास को 'ग्लोबल वैनगार्ड ऑनर' से सम्मानित किया गया




**नयी दिल्ली:** अभिनेत्री प्रियंका चोपड़ा जोनास ने 'गोल्ड गाला' में प्रतिष्ठित 'ग्लोबल वैनगार्ड ऑनर' से सम्मानित किए जाने पर आभार व्यक्त किया है। इस कार्यक्रम का आयोजन नौ मई को कैलिफोर्निया के डाउनटाउन लॉस एंजिलिस स्थित 'द म्यूजिक सेंटर' में किया गया था। यह सम्मान उन लोगों को दिया जाता है, जिन्होंने वैश्विक स्तर पर अमिट छाप छोड़ते हुए सांस्कृतिक बाधाओं को तोड़कर विभिन्न क्षेत्रों में विविध प्रतिनिधित्व को बढ़ावा दिया हो। प्रियंका ने रविवार को अपने सोशल मीडिया मंच इंस्टाग्राम पर कार्यक्रम से जुड़ी कई तस्वीरें और वीडियो साझा किए। इस दौरान उन्होंने अमित अग्रवाल द्वारा डिजाइन किया गया विशेष सफेद गाउन पहना था, जिसमें चिकनकारी डिजाइन शामिल था। 'गोल्ड गाला' एक वार्षिक कार्यक्रम है। इसके नवीनतम संस्करण की थीम 'ए न्यू गोल्ड वर्ल्ड' थी, जो सांस्कृतिक नेतृत्व और साझा प्रगति पर केंद्रित थी। इस कार्यक्रम में जेट ली, सिमू लियू, चार्ल्स मेल्टन और एलीन सहित कई अन्य हस्तियों को भी सम्मानित किया गया।

## हिमंत असम के मुख्यमंत्री के रूप में लेंगे शपथ; प्रधानमंत्री, राजग के शीर्ष नेता रहेंगे मौजूद



**गुवाहाटी:** असम में मंगलवार को हिमंत विश्व शर्मा के लगातार दूसरी बार मुख्यमंत्री पद की शपथ लेने की तैयारी पूरी हो चुकी है। इसके साथ ही राज्य में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) नीत राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) सरकार का लगातार तीसरा कार्यकाल शुरू होगा। खानापारा के पशु चिकित्सा महाविद्यालय मैदान में होने वाले शपथ ग्रहण समारोह में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण, केंद्रीय मंत्री सर्वानंद सोनोवाल और भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन के साथ-साथ राजग शासित राज्यों के 40 से अधिक मुख्यमंत्रियों और उपमुख्यमंत्रियों के उपस्थित रहने की संभावना है। राज्यपाल लक्ष्मण प्रसाद आचार्य पूर्वाह्न 11 बजकर 40 मिनट पर शर्मा और नयी मंत्रिपरिषद के सदस्यों को पद और गोपनीयता की शपथ दिलाएंगे। भाजपा नीत गठबंधन के 2016 में तत्कालीन मुख्यमंत्री सर्वानंद सोनोवाल के नेतृत्व में पहली बार सत्ता में आने के बाद से यह राज्य में राजग का लगातार तीसरा कार्यकाल होगा। राजग में भाजपा, असम गण परिषद (अगप) और बोडोलैंड पीपुल्स फ्रंट (बीपीएफ) शामिल हैं। गठबंधन ने 126 सदस्यीय विधानसभा में रिकॉर्ड 102 सीट पर जीत दर्ज की। भाजपा ने अकेले 82 सीट जीतकर राज्य में पहली बार अपने दम पर बहुमत हासिल किया, जबकि अगप और बीपीएफ को 10-10 सीट मिलीं। शर्मा के साथ ही मंत्रिपरिषद के नए सदस्यों के शपथ ग्रहण करने की भी संभावना है, जिसमें सभी गठबंधन सहयोगियों के प्रतिनिधि शामिल होंगे।

## तमिलनाडु के मुख्यमंत्री जोसेफ विजय, नवनिर्वाचित विधायकों ने विधानसभा में शपथ ली



**चेन्नई:** तमिलनाडु विधानसभा में मुख्यमंत्री सी जोसेफ विजय, नौ अन्य मंत्रियों, के. पलानीस्वामी सहित पूर्व मुख्यमंत्रियों, पूर्व उपमुख्यमंत्री उदयनिधि स्टालिन और नवनिर्वाचित विधायकों ने सोमवार को पद की शपथ ली। अस्थायी (प्रो-टेम) अध्यक्ष एम.वी. करुपैया ने विजय के नेतृत्व और जीत की प्रशंसा करते हुए 17वीं विधानसभा के पहले सत्र में विधायकों को पद की शपथ दिलाने की कार्यवाही शुरू की। सबसे पहले मुख्यमंत्री विजय ने विधायक के रूप में शपथ ली और मंत्रियों में एन आनंद, आधव अर्जुन, केजी अरुणराज, केए सेनगोट्टैयन, पी वेंकटरमणन, आर निर्मलकुमार, राजमोहन और टीके प्रभु ने भी शपथ ली। तत्पश्चात द्रविड़ मुनेत्र कषगम (द्रमुक) विधायक दल के नेता और पूर्व उपमुख्यमंत्री उदयनिधि स्टालिन, पूर्व मुख्यमंत्री पलानीस्वामी और ओ. पनीरसेल्वम तथा अन्य विधायकों ने पद की शपथ ली। विजय, उदयनिधि और पनीरसेल्वम उन विधायकों में शामिल थे जिन्होंने पूर्ण निष्ठा के नाम पर शपथ ली। पलानीस्वामी और पीएमके की सौम्या अंबुमणि उन विधायकों में शामिल थीं, जिन्होंने ईश्वर के नाम पर शपथ ली। महिला मंत्री कीर्तना शुरुआत में अपना निर्वाचन प्रमाण-पत्र पेश नहीं कर सकीं और उन्हें इसे लाने के लिए वापस जाना पड़ा।

## दक्षिणपश्चिम बंगाल की खाड़ी में निम्न दाब क्षेत्र बनने से ओडिशा में अगले छह दिनों तक बारिश:



**भुवनेश्वर:** श्रीलंका के उत्तरी तट के पास दक्षिण-पश्चिम बंगाल की खाड़ी के ऊपर सोमवार को बना निम्न दाब क्षेत्र अगले 48 घंटे में और तीव्र हो सकता है, जिसके चलते अगले छह दिनों तक ओडिशा के कई हिस्सों में हल्की से मध्यम बारिश होने की संभावना है। भारतीय मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) ने यह जानकारी दी। आईएमडी ने अपने सुबह की बुलेटिन में बताया कि यह प्रणाली मन्नार की खाड़ी और उससे सटे श्रीलंका के ऊपरी हवा के चक्रवाती परिसंचरण के प्रभाव से बनी है। उसने कहा, आज सुबह 5:30 बजे, उत्तरी श्रीलंका के तट से थोड़ी दूर, दक्षिण-पश्चिमी बंगाल की खाड़ी के ऊपर एक निम्न दाब क्षेत्र बन गया, जिससे जुड़ा चक्रवाती परिसंचरण समुद्र तल से 5.8 किलोमीटर की ऊंचाई तक फैल गया है। मौसम विभाग के अनुसार, अगले 48 घंटों में इस प्रणाली के और अधिक तीव्र होने की उम्मीद है। आईएमडी के भुवनेश्वर केंद्र के अनुसार, 21 जिलों में गरज चमक के साथ हल्की से मध्यम बारिश होने की संभावना है। मयूरभंज जिले के लिए 'ऑरेंज अलर्ट' सहित 20 अन्य जिलों के लिए 'येलो अलर्ट' जारी किया गया है।

## धनशोधन मामले में सरकारी गवाह बनने की जैकलीन की याचिका का ईडी ने विरोध किया



**नयी दिल्ली:** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने कथित ठग सुकेश चंद्रशेखर से जुड़े 200 करोड़ रुपये के धनशोधन मामले में सरकारी गवाह (अप्रूवर) बनने की अनुमति मांगने वाली अभिनेत्री जैकलीन फर्नांडीज की एक याचिका का विरोध किया है। अपने जवाब में एजेंसी ने कहा कि जैकलीन फर्नांडीज आरोपी सुकेश चंद्रशेखर के आपराधिक इतिहास की जानकारी होने के बावजूद उसके संपर्क में बनी रहीं। इससे पहले, विशेष न्यायाधीश प्रशांत शर्मा ने ईडी से इस याचिका पर जवाब मांगा था। ईडी ने सोमवार को अदालत से कहा, ''आ-वेदक (जैकलीन) आरोपी नंबर एक सुकेश चंद्रशेखर के आपराधिक पृष्ठभूमि की जानकारी होने के बावजूद उससे नियमित संपर्क में रहीं। सुकेश ने धन शोधन से जुड़े अपराध से अर्जित आय से लाभ, उपहार और अन्य वस्तुएं आ-वेदक को दीं।'' एजेंसी ने कहा कि लगातार संपर्क में रहना और लाभ प्राप्त करना अभिनेत्री के इस दावे को खारिज करता है कि वह 'अनजाने में शिकार' हुई थीं, बल्कि यह उनकी सक्रिय भागीदारी को दर्शाता है। ईडी के अनुसार, अभिनेत्री ने अपराध की आय का इस्तेमाल स्वयं और अपने परिवार के लिए किया और धन के स्रोत की अनदेखी की। एजेंसी ने कहा कि उनका दावा कि वह पीड़िता हैं, रिकॉर्ड के साक्ष्यों के विपरीत और स्वार्थपूर्ण है। ईडी ने यह भी कहा कि जांच के दौरान अभिनेत्री का व्यवहार सहयोगात्मक नहीं रहा और उन्होंने धन शोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए) की धारा 50 के तहत दर्ज बयानों में पूरी और सही जानकारी नहीं दी।

## केरल के अगले मुख्यमंत्री के चयन को लेकर कांग्रेस में मंत्रणा का दौर जारी

**नयी दिल्ली/तिरुवनंतपुरम:** केरल विधानसभा चुनाव के नतीजे आने के एक सप्ताह बाद भी इस बात को लेकर असमंजस की स्थिति बनी हुई है कि राज्य का अगला मुख्यमंत्री कौन होगा। हालांकि, इस बारे में निर्णय लेने के लिए कांग्रेस में मंत्रणा का दौर जारी है। विधायक दल की बैठक में पार्टी आलाकमान को नेता चुनने के लिए अधिकृत किए जाने और राज्य इकाई के प्रमुख नेताओं की पार्टी अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे एवं पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी के साथ बैठक के बाद अब तक इसकी प्रतीक्षा की जा रही है कि नेतृत्व तीन प्रमुख दावेदारों में किसके नाम पर मुहर लगाता है या फिर कोई चौंकाने वाला नाम भी सामने आ सकता है। इस बीच, कांग्रेस शीर्ष नेतृत्व ने केरल प्रदेश कांग्रेस कमेटी (केपीसीसी) के पूर्व अध्यक्षों के साथ चर्चा करने का फैसला किया है।

## भोजशाला विवाद : मुस्लिम पक्ष ने एएसआई रिपोर्ट को 'पक्षपातपूर्ण' और 'साक्ष्यहीन' बताया

**इंदौर:** मुस्लिम पक्ष ने विवादित भोजशाला मंदिर-कमाल मौला मस्जिद परिसर में भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण (एएसआई) के सर्वेक्षण की रिपोर्ट पर सवाल उठाते हुए मध्यप्रदेश उच्च न्यायालय में सोमवार को दावा किया कि यह दस्तावेज पक्षपातपूर्ण है और इसे हिंदू पक्ष के याचिकाकर्ताओं के दावों का समर्थन करने के उद्देश्य से तैयार किया गया है। धार की भोजशाला को हिंदू समुदाय वाग्देवी (देवी सरस्वती) का मंदिर मानता है, जबकि मुस्लिम पक्ष इस स्मारक को कमाल मौला मस्जिद बताता है। यह विवादित परिसर एएसआई द्वारा संरक्षित है। धार की मौलाना कमाल-द्दीन वेलफेयर सोसाइटी की आपत्तियों में कहा गया है कि एएसआई ने अपनी पूरी सर्वेक्षण रिपोर्ट में ''भोजशाला मंदिर'' शब्द का इस्तेमाल किया, जबकि ऐसा कोई ऐतिहासिक साक्ष्य उपलब्ध नहीं है, जिससे साबित हो सके कि विवादित परिसर किसी भी समय 'भोजशाला मंदिर' था। आपत्तियों में कहा गया है कि इस तरह की शब्दावली एएसआई के ''पूर्वाग्रह और पक्षपात'' को दर्शाती है। मुस्लिम पक्ष ने दावा किया कि एएसआई ने ऐतिहासिक ग्रंथों और अपने पुराने अभिलेखों की अनदेखी की और उसकी सर्वेक्षण रिपोर्ट के निष्कर्षों का कोई कानूनी आधार नहीं है। मुस्लिम पक्ष ने कहा कि एएसआई ने उसे सर्वेक्षण की पूरी वीडियोग्राफी और रंगीन तस्वीरें उपलब्ध नहीं कराईं। आपत्तियों में दावा किया गया कि उपलब्ध कराए गए कई वीडियो क्लिप 45 सेकंड से अधिक लंबे नहीं हैं। मौलाना कमालुद्दीन वेलफेयर सोसाइटी की ओर से वरिष्ठ अधिवक्ता सलमान खुर्शीद और अधिवक्ता तौसीफ वारसी ने न्यायमूर्ति विजय कुमार शुक्ला और न्यायमूर्ति आलोक अवस्थी के सामने आपत्तियां पेश कीं। मुस्लिम पक्ष के वकीलों ने कहा कि एएसआई की सर्वेक्षण रिपोर्ट यह साबित करने में विफल रही कि कमाल मौला मस्जिद किसी अन्य धार्मिक संरचना को ध्वस्त करके बनाई गई थी। याचिकाकर्ताओं में शामिल संगठन 'हिंदू फ्रंट फॉर जस्टिस' ने दावा किया है कि भोजशाला मूलत: परमार राजवंश के राजा भोज द्वारा वर्ष 1034 में स्थापित सरस्वती मंदिर है, जिसे मालवा क्षेत्र पर अलाउद्दीन खिलजी की फौज के आक्रमण के दौरान 1305 में ढहाया गया था।

# टीसीएस यौन उत्पीड़न-जबरन धर्मांतरण मामले में आरोपी निदा खान को न्यायिक हिरासत में भेजा गया



**संभाजीनगर :** नासिक की एक अदालत ने टीसीएस यौन उत्पीड़न-जबरन धर्मांतरण मामले में आरोपी निदा खान को सोमवार को 24 मई तक के लिए न्यायिक हिरासत में भेज दिया। खान को पुलिस हिरासत समाप्त होने के बाद दिन में अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश के. जी. जोशी की अदालत में पेश किया गया। सात मई को छत्रपति संभाजीनगर से खान को गिरफ्तार किया गया था। वह सूचना प्रौद्योगिकी (आईटी) कंपनी टाटा कंसलटेंसी सर्विसेज (टीसीएस) के नासिक कार्यालय के कर्मचारियों द्वारा शिकायतें दर्ज कराए जाने के बाद फरार हो गई थी। सुनवाई के दौरान पुलिस ने हिरासत नहीं मांगी, जिसके बाद खान को न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया। खान गर्भवती है और उसे नासिक रोड केंद्रीय कारागार में रखा गया है। खान के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) के तहत यौन उत्पीड़न और मानहानि की धाराओं के अलावा, अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति अधिनियम के तहत भी मामला दर्ज किया गया है। शिकायतकर्ता अनुसूचित जाति से संबंध रखती है और आरोप है कि खान ने यह बात जानते हुए भी उसका जबरन धर्म परिवर्तन कराने की कोशिश की। नासिक पुलिस का विशेष जांच दल (एसआईटी) इस संबंध में दर्ज नौ मामलों की जांच कर रहा है। इनमें से एक मामला देवलाली कैंप थाने में और आठ मामले मुंबई नाका थाने में दर्ज हैं। पुलिस के अनुसार, शिकायतकर्ताओं ने शोषण, जबरन इस्लाम धर्म स्वीकार कराने के प्रयास, धार्मिक भावनाएं आहत करने, छेड़छाड़ और मानसिक उत्पीड़न के आरोप लगाए हैं।

### कार्यालय में यौन उत्पीड़न और 'पॉश' अधिनियम के उल्लंघन के गंभीर आरोप : एनसीडब्ल्यू

**नयी दिल्ली:** राष्ट्रीय महिला आयोग (एनसीडब्ल्यू) ने टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज (टीसीएस) की नासिक इकाई में 'व्यापक यौन उत्पीड़न', 'प्रणालीगत डराना-धमकाना' और 'पॉश' अधिनियम का 'शून्य अनुपालन' पाया है। आयोग ने महाराष्ट्र सरकार को सौंपी गई एक तथ्यान्वेषी रिपोर्ट में यह जानकारी दी है। आयोग ने सोमवार को कहा कि उसने कई महिला कर्मचारियों द्वारा लगाए गए गंभीर आरोपों के बाद इस मामले में स्वतः संज्ञान लिया था। एनसीडब्ल्यू की अध्यक्ष विजया रहाटकर के निर्देश पर गठित तथ्यान्वेषी समिति ने 18 और 19 अप्रैल को नासिक का दौरा किया।

### प्रधानमंत्री आवास के पास की झुग्गी-झोपड़ियों के निवासियों को हटाने पर रोक नहीं : अदालत

**नयी दिल्ली:** दिल्ली उच्च न्यायालय ने सोमवार को लोक कल्याण मार्ग के पास स्थित तीन झुग्गी बस्तियों – भाई राम कैंप, डीआईडी कैंप और मस्जिद कैंप – के निवासियों को बेदखल करने के मामले में हस्तक्षेप करने से इनकार कर दिया। लोक कल्याण मार्ग पर ही प्रधानमंत्री का आधिकारिक आवास स्थित है। न्यायमूर्ति पुरुषेन्द्र कुमार कौरव ने याचिकाकर्ता निवासियों को 15 दिनों के भीतर झुग्गी बस्तियों को खाली करने का आदेश दिया। अदालत ने कहा कि उन्हें पहली बार अक्टूबर 2025 में भूमि और विकास कार्यालय (एल एंड डीओ) द्वारा बेदखली नोटिस जारी किए गए थे, और तब से पर्याप्त समय बीत चुका है। केंद्र सरकार ने दावा किया कि झुग्गी-झोपड़ी के समूह एक संरक्षित क्षेत्र में थे, जो एक कार्यरत वायुसेना स्टेशन के ठीक बगल में स्थित थे और क्षेत्र में अनधिकृत निर्माण को हटाने का निर्णय रक्षा अवसंरचना को मजबूत और सुरक्षित करने तथा अन्य महत्व-पूर्ण सार्वजनिक और सुरक्षा उद्देश्यों के लिए लिया गया था।

## रेलवे ने फरवरी अंत तक अपने बजट का 98 प्रतिशत खर्च किया

# कई मार्गों पर उड़ानों से आगे निकल जाएंगी ट्रेन सेवाएं : वैष्णव

**नयी दिल्ली :** केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव ने सोमवार को कहा कि भारतीय रेल ने वित्त वर्ष 2025-26 के लिए निर्धारित अपने बजट का 98 प्रतिशत फरवरी के अंत तक खर्च कर दिया था। यह परियोजनाओं के तेज क्रियान्वयन को दर्शाता है। मंत्री ने साथ ही कहा कि ट्रेन सेवाएं आने वाले समय में देश के कई मार्गों पर उड़ानों से आगे निकल जाएंगी। वैष्णव ने कहा, ''पिछले वित्त वर्ष में लगभग पूरा पूंजीगत व्यय मार्च के पहले सप्ताह तक खर्च हो गया था। फरवरी के अंतिम सप्ताह तक करीब 98 प्रतिशत से अधिक खर्च कर लिया गया था। इसके बाद हमें व्यय की गति को कुछ हद तक रोकना पड़ा ताकि वित्त वर्ष का अंत संतुलित रूप से किया जा सके।'' उन्होंने बताया कि देश में अब तक



49,000 किलोमीटर रेलवे ट्रैक का विद्युतीकरण किया जा चुका है जो जर्मनी के पूरे रेल नेटवर्क से भी अधिक है। वहीं, 36,000 किलोमीटर नई पटरियां जोड़ी गई हैं जो स्विट्जरलैंड के रेल नेटवर्क से लगभग छह गुना हैं। मंत्री ने कहा कि इन नए मार्गों पर यात्रा समय में काफी कमी आएगी जिससे लोग हवाई यात्रा के बजाय ट्रेन को प्राथमिकता देंगे। उन्होंने बताया कि सरकार मुंबई से पुणे के बीच नया गलियारा विकसित कर रही है जहां यात्रा समय घटकर केवल 28 मिनट रह जाएगा। पुणे से हैदराबाद का समय एक घंटा 55 मिनट और हैदराबाद से बेंगलुरु का समय लगभग दो घंटे होगा। वैष्णव ने कहा, ''ऐसे मार्गों पर कोई भी उड़ान सेवा का तवज्जो नहीं देगा। ये क्षेत्र विमानन कंपनियों के लिए लगभग समाप्त हो जाएंगे। जो लोग विमानन कंपनियों में निवेश करना चाहते हैं, उन्हें अभी से यह समझ लेना चाहिए कि इन मार्गों पर 99 प्रतिशत यातायात रेलवे से होगा।'' उन्होंने कहा कि बेंगलुरु और चेन्नई के बीच यात्रा समय घटकर 78 मिनट हो जाएगा जिससे ये दोनों शहर लगभग एक संयुक्त महानगर की तरह हो जाएंगे। इसके अलावा, दिल्ली से वाराणसी की यात्रा तीन घंटे 50 मिनट में पूरी होगी जबकि दिल्ली से लखनऊ की यात्रा करीब दो घंटे में संभव हो जाएगी।

### एआई से जुड़ी नौकरियों में लगभग 15-20 प्रतिशत की वृद्धि

केंद्रीय इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री अश्विनी वैष्णव ने सोमवार को कहा कि आईटी उद्योग के कई क्षेत्रों में बदलाव की आवश्यकता है। उन्होंने यह भी कहा कि देश में कृत्रिम मेधा (एआई) से संबंधित नौकरियों की मांग 15 से 20 प्रतिशत की दर से बढ़ रही है। उद्योग मंडल सीआईआई के वार्षिक व्यापार शिखर सम्मेलन में मंत्री ने उद्योग जगत के प्रतिनिधियों से अपील की कि वे आईटी उद्योग निकाय नैसकॉम के साथ साझेदारी करें ताकि देश के प्रतिभाशाली लोगों को प्रौद्योगिकी का लाभ उठाने के लिए तैयार किया जा सके। वैष्णव ने कहा, ''मैं अपने आईटी उद्योग के साथ लगातार संपर्क में हूं। उनका मानना है कि एआई से संबंधित नौकरियों में लगभग 15-20 प्रतिशत की वृद्धि हो रही है। हां, आईटी उद्योग के कई क्षेत्रों में अभी बदलाव की आवश्यकता होगी, लेकिन एआई से संबंधित नौकरियों में वृद्धि हो रही है।''

## सेंसेक्स 1,313 अंक टूटा, प्रधानमंत्री की मितव्ययिता की अपील से निवेशक चिंतित

**मुंबई :** स्थानीय शेयर बाजारों में सोमवार को लगातार तीसरे कारोबारी सत्र में गिरावट जारी रही और बीएसई सेंसक्स 1,313 अंक लुढ़क गया जबकि एनएसई निफ्टी 24,000 अंक के नीचे आ गया। अमेरिका और ईरान के शांति समझौते पर पहुंचने में नाकाम रहने के बाद कच्चे तेल के दाम में तेजी के बीच बाजार में गिरावट आई। तीस शेयरों पर आधारित बीएसई सेंसेक्स 1,312.91 अंक यानी 1.70 प्रतिशत टूटकर 76,015.28 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान यह 1,370.79 अंक तक लुढ़क गया था। पचास शेयरों पर आधारित एनएसई निफ्टी 360.30 अंक यानी 1.49 प्रतिशत की गिरावट के साथ 23,815.85 अंक पर बंद हुआ। पिछले बृहस्पतिवार से शुरू तीन कारोबारी सत्रों में सेंसेक्स लगभग 1,950 अंक यानी 2.5 प्रतिशत टूटा है जबकि निफ्टी 515 अंक यानी दो प्रतिशत से अधिक के नुकसान में रहा। विश्लेषकों के अनुसार, अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने नये शांति प्रस्ताव पर ईरान की प्रतिक्रिया को पूरी तरह से खारिज कर दिया है। इससे पश्चिम एशिया में संकट दूर करने के लिए राजनयिक सफलता की उम्मीद फिलहाल कमजोर हुई है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मितव्ययिता की अपील ने विदेशी मुद्रा भंडार, ईंधन की कीमतों और उपभोग के दृष्टिकोण को लेकर निवेशकों की चिंताओं को और बढ़ा दिया है। सेंसेक्स में शामिल कंपनियों में टाइटन के शेयर में सबसे ज्यादा सात प्रतिशत की गिरावट आई। इंटरग्लोब एविएशन, भारतीय स्टेट बैंक, भारती एयरटेल, इटर्नल और रिलायंस इंडस्ट्रीज के शेयरों में भी भारी गिरावट देखी गई। दूसरी तरफ, लाभ में रहने वाले शेयरों में सन फार्मा, हिंदुस्तान यूनिलीवर, अदाणी पोर्ट्स, कोटक महिंद्रा बैंक, एक्सिस बैंक और आईसीआईसीआई बैंक शामिल हैं। वैश्विक तेल मानक ब्रेंट क्रूड 2.23 प्रतिशत बढ़कर 103.5 डॉलर प्रति बैरल पर पहुंच गया।

## देश में ही एआई अवसंरचना का विकास एवं संचालन हो : अदाणी

**नयी दिल्ली :** उद्योगपति गौतम अदाणी ने भारत से कृत्रिम मेधा (एआई) मूल्य श्रृंखला में स्वदेशी क्षमताएं विकसित करने का आह्वान करते हुए सोमवार को कहा कि आने वाले दशकों में ऊर्जा सुरक्षा और डिजिटल अवसंरचना भू-राजनीतिक शक्ति को परिभाषित करेंगे। भारतीय उद्योग परिसंघ (सीआईआई) के वार्षिक व्यापार शिखर सम्मेलन 2026 को संबोधित करते हुए अदाणी समूह के चेयरमैन ने कहा कि बढ़ते भू-राजनीतिक विखंडन के बीच वैश्वीकरण के दशकों पुराने आधार कमजोर हो रहे हैं। उन्होंने कहा, '' उभरती दुनिया स्थिर नहीं है, बल्कि विभाजित एवं प्रतिस्पर्धी है। सेमीकंडक्टर अब शासन करने के उपकरण बन गए हैं। आंकड़ों को एक राष्ट्रीय संसाधन की तरह देखा जा रहा है। क्लाउड का हथियार की तरह इस्तेमाल हो रहा है। कृत्रिम मेधा का विकास डाटा केंद्रों की सुरक्षा दीवारों के भीतर किया जा रहा है।'' हाल के भू-राजनीतिक संघर्षों और अवसंरचना पर हमलों का जिक्र करते हुए उन्होंने कहा कि '' ऊर्जा सुरक्षा और डिजिटल सुरक्षा अब राष्ट्रीय शक्ति के दो प्रमुख स्तंभ हैं।'' अदाणी ने कहा कि भारत को एआई को केवल सॉफ्टवेयर नहीं बल्कि



ऊर्जा, डाटा केंद्र, चिप, नेटवर्क, कंप्यूट क्षमता और प्रतिभा तक फैली रणनीतिक अवसंरचना के रूप में देखना चाहिए। उन्होंने कहा, '' भारत को अपने बौद्धिक भविष्य की अवसंरचना किराए पर नहीं लेनी चाहिए। भारत को इसे अपने देश में ही बनाना, संचालित करना चाहिए और उसका स्वामित्व रखना चाहिए।'' अदाणी ने कहा कि विनिर्माण, परिवहन, लॉजिस्टिक और डिजिटल सेवाओं में घरेलू मांग में व्यापकता के कारण भारत के पास ऊर्जा और एआई अवसंरचना के बड़े निर्माण का अनूठा अवसर है। उन्होंने कहा कि भारत 500 गीगावाट स्थापित विद्युत क्षमता का आंकड़ा पार कर चुका है और भविष्य की एआई अर्थव्यवस्था के लिए ऊर्जा एवं कंप्यूट अवसंरचना में भारी निवेश की आवश्यकता होगी।

## देश की आर्थिक वृद्धि दर वित्त वर्ष 2026-27 में 6.6 प्रतिशत रहने का अनुमान : एसबीआई रिसर्च

**नयी दिल्ली :** देश की आर्थिक वृद्धि दर चालू वित्त वर्ष 2026-27 में 6.6 प्रतिशत रहने का अनुमान है। वहीं रुपये की विनिमय दर में गिरावट और कच्चे तेल की ऊंची कीमतों को देखते हुए भुगतान संतुलन के मोर्चे पर व्यापक कदम उठाने की आवश्यकता है। एसबीआई रिसर्च की सोमवार को जारी एक रिपोर्ट में यह कहा गया है। रिपोर्ट के अनुसार, हाल के समय में बाह्य तत्वों और अनियंत्रित सट्टेबाजी के कारण रुपये के मूल्य में काफी गिरावट आई है। इसके लिए भुगतान संतुलन के मोर्चे पर संरचनात्मक बदलावों की आवश्यकता है। इसमें आयात प्रतिस्थापन, निर्यात प्रतिस्पर्धी क्षमता और वैश्विक मूल्य श्रृंखला में एकीकरण के सुरक्षा उपायों को व्यवस्थित करना शामिल है। पश्चिम एशिया संकट से उत्पन्न वैश्विक अनिश्चितताओं के कारण रुपया अमेरिकी मुद्रा के मुकाबले 95 प्रति डॉलर का आंकड़ा पार कर गया है। एसबीआई रिसर्च ने कहा, ''भुगतान संतुलन (बीओपी) की समस्या से निपटने के लिए नीतियों के स्तर पर एक व्यापक पैकेज लागू करने की अब जरूरत है।'' इस मामले में प्रवासी बॉन्ड यानी विदेशों में रह रहे भारतीयों के लिए बॉन्ड जारी करना एक बेहतर विकल्प हो सकता है। ब्रेंट क्रूड की कीमत 100 डॉलर से ऊपर रहने और परिवहन एवं बीमा लागत में भारी वृद्धि के कारण देश की वृहद आर्थिक बुनियाद पर असर पड़ रहा है। ऐसे में भुगतान संतुलन की स्थिति को सुधारने के लिए उपाय करना आवश्यक है।

## वृद्धि बनी रही, तो उच्च स्तर पर पहुंच सकती है राज्यों की औसत प्रति व्यक्ति आय : आरबीआई डीजी

**मुंबई :** भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) की डिप्टी गवर्नर पूनम गुप्ता ने कहा है कि यदि पिछले दो दशक की वृद्धि की गति बनी रही तो 2046-47 तक राज्यों की औसत प्रति व्यक्ति आय उच्च आय वाले स्तर तक पहुंच सकती है। पिछले महीने कोलंबिया विश्वविद्यालय में 'कोलंबिया इंडियन इकॉनमी समिट 2026' के दौरान दिए गए एक भाषण में गुप्ता ने कहा कि इस विस्तार में औसत से नीचे रहने वाले राज्यों का भी बड़ा योगदान रहने का अनुमान है। इस भाषण को आरबीआई ने सोमवार को अपनी वेबसाइट पर साझा किया। उन्होंने कहा, ''इस क्षमता को साकार करने और इसकी गति को तेज करने के लिए ऐसी राज्य-विशिष्ट वृद्धि रणनीतियों की आवश्यकता होगी, जो स्थानीय शक्तियों, ढांचागत वास्तविकताओं और उनके विकास के संबंधित चरणों पर आधारित हों।'' भारत की आर्थिक वृद्धि 1980 के दशक की शुरुआत से लगातार बढ़ी है। औसत वास्तविक सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) की वृद्धि दर 1980 के दशक के 5.7 प्रतिशत से बढ़कर हाल के चार वर्षों में 7.7 प्रतिशत तक पहुंच गई है। डिप्टी गवर्नर ने कहा, ''प्रति व्यक्ति आय में यह वृद्धि और भी अधिक स्पष्ट है।'' वर्ष 1981 में लगभग 274 डॉलर और 1991 में 306 डॉलर से बढ़कर प्रति व्यक्ति आय 2024 में लगभग 2,700 डॉलर हो गई है। उन्होंने यह भी बताया कि आईएमएफ के पूर्वानुमानों के अनुसार प्रति व्यक्ति आय 2026 में 3,051 डॉलर और 2030 में 4,346 डॉलर तक बढ़ने का अनुमान है।

## भारत के पास पर्याप्त ईंधन भंडार, कोटा लागू करने की कोई योजना नहीं: अधिकारी

**नयी दिल्ली :** वैश्विक ऊर्जा बाजारों में जारी व्यवधान के बावजूद भारत की ईंधन आपूर्ति में राशनिंग करने यानी कोटा लागू करने की कोई योजना नहीं है। पेट्रोलियम मंत्रालय के एक शीर्ष अधिकारी ने सोमवार को यह जानकारी दी। उन्होंने कहा कि देश ने कच्चे तेल और एलपीजी का पर्याप्त भंडार बनाए रखा है और आपूर्ति जोखिमों के प्रबंधन के लिए आयात के स्रोतों में विविधता आई है। पेट्रोलियम सचिव नीरज मित्तल ने यहां भारतीय उद्योग परिसंघ (सीआईआई) के वार्षिक व्यापार शिखर सम्मेलन में कहा, घबराने की जरूरत नहीं है। पर्याप्त आपूर्ति है। राशनिंग जैसा कुछ नहीं हो रहा है और न ही ऐसा होगा। उन्होंने बताया कि बाजार में पिछले 67 दिन से जारी व्यवधान के दौरान भारत ने लगभग 60 दिन का ईंधन भंडार और लगभग 45 दिन का एलपीजी भंडार बनाए रखा है। ये टिप्पणी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा ईंधन संरक्षण और आयात कम करने के आह्वान के एक दिन बाद आई है। प्रधानमंत्री ने बढ़ती वैश्विक ऊर्जा कीमतों के कारण विदेशी मुद्रा भंडार पर पड़ रहे दबाव को देखते हुए नागरिकों से ईंधन के विवेकपूर्ण उपयोग और सोने की खरीद में संयम बरतने का आग्रह किया था। प्रधानमंत्री के इस बयान को कुछ लोग ईंधन की कीमतों में संभावित बढ़ोतरी की भूमिका के रूप में देख रहे थे। पश्चिम एशिया संकट शुरू होने के बाद से अंतरराष्ट्रीय कीमतों में उछाल के बावजूद भारत में पेट्रोल और डीजल दो साल पुरानी दरों पर ही बिक रहा है। लागत में 50 प्रतिशत से अधिक की वृद्धि के बावजूद कीमतों को स्थिर रखने से पेट्रोलियम कंपनियों को रोजाना 1,000 करोड़ से 1,200 करोड़ रुपये का नुकसान हो रहा है। हालांकि, सरकार के एक शीर्ष सूत्र ने कहा, सरकार का प्राथमिक लक्ष्य कीमतों और आपूर्ति को स्थिर रखना है।

## सरकार से आईटी क्षेत्र के लिए 'वर्क फ्रॉम होम' को अनिवार्य करने की मांग

**नयी दिल्ली :** सूचना प्रौद्योगिकी क्षेत्र के कर्मचारियों के संगठन एनआईटीईएस ने श्रम एवं रोजगार मंत्रालय से एक परामर्श जारी करने का आग्रह किया है, जिसमें आईटी और आईटीईएस क्षेत्रों के लिए जहां भी संभव हो, 'वर्क फ्रॉम होम' अनिवार्य करने का निर्देश देने की मांग की गई है। यह मांग प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा पश्चिम एशिया में युद्ध के प्रतिकूल प्रभावों से बचने के लिए हाल ही में कुछ विशेष उपाय करने के आह्वान के बाद की गई। मंत्रालय को सौंपे गए एक औपचारिक प्रतिवेदन में नैसेंट इंफॉर्मेशन टेक्नोलॉजी एम्प्लॉइज सीनेट (एनआईटीईएस) ने कहा कि लाखों आईटी पेशेवरों के दैनिक आवागमन को कम करने से ईंधन संरक्षण और पर्यावरण संरक्षण सहित राष्ट्रीय प्राथमिकताओं में महत्वपूर्ण योगदान मिलेगा। एनआईटीईएस के अध्यक्ष हरप्रीत सिंह सलूजा ने कहा, ''भारतीय आईटी क्षेत्र ने कोविड-19 महामारी के दौरान उत्पादकता या व्यावसायिक निरंतरता में बाधा डाले बिना बड़े पैमाने पर वर्क फ्रॉम होम को सफलतापूर्वक लागू किया था।

## रुपया 79 पैसे टूटकर 95.28 प्रति डॉलर के सर्वकालिक निचले स्तर पर

**मुंबई :** रुपया सोमवार को 79 पैसे लुढ़ककर अमेरिकी मुद्रा के मुकाबले अपने सर्वकालिक निचले स्तर 95.28 पर बंद हुआ। अमेरिका के शांति प्रस्ताव पर ईरान की प्रतिक्रिया को राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप द्वारा खारिज करने के बाद कच्चे तेल की कीमतों में तेजी से रुपये पर भारी दबाव कायम हो गया। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नागरिकों से सोना खरीदने से बचने और मितव्ययिता उपायों को अपनाने का आग्रह करने से बाजार की धारणा और कमजोर हो गई। विदेशी मुद्रा कारोबारियों ने बताया कि अमेरिकी डॉलर के मजबूत रुख और विदेशी पूंजी की भारी निकासी ने रुपये पर और दबाव डाला।

## गडकरी ने मुंडका-बक्करवाला टोल प्लाजा पर अवरोधक-रहित टोल प्रणाली का किया उद्घाटन

**नयी दिल्ली :** केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने अर्बन एक्सटेंशन रोड-द्वितीय (यूईआर-2) पर मुंडका-बक्करवाला टोल प्लाजा पर 'मल्टी-लेन फ्री फ्लो' (एमएलएफएफ) अवरोधक-रहित टोलिंग प्रणाली का सोमवार को उद्घाटन किया। देश में एमएलएफएफ अवरोधक-रहित टोलिंग प्रणाली वाला यह दूसरा टोल प्लाजा है। इससे पहले एक मई को गुजरात में चोर्यासी टोल प्लाजा पर इस तरह की प्रणाली शुरू की गई थी।



# अक्षर और मिलर के अर्धशतक, दिल्ली ने पंजाब को तीन विकेट से हराया



**धर्मशाला :** अक्षर पटेल और डेविड मिलर के शानदार अर्धशतकों की बदौलत दिल्ली कैपिटल्स ने सोमवार को आईपीएल के रोमांचक मुकाबले में पंजाब किंग्स को तीन विकेट से हराकर प्लेऑफ की उम्मीदें कायम रखीं। धर्मशाला में खेले गए इस मैच में दिल्ली ने 211 रन के कठिन लक्ष्य को 19 ओवर में सात विकेट खोकर हासिल कर लिया।दिल्ली की शुरुआत बेहद खराब रही और टीम ने 33 रन तक लोकेश राहुल, अभिषेक पोरेल और साहिल पारख के विकेट गंवा दिए। इसके बाद कप्तान अक्षर पटेल ने आक्रामक बल्लेबाजी करते हुए 30 गेंदों में 56 रन बनाए, जिसमें आठ चौके और दो छक्के शामिल रहे। ट्रिस्टन स्टब्स के आउट होने के बाद डेविड मिलर ने मोर्चा संभाला और 28 गेंदों में 51 रन की विस्फोटक पारी खेली। दोनों के बीच 64 रन की महत्वपूर्ण साझेदारी हुई।अंतिम ओवरों में आशुतोष शर्मा ने 10 गेंदों में 24 रन और माधव तिवारी ने नाबाद 18 रन बनाकर दिल्ली को जीत दिलाई। आकिब नबी ने भी दो गेंदों में 10 रन जोड़कर मैच समाप्त किया।इससे पहले पंजाब किंग्स ने कप्तान श्रेयस अय्यर के नाबाद 59 और प्रियांश के 56 रन की बदौलत पांच विकेट पर 210 रन बनाए। दोनों बल्लेबाजों ने टीम को मजबूत शुरुआत दी। कूपर कोनोली ने भी 38 रन का योगदान दिया।दिल्ली की ओर से माधव तिवारी और मिचेल स्टार्क ने दो-दो विकेट लिए। इस जीत के साथ दिल्ली के 12 मैचों में 10 अंक हो गए हैं, जबकि पंजाब लगातार चौथी हार के बावजूद 13 अंक लेकर चौथे स्थान पर बना हुआ है।

### नेपाल का दौरा कर सकती है इंग्लैंड की क्रिकेट टीम

**लंदन :** इंग्लैंड की क्रिकेट टीम आईसीसी के दौरा कार्यक्रम के 2027-31 के चक्र के दौरान सीमित ओवरों की श्रृंखला के लिए नेपाल का दौरा कर सकती है। ईएसपीएनक्रिकइंफो के अनुसार भारत में टी20 विश्व कप के दौरान दोनों बोर्ड के बीच बैठक में इस पर चर्चा की गई थी। रिपोर्ट में कहा गया है कि इंग्लैंड और वेल्स क्रिकेट बोर्ड (ईसीबी) भारत जैसे देश का दौरा करने से पहले नेपाल के खिलाफ उसकी धरती पर तीन मैचों की टी20 श्रृंखला खेलने पर विचार कर रहा है। वेबसाइट के अनुसार, ''इंग्लैंड की पुरुष टीम नेपाल का दौरा करने वाली शीर्ष स्तर की पहली अंतरराष्ट्रीय टीम बन सकती है, क्योंकि ईसीबी 2027-31 के अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट चक्र में टी20 मैच की श्रृंखला की संभावना तलाश रहा है।''

### टिम डेविड पर 'अश्लील' इशारे के लिए जुर्माना, डिमेरिट अंक भी मिले

**नयी दिल्ली :** रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के ऑलराउंडर टिम डेविड पर मुंबई इंडियंस के खिलाफ आईपीएल मैच के दौरान एक 'अश्लील' इशारा करने के लिए सोमवार को उनकी मैच फीस का 30 प्रतिशत जुर्माना लगाया गया। रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु ने यह मैच दो विकेट से जीता था। इस ऑस्ट्रेलियाई खिलाड़ी को आईपीएल के खिलाड़ियों और टीम अधिकारियों के लिए बनी आचार संहिता के लेवल एक का उल्लंघन करने के लिए दो डिमेरिट अंक भी दिए गए। आईपीएल ने विज्ञप्ति में कहा, ''टिम को आईपीएल की आचार संहिता के नियम 2.6 का उल्लंघन करते हुए पाया गया जो 'ऐसे इशारे का इस्तेमाल करने से संबंधित है जो अश्लील, अपमानजनक या आपत्तिजनक हो'।''

## सनराइजर्स हैदराबाद और गुजरात टाइटंस में रोमांचक मुकाबले की संभावना

**अहमदाबाद :** आईपीएल के निर्णायक दौर में मंगलवार को अहमदाबाद में सनराइजर्स हैदराबाद और गुजरात टाइटंस के बीच होने वाला मुकाबला बेहद रोमांचक रहने की उम्मीद है। प्लेऑफ की दौड़ को देखते हुए यह मैच दोनों टीमों के लिए काफी अहम माना जा रहा है।गुजरात टाइटंस ने शुरुआती खराब प्रदर्शन से उबरते हुए लगातार प्रभावशाली खेल दिखाया है। पिछले मुकाबले में राजस्थान रॉयल्स पर 77 रन की बड़ी जीत के बाद टीम अंक तालिका में तीसरे स्थान पर पहुंच गई। गुजरात, सनराइजर्स हैदराबाद और आरसीबी तीनों के 14-14 अंक हैं, ऐसे में नेट रन रेट निर्णायक भूमिका निभा सकता है।शुभमन गिल और साई सुदर्शन गुजरात की बल्लेबाजी की रीढ़ बने हुए हैं। वहीं जोस बटलर और वाशिंगटन सुंदर मध्यक्रम में टीम को मजबूती दे रहे हैं। गेंदबाजी में मोहम्मद सिराज, कैगिसो रबाडा और राशिद खान विरोधी बल्लेबाजों के लिए बड़ी चुनौती साबित हो सकते हैं।दूसरी ओर सनराइजर्स हैदराबाद की ताकत उसकी विस्फोटक बल्लेबाजी है। अभिषेक शर्मा, ट्रैविस हेड, ईशान किशन और हेनरिक क्लासेन लगातार आक्रामक अंदाज में रन बना रहे हैं। पंजाब किंग्स के खिलाफ टीम ने 235 रन का विशाल स्कोर खड़ा किया था।गेंदबाजी में कप्तान पैट कमिंस की वापसी से टीम को मजबूती मिली है, जबकि श्रीलंका के तेज गेंदबाज ईशान मलिंगा अब तक 16 विकेट लेकर शानदार फॉर्म में हैं।

## डब्ल्यूएफआई से फिर ठनी, प्रतिबंध के बावजूद प्रतिस्पर्धा स्थल पर पहुंची विनेश



**गोंडा :** भारतीय कुश्ती महासंघ (डब्ल्यूएफआई) से नये विवाद की शुरूआत करते हुए विनेश फोगाट ने महासंघ द्वारा लगाये गए प्रतिबंध को धता बताते हुए सोमवार को कहा कि वह संन्यास नहीं लेंगी और राष्ट्रीय ओपन रैंकिंग टूर्नामेंट में भाग लेंगी। उन्होंने पत्रकारों से कहा कि वह डब्ल्यूएफआई के कारण बताओ नोटिस का जवाब दे चुकी हैं और संन्यास से वापसी की पात्रता रखती हैं। वहीं महासंघ ने कहा कि उनके खिलाफ अनुशासनात्मक कार्रवाई पूरी होने तक वह टूर्नामेंट में भाग नहीं ले सकती हैं। राष्ट्रीय महासंघ ने इससे पहले कहा था कि विनेश 26 जून 2026 तक घरेलू टूर्नामेंटों में भाग नहीं ले सकती क्योंकि डोपिंग रोधी नियमों के तहत संन्यास के वापसी के बाद उन्होंने छह महीने का अनिवार्य नोटिस पूरा नहीं किया है। विनेश ने डब्ल्यूएफआई अधिकारियों से मिलने के बाद पत्रकारों से कहा ,'' आप आखिर मुझसे क्या चाहते हैं। क्या मैं संन्यास लेकर परे हो जाऊं। हार मान लूं। ताकि मेरे खिलाफ उनकी साजिश कामयाब हो जाये।'' अयोध्या हवाई अड्डे पर पहुंचने के बाद विनेश ने डब्ल्यूएफआई के कारण बताओ नोटिस का जवाब दिया। उन्होंने दावा किया कि विश्व डोपिंग रोधी एजेंसी (वाडा) की संहिता का रिटायर्ड खिलाड़ियों से जुड़ा नियम 5 . 6 . 1 उन पर लागू नहीं होता क्योंकि वह जून में ही युनाइटेड वर्ल्ड रेसलिंग (यूडब्ल्यूडब्ल्यू) को संन्यास के बाद वापसी के अपने फैसले से अवगत करा चुकी हैं।

### कुश्ती से संन्यास नहीं लूंगी, विनेश ने कहा

विनेश फोगाट ने सोमवार को आरोप लगाया कि भारतीय कुश्ती महासंघ (डब्ल्यूएफआई) में सत्ता में बैठे लोग चाहते हैं कि वह इस खेल को छोड़ दें, लेकिन उन्होंने जोर देते हुए कहा कि वह हार स्वीकार नहीं करेंगी और उन्हें अपने मंसूबों में कामयाब नहीं होने देंगी। डब्ल्यूएफआई ने विनेश को यहां होने वाले राष्ट्रीय ओपन रैंकिंग टूर्नामेंट में हिस्सा लेने के लिए तब तक अयोग्य घोषित कर दिया था, जब तक उनके खिलाफ अनुशासनात्मक कार्रवाई पूरी नहीं हो जाती।

## नितिन मेनन आईसीसी के एलीट अंपायर पैनल में एकमात्र भारतीय

**दुबई :** अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) ने सोमवार को अपनी वार्षिक समीक्षा के बाद 2026-27 अंतरराष्ट्रीय सत्र के लिए मैच अधिकारियों के पैनल में कोई बदलाव नहीं किया जिससे नितिन मेनन एलीट पैनल अंपायरों की सूची में एकमात्र भारतीय बने हुए हैं। अंपायर चयन पैनल की विस्तृत समीक्षा के बाद आईसीसी ने मौजूदा एलीट अंपायरों और मैच रेफरी के पैनल को बरकरार रखा है। नितिन मेनन वर्ष 2020 से एलीट पैनल का हिस्सा हैं। वहीं, भारत के पूर्व तेज गेंदबाज जवागल श्रीनाथ मैच रेफरी के एलीट पैनल में शामिल एकमात्र भारतीय हैं। आईसीसी के मुख्य कार्यकारी अधिकारी संजोग गुप्ता ने यहां जारी बयान में कहा, ''2026-27 सत्र के लिए एमिरेट्स आईसीसी एलीट पैनल को बरकरार रखने का फैसला अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अंपायरिंग की निरंतरता और उच्च मानकों को दर्शाता है। उन्होंने कहा, आईसीसी की ओर से मैं पैनल के सभी सदस्यों को दोबारा चयनित होने पर बधाई देता हूं। अंपायर चयन पैनल में आईसीसी के महाप्रबंधक (क्रिकेट) वसीम खान अध्यक्ष के रूप में शामिल थे। इसके अलावा इंग्लिश प्रीमियर लीग के पूर्व रेफरी माइक राइली, पूर्व अंतरराष्ट्रीय अंपायर और अंपायर कोच पीटर मैनुअल तथा पूर्व अंतरराष्ट्रीय क्रिकेटर और कमेंटेटर संजय मांजरेकर शामिल थे।

## कोमल कोहर ने कांस्य पदक के साथ एशियाई भारोत्तोलन चैंपियनशिप में भारत का खाता खोला

**गांधीनगर :** कोमल कोहर ने सोमवार को यहां एशियाई भारोत्तोलन चैंपियनशिप में महिलाओं के 48 किग्रा वर्ग में कांस्य पदक जीतकर मेजबान भारत के पदकों का खाता खोला। तोक्यो ओलंपिक की रजत पदक विजेता मीराबाई चानू की जगह खेलते हुए 23 वर्षीय कोमल ने धैर्यपूर्ण और संयमित प्रदर्शन करते हुए शानदार खेल दिखाया। उन्होंने कुल 177 किग्रा उठाया जिसमें स्नैच में 78 किग्रा और क्लीन एवं जर्क में 99 किग्रा वजन उठाया। क्लीन एवं जर्क में उनके इस प्रयास ने उन्हें एक अन्य कांस्य पदक दिलाया। इस प्रतियोगिता में एशियाई भारोत्तोलक के कई पारंपरिक दिग्गज खिलाड़ी शामिल नहीं थे जिसका फायदा उठाते हुए चीनी ताइपे ने पहले और दूसरे स्थान पर कब्जा जमाकर अपना दबदबा बनाया। हुआंग यी चेन ने 193 किग्रा (81 किग्रा और 112 किग्रा) के सर्वश्रेष्ठ प्रयास के साथ स्वर्ण पदक जीता जबकि उनकी हमवतन फैंग वान लिंग ने 192 किग्रा (84 किग्रा और 108 किग्रा) के साथ दूसरा स्थान हासिल करते हुए रजत पदक जीता।

## बांग्लादेश के टी20 विश्व कप से हटने की जांच के लिए समिति का गठन किया

**ढाका :** बांग्लादेश ने आईसीसी पुरुष टी20 विश्व कप से अपनी राष्ट्रीय टीम के हटने के कारणों की जांच के लिए तीन सदस्यीय जांच समिति का गठन किया है। यह टूर्नामेंट सात फरवरी से आठ मार्च तक भारत और श्रीलंका की संयुक्त मेजबानी में आयोजित किया गया था। दस मई के सरकारी आदेश के अनुसार, पूर्व अतिरिक्त सचिव डॉ. एकेएम ओली उल्लाह इस समिति के प्रमुख होंगे, जिसमें बांग्लादेश के पूर्व कप्तान और वर्तमान मुख्य चयनकर्ता हबीबुल बशर और उच्चतम न्यायालय के वकील फैसल दस्तगीर भी शामिल हैं। समिति को 15 कार्य दिवसों के भीतर अपनी रिपोर्ट प्रस्तुत करने को कहा गया है। डॉ. ओली उल्लाह ने कहा, हम जल्द से जल्द काम शुरू करने की कोशिश करेंगे और उम्मीद है कि 15 कार्य दिवसों में अपनी रिपोर्ट सौंप देंगे। यह विवाद तब शुरू हुआ जब बांग्लादेश क्रिकेट बोर्ड (बीसीबी) ने सुरक्षा चिंताओं का हवाला देते हुए भारत की यात्रा से इनकार कर दिया था। बताया जाता है कि यह स्थिति उस समय उत्पन्न हुई जब भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) ने कोलकाता नाइट राइडर्स को तेज गेंदबाज मुस्तफिजुर रहमान को उनके इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) अनुबंध से रिलीज करने के लिए कहा था। बीसीबी ने इसके बाद अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) से अनुरोध किया कि उनके मैचों को श्रीलंका में स्थानांतरित कर दिया जाए, लेकिन आईसीसी ने यह मांग अस्वीकार कर दी। इसके बाद उनकी जगह स्कॉटलैंड को उनकी जगह टूर्नामेंट में शामिल किया गया। बांग्लादेश के युवा एवं खेल राज्य मंत्री अमीनुल हक ने पहले कहा था कि सरकार यह जांच करेगी कि क्या टीम का हटना किसी कूटनीतिक विफलता का परिणाम था।

वर्ष 11, पूर्णांक 3589 अंक 055 RNI No WBHIN/2016/66788, सर्वांग प्रकाशन के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक सरोज राय द्वारा रजि. 17, बालमुकुन्द मक्कर रोड, 2सरा तल्ला, कोलकाता-700 007 से प्रकाशित। एल. एस. पब्लिकेशन्स प्रा. लि. 4, कैनल वेस्ट रोड, कोलकाता-700 015 से मुद्रित।
सम्पादक- अनिल कुमार राय (पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए उत्तरदायी), कॉर्पोरेट आफिस : 230, चित्तरंजन एवेन्यू, कोलकाता-700 006, विज्ञापन एवं प्रसार-9874555256/7044444522, ई-मेल news@samagya.in